WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, रविवार, 5 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 263 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

शेर को सवा शेर मिलना ही था। शिवसेना यूबीटी की बैठक में पार्टी के बड़बोले प्रवक्ता संजय राउत की शिव सैनिकों ने बोलती बंद कर दी। उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में ही संजय राउत की बेइज्जती खराब कर दी गई। सोशल मीडिया पर यह खबर भी सरगर्म है कि उनकी कंबल कुटाई कर दी गई थी। यदि वाकई ऐसा हुआ हो तो भी इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में जो करारी शिकस्त मिली है उससे नाराज शिव सैनिकों का गुस्सा किसी पर तो निकलना ही था।

कांग्रेस नेता ने भाई के साथ मिलकर रची पत्रकार की हत्या की साजिश

- तीन गिरफ्तार एक फरार
- पूरे घटनाक्रम को लेकर सियासत तेज, पक्ष-विपक्ष का आरोप-प्रत्यारोप
- डीआईजी एवं एसपी को ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों ने बीजापुर नेशनल हाइवे पर चक्काजाम किया समाप्त

जगदलपुर, बीजापुर/नवप्रदेश। पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में बीजापुर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इनमें मुख्य आरोपी बताए जा रहे सुरेश चंद्राकर के अलावा रितेश चंद्राकर और दिनेश चंद्राकर शामिल भी हैं। तीनों आपस में भाई हैं। पुलिस मामले में जल्द ताजा जानकारी प्रस्तुत करेगी। इधर पूरे घटनाक्रम को लेकर सियासत भी तेज हो गई है। शनिवार की सुबह बीजापुर के नेशनल हाईवे पर बीजापुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले के पत्रकारों ने पहुंचकर सांकेतिक चक्काजाम किया। लगभग एक बजे डीआईजी, कलेक्टर और एसपी ने चक्काजाम स्थल पर पहुंचकर पत्रकारों से चर्चा की। जिसके बाद पत्रकारों ने ज्ञापन देकर चक्काजाम समाप्त कर दिया। तत्पश्चात मृतक पत्रकार का शव अंतिमयात्रा के लिए रवाना हुआ।

भाजपा ने बैज की फोटो की पोस्टः वहीं भाजपा ने कांग्रेस का हाथ अपराधियों के साथ टैगलाइन के साथ पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में आरोपी सुरेश चंद्राकर की छग कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ फोटो सोशल मीडिया में शेयर करते हुए लिखा है कि सुरेश शेष पृष्ठ 6 पर

राजधानी में पत्रकारों का धरना, शांति मार्च

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में राजधानी रायपुर में रायपुर प्रेस क्लब के बाहर आज दोपहर एक बजे से बड़ी संख्या में पत्रकार धरना दे रहे हैं। धरने के बाद राजभवन तक पत्रकार पैदल शांति मार्च की गई।

मंत्री और सांसद पहुंचे मुकेश चंद्राकर के घर

मृतक मुकेश चंद्राकर के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की

जिले के पत्रकार स्वर्गीय मुकेश चंद्राकर के मृत्यु होने की सूचना मिलने पर जिले के प्रवास पर पहुंचे प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप ने मृतक मुकेश चंद्राकर के घर पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुकेश चंद्राकर की हत्या में शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने एवं त्वरित न्याय हेतु आश्वस्त किया। मुकेश के बड़े भाई यूकेश चंद्राकर से हत्या के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किए एवं मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

सीएम ने संवेदना व्यक्त की

सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा, बीजापुर के युवा और समर्पित पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का समाचार अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। मुकेश का जाना पत्रकारिता जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस घटना के अपराधी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

पूर्व सीएम ने की निष्पक्ष जांच की मांग

पत्रकार मुकेश चंद्राकर के साथ सियासत भी होने लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फेसबुक में किए अपने पोस्ट में लिखा है कि, मुकेश के साथ जो हुआ है, वह बेहद दुर्भाग्यजनक है। सिर्फ शब्दों में निंदा करने से क्षति और असुरक्षा का समाधान नहीं हो सकता। सरकार से अनुरोध है कि, त्वरित जाँच हो, दोषियों पर कार्रवाई हो। सरकार को आर्थिक सहायता, नौकरी पर भी निर्णय लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री से सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं निर्देशक प्रकाश झा ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक, कलाकार एवं पटकथा लेखक प्रकाश झा ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रकाश झा के छत्तीसगढ़ आगमन पर उन्हें शाल और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में हिंदी फिल्मों के निर्माण और फिल्म उद्योग के विकास की संभावनाओं के सम्बन्ध में चर्चा की। प्रकाश झा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पसंदीदा फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रकाश झा उन दिग्गज फिल्मकारों में से एक हैं, जो अपनी फिल्मों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को पर्दे पर बखूबी उतारते हैं।

सेना का ट्रक खाई में गिरा... चार जवान शहीद, दो घायल

श्रीनगर(ए.)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में बड़ा हादसा हुआ है। सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार सैनिकों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में शनिवार दोपहर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि फिसलन के कारण सेना का एक ट्रक पहाड़ी से नीचे खाई में गिर गया। इस हादसे में चार जवानों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। इनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यह दुर्घटना बंदीपोरा के सदरकूट पाईन इलाके में हुई जहां सेना का ट्रक फिसलन के कारण खाई में जा गिरा। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के अन्य जवान राहत कार्य में जुट गए। इस घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल, सर्चिंग जारी

बीजापुर /नवप्रदेश । बीजापुर में डीआरजी की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान से वापसी के दौरान तोड़का के पास माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से डीआरजी के तीन जवानों को हल्की चोट आई है। तीनों जवान खतरे से बाहर हैं। सर्च अभियान जारी है।

भाजपा ने दिल्ली में 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपने 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की जिसमें कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) छोडने वाले बड़े नाम भी शामिल हैं। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों को स्वीकृति दी है। पहली सूची में आदर्श नगर सीट से राजकुमार भाटिया, रोहिणी से विजेन्द्र गुप्ता, करोलबाग (सु) से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम, जनकपुरी से आशीष सूद, राजौरी गार्डन से सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, नयी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, कालकाजी से मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के खिलाफ रमेश बिधूड़ी, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय और विश्वास नगर से ओमप्रकाश शर्मा प्रमुख नाम हैं।

तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, छह की मौत

विरुधुनगर (वार्ता) । तमिलनाडु के विरुधनगर के अप्पानाइकेनपट्टी गांव में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्ट्री में हुए शक्तिशाली विस्फोट होने से छह श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार साईनाथ फायरवर्क्स फैक्ट्री में जब श्रमिक फैंसी किस्म के पटाखे बनाने के लिए अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों को मिला रहे थे तभी जोरदार विस्फोट हुआ। शक्तिशाली विस्फोटों की एक श्रृंखला ने चार गोदाम को तहस-नहस कर दिया, जहां तैयार पटाखों और रसायनों का एक बड़ा भंडार था।

सूचना मिलने के बाद सत्तूर से तमिलनाडु अग्निशमन और बचाव सेवा विभाग के कर्मी फैक्ट्री पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मीनाक्षी सुंदरम, शिवकुमार,

कामराज, वेलमुरुगन, कन्नन और नागराज के रूप में हुई है। यह पता लगाने के लिए बचाव अभियान अभी भी जारी है कि मलबे के नीचे कोई और श्रमिक दबा तो नहीं है। मलबे में फंसे शवों को दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए विरुधुनगर सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रसायनों को रखते समय घर्षण के कारण आग लगी। विस्फोट होने के वास्तविक कारण की हालांकि जांच की जा रही है। शेष पृष्ठ 6 पर

महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना पर भाईयों में रार!

विपक्ष का आरोप-ये योजना सिर्फ वोटों के लिए

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र की लाडकी बहिन योजना अपनी शुरुआत के बाद से ही लगातार चर्चा में है। अब एक बार फिर इसे लेकर रार छिड़ गई है। दरअसल सरकार ने योजना की जांच कराने की बात कही है। जिस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के लाभार्थियों की जांच करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले से साबित होता है कि ये योजना सिर्फ विधानसभा चुनाव में वोट पाने के लिए थी। वडेट्टीवार ने दावा किया कि जब पिछले साल चुनाव से पहले इस योजना की घोषणा की गई थी, तो सरकार ने लाभार्थियों के लिए मानदंडों में ढील दी थी।

इस मुद्दे पर शुरू हुई बयानबाजी : कांग्रेस नेता ने कहा, महायुति गठबंधन महिलाओं से वोट चाहता था और अब सरकार कह रही है कि लाभार्थियों की जांच की जाएगी। कई लाभार्थियों को सूची से हटा दिया जाएगा। ये गलत है। संबंधित मंत्री ने यह भी कहा कि अन्य सरकारी योजनाओं की महिला लाभार्थियों को लाडकी बहिन योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

राष्ट्रपति मुर्मु ने केन्द्र सरकार के प्रयासों की सराहना की

बेलगावी (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वास्थ्य देखभाल पहुंच और सामर्थ्य में सुधार के लिए केन्द्र सरकार के ठोस प्रयासों, विशेष रूप से आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना पर प्रकाश डाला है। मुर्मु बेलगावी में एक अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रही थी।

मुर्मु ने लाखों भारतीयों, खास तौर पर कम आय वर्ग के लोगों के लिए कैंसर के इलाज की सुलभता बढ़ाने में इस योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने शुक्रवार देर शाम को कहा, आयुष्मान भारत के तहत हमने कैंसर के निदान और उपचार की शुरुआत के बीच के समय में उल्लेखनीय कमी देखी है जिससे समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित होता है जो बेहतर परिणामों के लिए महत्वपूर्ण है।

सहायता और मजबूत होगीः उन्होंने कहा 'योजना के कवरेज में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने से बुजुर्गों को कैंसर देखभाल सहित किफायती स्वास्थ्य सेवा तक पहुंचने में सहायता और मजबूत होगी।

अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित नवनिर्मित कैंसर अस्पताल एक ही छत के नीचे व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए तैयार है। अस्पताल की उन्नत उपचार सुविधाएँ कैंसर के त्वरित और सटीक उपचार को सुनिश्चित करेंगी।

मोदी की ओर से अजमेर ख्वाजा की दरगाह में पेश की गई चादर

अजमेर(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शनिवार को 11वीं बार चादर चढ़ाई गई।

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरण रिजिजू ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की ओर से ख्वाजा के सालाना उर्स के मौके पर दरगाह में चादर पेश की। श्री रिजिजू ने दरगाह के महफिल खाने में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती के 803 वें उर्स के मौके पर प्रधानमंत्री श्री मोदी की ओर से भेजे गये संदेश को पढकर सुनाया।

श्री रिजिजू के साथ केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी, राजस्थन के मंत्री सुरेश सिंह रावत, भारतीय जनता पार्टी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, भाजपा के जिलाध्यक्ष भी मौजूद थे। इससे पूर्व श्री रिजिजू के अजमेर सर्किट हाउस पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

केजरीवाल पर अमित शाह का हमला

सरकारी गाड़ी-बंगला नहीं लेने वाले के पास 45 करोड़ का शीशमहल

नई दिल्ली(ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह राजनीति में आए तब कहते थे कि हम सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे। मगर आज 45 करोड़ रुपये का शीश महल बना लिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए कामकाजी महिला छात्रावास ब्लॉक सुषमा भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान सुषमा स्वराज को पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में याद किया। वहीं, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह (केजरीवाल) राजनीति में आए तब कहते थे कि हम सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे, सरकारी बंगला नहीं लेंगे। मगर आज 45 करोड़ रुपये का शीश महल बना लिया। बता दें, छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के नाम पर रखा गया है। वो दिल्ली की मुख्यमंत्री भी रही थीं। 'सुषमा भवन' का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि सुषमा जी को पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में सदैव याद किया जाएगा।

45 करोड़ रुपये का शीशमहल खड़ा किया : उन्होंने आप नेता पर निशाना साधते हुए कहा, कुछ बच्चे मुझसे मिलने मेरे घर आए थे। मैंने उनसे पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए शेष पृष्ठ 6 पर

अंबेडकर अस्पताल के वार्ड से बच्चा चोरी, आरोपी गिरफ्तार

- ट्रेन से भागने में नाकाम हुई आरोपी महिला, पुलिस ने दबोचा

रायपुर/नवप्रदेश। एक अज्ञात महिला राजधानी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल से बच्चा चोरी कर ट्रेन से भाग रही थी। पुलिस और अस्पताल के गार्ड ने चलती ट्रेन में चेनपुलिंग कर रोका। जिसके बाद महिला चोर को पकड़कर बच्चे का रेस्क्यू किया गया। मामले में दो महिला चोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं बच्चा को परिजनों में सौंपा गया है। इधर वार्ड से बच्चे गुम होने की बात अस्पताल में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद अस्पताल में हडकंप मच गया। पुलिस और अस्पताल के गार्ड ने समय रहते सीसीटीवी फुटेज की मदद से महिला चोर को पकड़कर बच्चे का रेस्क्यू कर लिया।

एक संदिग्ध महिला ने अस्पताल के वार्ड से एक बच्चा को उठाया और उसे लेकर महिला सीधा रेलवे स्टेशन की ओर पहुंची। इतना ही नहीं बच्चे को लेकर महिला ट्रेन में भी चढ़ गई। बच्चा चोरी की सूचना मौदहापारा थाना को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम और अस्पताल के गार्ड ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर महिला की पहचान की गई। इसके बाद फुटेज शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सरकार की पहल..

225 करोड़ की दी प्रोत्साहन राशि का उपयोग नागरिकों के जीवन को सरल बनाने में किया जाएगा

छत्तीसगढ़ के भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण प्रयासों को भारत सरकार ने सराहा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण के लिए किए गए प्रयासों की केंद्र सरकार ने सराहना की है। छत्तीसगढ़ सरकार की पहल और इसके सकारात्मक प्रभावों को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्य को 225 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की है। छत्तीसगढ़ सरकार को भूमि रजिस्ट्री प्रक्रिया को ऑनलाइन करने और इसे भूमि रिकॉर्ड से जोडने के लिए 150 करोड़ रुपये साथ ही विरासत रजिस्ट्री को डिजिटल कर आम जनता के लिए सर्च सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 75 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि केंद्र सरकार की ओर से राज्य में भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण की सराहना और इसके लिए दी गई प्रोत्साहन राशि हमारे लिए उत्साहवर्धक है। यह राशि हमारे डिजिटलीकरण प्रयासों को और तेज करेगी, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सकेगा।

नई दिशा प्रदान करेगी

सीएम साय ने कहा कि भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण परियोजना छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और शहरी नागरिकों को सशक्त बनाने के साथ ही राज्य में विकास कार्यों को नई दिशा प्रदान करेगी। केंद्र सरकार द्वारा मिली यह सराहना राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इस प्रोत्साहन राशि का उपयोग नागरिकों के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने में किया जाएगा।

मास्टर प्लान में सहायता करेगी

ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के तहत भू-आधार जारी करने, कैडेस्ट्रल नक्शों का सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण और कृषक रजिस्ट्री तैयार करने का काम किया जा रहा है। इससे किसानों को बैंकिंग सेवा, ऋण और सरकारी योजनाओं का सहजता से लाभ मिलेगा। शहरी क्षेत्रों में ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए जीआईएस मैपिंग के माध्यम से भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण किया जा रहा है। यह प्रक्रिया शहरी नियोजन में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के साथ ही मास्टर प्लान तैयार करने में सहायता करेगी।

चीन में नया वायरस एचएमपीवी तेजी से फैला, सांस लेने में दिक्कत, भारत सतर्क

नई दिल्ली (ए.)। चीन में एक बार फिर कोरोनावायरस के जैसा ही एक और वायरस खतरा बनता दिख रहा है। हाल ही के दिनों में चीन से जो वायरल वीडियो सामने आए हैं, उनमें अस्पतालों के बाहर जबरदस्त भीड़ लगे देखा जा सकता है। इससे जुड़ी रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि चीन में इस वक्त संक्रमण फैलने की असल वजह ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) है। एक रिपोर्ट में हॉन्गकॉन्ग के अखबार हॉन्गकॉन्ग एफपी ने दावा किया है कि चीन में यह वायरस तेजी से फैला है और लोगों में बड़े स्तर पर सांस से जुड़ी समस्याएं दर्ज की जा रही हैं। हालांकि, फिलहाल हॉन्गकॉन्ग में इस वायरस से जुड़े मामले कम हैं। इतना ही नहीं चीन में एचएमपीवी के अलावा कुछ और वायरस के भी फैलने की खबरें हैं। इनमें इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लासमा न्यूमोनिए और कोरोनावायरस के दोबारा फैलने से जुड़े दावे शामिल हैं। इसके अलावा कुछ अपुष्ट दावे हैं कि चीन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आपातकाल लगा

दिया है। खासकर एचएमपीवी वायरस, जिसके लक्षण कोरोनावायरस संक्रमण के जैसे ही हैं को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों ने निगरानी बढ़ा दी है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर चीन में जिस एचएमपीवी वायरस के फैलने के दावे हो रहे हैं, वह आखिर है क्या? यह कितना खतरनाक है और इसका इतिहास क्या है? इस वायरस के फैलने पर भारत समेत दुनियाभर के चिकित्सा विशेषज्ञों का क्या कहना है?

ह्यूमन मोटान्यूमोवायरस, जिसे एचएमपीवी के छोटे नाम से भी जाना जाता है, इंसानों की श्वसन प्रक्रिया पर प्रभाव डालने वाला वायरस है। इसकी पहली बार पहचान 2001 में हो गई थी। तब नीदरलैंड के वैज्ञानिकों ने इसका पता लगाया था। यह पैरामाइक्सोविरीडे परिवार का वायरस है।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने कहा लोगों को श्वसन संक्रमण को रोकने के लिए अपनाई जाने वाली सामान्य सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी को खांसी और जुकाम है तो उन्हें दूसरों के संपर्क में आने से बचना चाहिए ताकि संक्रमण न फैले। श्वसन संबंधी अन्य वायरस की तरह यह भी संक्रमित लोगों के खांसने-छींकने के दौरान उनके करीब रहने से फैलता है। कुछ स्टडीज में दावा किया गया है कि यह वायरस पिछले छह दशकों से दुनिया में मौजूद है।

अन्य वायरस की तरह है, जो सामान्य जुकाम : डॉ. अतुल गोयल

इस बीच राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के प्रकोप की हालिया खबरों को देखते हुए देश में श्वसन और मौसमी इन्फ्लुएंजा के मामलों पर करीबी नजर रखे हुए है और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं और विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने कहा कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस सांस से संबंधित किसी भी अन्य वायरस की तरह है, जो सामान्य जुकाम का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि यह युवाओं और अधिक आयु के लोगों में फ्लू जैसे लक्षण पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा, चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के प्रकोप के बारे में खबरें आई हैं। हालांकि, हमने देश (भारत) में श्वसन प्रकोप के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। दिसंबर 2024 के आंकड़ों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। हमारे किसी भी स्वास्थ्य संस्थान से बड़ी संख्या में मामले सामने नहीं आए हैं। मौजूदा स्थिति को लेकर घबराने की कोई बात नहीं है। डॉ. गोयल ने कहा, किसी भी स्थिति में, सर्दी के दौरान श्वसन संक्रमण का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसके लिए आमतौर पर हमारे अस्पतालों में आवश्यक चीजों की आपूर्ति और बिस्तरों की व्यवस्था की जाती है।

एचएमपीवी का किस पर और कितना असर?

यह मुख्य तौर पर बच्चों पर असर डालता है। हालांकि, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों और बुजुर्गों पर भी इसका प्रभाव दर्ज किया गया है। इस वायरस की वजह से लोगों को सर्दी, खांसी, बुखार, कफ की शिकायत हो सकती है। ज्यादा गंभीर मामलों में गला और श्वांस नली के जाम होने से लोगों के मुंह से सीटी जैसी खरखराहट भी सुनी जा सकती है। कुछ और गंभीर स्थिति में इस वायरस की वजह से लोगों को ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया (फेफड़ों में पानी भरना) की स्थिति पैदा कर सकता है। इसके चलते संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ सकती है।

न्यूज गैलरी

गाजा में इजरायली हमलों में चौबीस लोगों की मौत

गाजा (वार्ता)। गाजा पट्टी पर इजरायली युद्धक विमानों द्वारा शुक्रवार को किए गए हवाई हमले में कम से कम 24 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली सेना ने चेतावनी दी कि वह उत्तरी गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी करेगी। गाजा की नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि हवाई हमलों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-शुजाइया पड़ोस के अल-सैयद अली क्षेत्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाया जिसमें चार बच्चों और एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई। बयान में कहा गया है कि इससे पहले दिन में गाजा शहर के पश्चिम में अल-शिफा अस्पताल के प्रवेश द्वार के पास हवाई हमले में पांच लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए।

प्रियंका वाड्रा प्रतिभाशाली लड़की : कर्ण सिंह

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा को लेकर अहम टिप्पणी की है। कर्ण सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने काम के दौरान सीख रहे हैं और सुधार कर रहे हैं। उन्होंने प्रियंका गांधी वाड्रा की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक प्रतिभाशाली लड़की बताया है। कांग्रेस से सबसे वरिष्ठ नेताओ में गिने जाने वाले कर्ण सिंह ने कहा कि, राहुल बहुत अच्छे युवक हैं। मैं उनसे बहुत प्रभावित हूं। कांग्रेस नेता ने आगे बताया कि, राहुल गांधी उनसे करीबी संपर्क में रहते थे, लेकिन हाल ही में उनका मेरा साथ उतना संपर्क नहीं रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। सिंह ने कहा, हर साल उनमें सुधार हो रहा है।

खनौरी बॉर्डर पर किसान महापंचायत

अब तक सात लाख किसान कर चुके आत्महत्या, उनके बच्चों का क्या: डल्लेवाल

जींद (हरियाणा) (ए.)। खनौरी बार्डर पर चल रही किसान महापंचायत में आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्ट्रेचर से लाया गया है। डल्लेवाल शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुके हैं। वह खुद बैठ भी नहीं सकते। उनकी लगातार कमजोर हो रही हालात को देखते हुए, मंच पर स्ट्रेचर से संबोधित करवाया जाएगा। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अब तक सात लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। हम किसानों के नेता हैं, लेकिन किसी ने इन किसानों की मौत या आगे और आत्महत्याएं रोकने के लिए कुछ नहीं किया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल की जान बहुत महत्वपूर्ण है। उस दिन मैंने भी कहा था कि डल्लेवाल की जान तो महत्वपूर्ण है, लेकिन उन सात लाख किसानों के बच्चों का क्या होगा जो अब हमारे बीच नहीं हैं? हालांकि डल्लेवाल बोलने में भी असमर्थ हैं, लेकिन महापंचायत में वह अपनी मांगों को लेकर किसानों को संबोधित जरूर करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी से आहत होकर डल्लेवाल आमरण अनशन कर रहे हैं। डल्लेवाल स्ट्रेचर से ही किसानों को सरकार से लड़ने व अपनी मांगों को मनवाने के लिए अपील करेंगे। इसमें कई किसान संगठनों के लोग शामिल हुए हैं। घने कोहरे के कारण किसान बड़ी संख्या में महापंचायत में पहुंचे हैं।

किसानों की आत्महत्या पर अंकुश लगाना जरूरी

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि किसानों की आत्महत्याओं की घटनाओं पर अंकुश लगाना जरूरी है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि करीब 4 लाख किसानों ने आत्महत्या की है, लेकिन असल में अब तक 7 लाख से ज्यादा किसान दम तोड़ चुके हैं। पंजाब के मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया कि केंद्र को गतिरोध समाप्त करने के लिए प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत करनी चाहिए। खुड्डियां ने चौहान को बताया कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 40 दिनों से पंजाब के खनौरी धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। खुड्डियां ने चौहान से कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री होने के नाते उन्हें इस मामले में व्यक्तिगत रुचि लेनी चाहिए। चौहान शनिवार को बजट पूर्व बैठक के तहत राज्यों के कृषि मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे।

पंजाब और हरियाणा से भारी संख्या में किसान पहुंचे

फिलहाल किसान नेताओं का मंच से संबोधन जारी है। एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसानों के हक और अधिकार, और आंदोलन की आगामी रणनीति पर चर्चा की जा रही है। कई संगठनों के नेता सरकार पर दबाव बनाने के लिए एकजुटता का आह्वान कर रहे हैं। किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध खत्म करके बातचीत शुरू की जाए। पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह ने केन्द्रीय कृषि मंत्री से यह अपील की है। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र ही किसानों को बातचीत के राजी कर सकता है। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ नई मंडीकरण नीति को लेकर बैठक की।

बीजेपी ही वह माचिस की तीली जिसने मणिपुर को जलाया

■ हालिया हिंसा पर कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

नई दिल्ली(ए.)। मणिपुर में तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जैसे ही लगता है कि अब हालात नियंत्रण में है, तभी फिर हिंसा भड़क जाती है। इसे लेकर कांग्रेस लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साध रही है। ताजा हिंसक घटनाओं के बाद विपक्षी पार्टी ने कहा कि पीएम राजधर्म का पालन नहीं करने की संवैधानिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा का मणिपुर में हिंसा को बढ़ावा देने में कोई न कोई स्वार्थ है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही वह माचिस की तीली है, जिसने मणिपुर को जलाया। इसके अलावा उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर ताजा हिंसा के बारे में एक खबर की कटिंग साझा की है। उन्होंने प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, नरेंद्र मोदी जी, आप जनवरी 2022 में मणिपुर का दौरा करने गए थे, वो भी भाजपा के लिए वोट मांगने। जबकि राज्य में तीन मई 2023

को हिंसा भड़की थी। करीब 600 से अधिक दिन बीत गए। मीडिया रिपोर्ट में सैटेलाइट तस्वीरें दिखाई गई हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे एक के बाद एक गांव का सफाया होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कांगपोकपी जिले के पुलिस अधीक्षक पर हमले की घटना भी सामने आई है, जिसमें पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अक्षम और बेशर्म मुख्यमंत्री ने खेद जताया है, मगर राज्य में लोगों को नजरअंदाज कर दिया है। खरगे ने यह भी कहा कि भाजपा का राज्य को अस्थिर रखने में कोई स्वार्थ है। 250 से अधिक निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। लोग 20 महीने से शिविरों में रह रहे हैं। मणिपुर में शांति स्थापित करना केंद्र और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है।

कोहरे के कारण राजधानी-तेजस समेत 54 ट्रेनें घंटों हो रही लेट

■ कई ट्रेनों के समय-सारणी में हुआ बदलाव

नई दिल्ली (ए.)। उत्तर भारत में घने कोहरे के कारण रेल और फ्लाइट सेवा बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। रेलवे के मुताबिक 49 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। दिल्ली, अमृतसर, आगरा, हिंडन, श्रीनगर, लखनऊ, पठानकोट, चंडीगढ़ और ग्वालियर एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी जीरो है। इस बीच रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र से चलने वाली रेलगाड़ियों की समय सारणी में परिवर्तन किया गया है। इससे पहले शुक्रवार को इस सीजन में पहली बार कोहरे ने ट्रेनों के संचालन पर बड़ा असर डाला। लगभग 54 ट्रेनें अपने तय समय से देरी से स्टेशन पहुंचीं। राजधानी, तेजस जैसी सुपरफास्ट ट्रेनें भी रेंगती रहीं और 6 घंटे से 8 घंटे की देरी से स्टेशन पहुंचीं। इस कारण पैसेंजरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रेलवे ने कोहरे के चलते 29 ट्रेनों के खुलने के समय में भी बदलाव

किया गया। रेलवे ने यात्रियों को ट्रेन संबंधित जानकारी के लिए एनटीईएस ऐप या फिर रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139 से अपडेट लेने के लिए कहा है। प्रयागराज से नई दिल्ली के लिए आने वाली 12417 प्रयागराज एक्सप्रेस 7 घंटे की देरी से चल रही है। इसी तरह नई दिल्ली से प्रयागराज के लिए जाने वाली 12418 प्रयागराज एक्सप्रेस 8 घंटे की देरी से चल रही है। इसी तरह नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटरा 22439 वंदे भारत एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से चल रही है। इंदौर से दिल्ली आने वाले इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस भी करीब 3 घंटे देरी से दिल्ली पहुंची। बाबा धाम एक्सप्रेस साढ़े 7 घंटे से भी अधिक देरी से पहुंची। सुबह 6꞉15 बजे पहुंचने वाली नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस साढ़े 7 घंटे की देरी से पहुंची। वहीं, पटना से आने वाली तेजस एक्सप्रेस सुबह 7꞉40 बजे पहुंचती है। यह ट्रेन दोपहर 2꞉38 बजे पहुंची। महाबोधि एक्सप्रेस चार घंटे, वैशाली एक्सप्रेस 8 घंटे, संपूर्ण क्रांति 7 घंटे, पूर्वा एक्सप्रेस साढ़े 8 घंटे की देरी से पहुंचीं। रेलवे का कहना है कि कोहरे की वजह से लगभग 265 स्टेशनों पर विजिब्लिटी 30 से 50 मीटर रह गई थी, जिसकी वजह से ट्रेनों की स्पीड कम हो गई और इसकी वजह से एक के बाद एक ट्रेन लेट होती चली गईं।

सरकारी संस्थानों और शिक्षा पर ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत : राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षा को समाज के हर व्यक्ति का अधिकार बताते हुए कहा है कि सरकार को निजीकरण पर ध्यान देने की बजाए शिक्षा पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाने की जरूरत है और इस पर सरकार को ज्यादा पैसा खर्च करना चाहिए ताकि शिक्षा को बढ़ावा मिले ।

पद्म विभूषण डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का निधन

परमाणु ताकत बनाने में योगदान, पोखरण विस्फोट में निभाई थी बड़ी भूमिका

नई दिल्ली(ए.)। प्रख्यात भौतिक विज्ञानी डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को निधन हो गया। भारत के 1974 और 1998 के परमाणु परीक्षणों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। परमाणु उर्जा विभाग (डीएई) ने उनके निधन की पुष्टि की। वह 88 साल के थे और मुंबई के जसलोक अस्पताल में उनका निधन हुआ। डीएई के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

परमाणु उर्जा विभाग ने जारी किया बयान

डीएई की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, हम बेहद दुख के साथ यह घोषणा कर रहे हैं कि प्रख्यात भौतिक विज्ञानी और भारत के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से एक डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का आज सुबह 3.20 बजे निधन हो गया। भारत की वैज्ञानिक और

रणनीतक क्षमताओं में डॉ. चिदंबरम के अद्वितीय योगदान और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उनके दूरदर्शी नेतृत्व को हमेशा याद किया जाएगा।

पीएम मोदी ने डॉ. चिदंबरम के निधन पर जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर दुख जताते हुए कहा, डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से गहरा दुख हुआ। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूरा देश कृतज्ञता के साथ उन्हें हमेशा याद रखेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करेंगे।

डॉ. चिदंबरम का जन्म 12 नवंबर 1936 को चेन्नई हुआ था और उन्होंने चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज और बंगलूरू के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से पढ़ाई की थी।

किन महत्वपूर्ण पदों पर रहे डॉ. चिदंबरम

अपने करियर में डॉ. चिदंबरम विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर जानलेवा हमला

■ दो सब इंस्पेक्टर सहित एक सिपाही गंभीर जख्मी

दरभंगा (ए.)। बिहार में दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाने की पुलिस पर स्थानीय लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। इसमें दो दारोगा सहित एक सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। हमले के दौरान सब इंस्पेक्टर आरके दूबे और अमित कुमार से सरकारी पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया गया। हमले में घायल सिपाही नीतीश कुमार की

हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है, समस्तीपुर कोर्ट से जारी वारंटी को गिरफ्तार करने गई पुलिस को स्थानीय लोगों ने पहले बंधक बनाया और फिर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र कुमार को पुलिस गिरफ्त से छु?ाकर भगा देने में कामयाब हो गए। इस हमले में घायल दोनों सब इंस्पेक्टर का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है।

घटना के संबंध में बताया जाता है, समस्तीपुर फैमिली कोर्ट से जितेंद्र कुमार के खिलाफ कुर्की जब्ती करने गई पुलिस ने जैसे अभियुक्त को देखा तो गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने थाने के पुलिसकर्मियों को चारो तरफ से घेर लिया और पत्थरबाजी करते हुए हमला दिया। इसमें दो सब इंस्पेक्टर सहित एक सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

इस दौरान हमलावरों ने पुलिस की गिरफ्त से आरोपी जितेंद्र कुमार को भगा दिया है। इसके बाद भारी मात्रा में पहुंची पुलिस पर भी पथराव कर हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस ने आत्मरक्षार्थ एक राउंड हवाई फायरिंग करने की बात मौके पर मौजूद सदर डीएसपी अमित कुमार ने बताई है।

अभिनव पहल... **महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं**

डिजिटल महाकुम्भ के लिए भारतीय रेलवे की अनूठी पहल, रेल कर्मियों की जैकेट से बनेंगे रेल टिकट

■ रेल कर्मियों की जैकेट पर अंकित क्यूआर कोड स्कैन कर बनेंगे रेल टिकट

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 को दिव्य और भव्य के साथ डिजिटल महाकुम्भ बनाने का संकल्प डबल इंजन की सरकार ने लिया है। इस दिशा में भारतीय रेलवे एक अनूठी पहल करने जा रहा है। प्रयागराज रेल मण्डल महाकुम्भ में पहली बार रेलकर्मियों की जैकेट से डिजिटल रेल टिकट बनाने की सुविधा प्रदान करेगा। इस पहल के कारण महाकुम्भ में आने वाले वाले

पहली बार रेलकर्मियों की जैकेट से डिजिटल रेल टिकट बनाने की सुविधा प्रदान करेगा

श्रद्धालुओं को टिकट की लंबी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा। साथ ही रेलवे प्रशासन को भी टिकट बनाने की प्रक्रिया में कुछ राहत मिलेगी। इसके अलावा भारतीय रेलवे ने पहले ही टोल फ्री नम्बर, वेब साइट और महाकुम्भ मेला एप जारी कर डिजिटल महाकुम्भ को सफल बनाने में सार्थक प्रयास किये हैं। महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल ने डिजिटल तकनीक के उपयोग से टिकटिंग प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है। इस बारे में बताते हुए प्रयागराज रेल मण्डल के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान, रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मचारी प्रयागराज जंक्शन पर हरे रंग की जैकेट पहन कर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इन जैकेट्स के पीछे एक क्यूआर कोड अंकित होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे यूटीएस मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करेगा।

प्रयागराज रेल मण्डल की इस पहल से श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पर लंबी लाइनों से बचते हुए आसानी से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट बुकिंग की यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि महाकुम्भ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को टिकट लाइन की समस्या से भी दूर रखेगी। सीनियर पीआरओ ने बताया कि रेलवे कर्मी क्यूआर कोड वाली जैकेट पहनकर रेलवे परिसर में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहेंगे, जिससे श्रद्धालुओं आसानी से टिकट बुक कर सके।

महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा अस्वीकार्य

डीएमके सांसद कनिमोझी भाजपा पर बिफरीं

चेन्नई (ए.)। अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में छात्रा के साथ कथित यौन उत्पीड़न पर डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने शनिवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा अस्वीकार्य है। हमें समाज के रूप में उस बिंदु पर पहुंचना चाहिए जहां महिलाओं के खिलाफ कोई हिंसा न हो। डीएमके सांसद ने इस मुद्दे पर भाजपा समेत विपक्षी दलों की भी तीखी आलोचना की और उन पर मुद्दे को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए

डीएमके सांसद ने कहा कि यह ऐसी चीज है जिस पर हमें शर्म आनी चाहिए। महिलाओं के खिलाफ किसी भी तरह की हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हमें बतौर समाज, उस बिंदु पर पहुंचने की जरूरत है जहां महिलाओं के खिलाफ कोई हिंसा न हो, लेकिन दुर्भाग्य से, ऐसा हुआ है। हमें देखना होगा कि क्या किया जाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि पीड़िता को न्याय मिले।

जिले में इस बार 17 सीटों पर होगा जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव

आरक्षण के बाद तय होगी जिला पंचायत की राजनीति, सदस्यों के बीच रहेगी कांटे की टक्कर

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस बार बिलासपुर जिला पंचायत की राजनीति में काफी फेरबदल होने की संभावना है क्योंकि जीपीएम अलग होने के बाद अब जिले में 17 सीटों पर चुनाव होगी। भाजपा और कांग्रेस समर्थित लोगों का कहना है कि सदस्यों के चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच कांटे की टक्कर रहेगी। अब आरक्षण के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

जीपीएम अलग होने के बाद जिला पंचायत की राजनीति भी अलग हो जाएगी। कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान सहित दो सदस्यों का भाजपा में शामिल हो जाना जिला पंचायत की राजनीति को काफी प्रभावित करेगी और सभी 17 सीटों में एक-दो को छोड़कर भाजपा समर्थित सदस्य ही चुनाव जीतकर आएंगे ऐसा दावा किया जा रहा है। यही स्थिति जीपीएम के 10 सीटों पर है। चूंकि

जीपीएम में कांग्रेस समर्थित सदस्य ज्यादा हैं इसलिए वहां बदलाव आ सकता है, लेकिन बिलासपुर जिला पंचायत में भाजपा के लोगों को पूरा विश्वास है कि हम जीतकर आएंगे।

अध्यक्ष सहित दो सदस्य भाजपा में हुए थे शामिल

जीपीएम अलग होने के पहले बिलासपुर जिला पंचायत में सदस्यों की संख्या 22 थी चूंकि अब जीपीएम अलग होने के बाद जिला पंचायत बिलासपुर में 17 सीटों में चुनाव होना है। पिछले वर्ष कांग्रेस समर्थित सदस्यों को जिला पंचायत बिलासपुर में स्पष्ट बहुमत था उसेक बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, सदस्य राजेश्वर भार्गव, राहुल सोनवानी ने कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। अब 17 सीटों में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना बताई जा रही है। हालांकि जीपीएम अलग होने के बाद भाजपा समर्थित लोग काफी उत्साहित हैं क्योंकि जीपीएम में ज्यादा कांग्रेस समर्थित सदस्य थे और भाजपा दावा कर रही है कि सभी 17 सीटों में हमारी जीत होगी।

> जीपीएम अलग होने के बाद जिला पंचायत बिलासपुर की सीटें प्रभावित हुई हैं। 8 जनवरी के बाद दावेदारी शुरु हो जाएगी। चूंकि मैं अब भाजपा जनता पार्टी में हूं और अब मैं पार्टी के जैसे निर्देश होगा उसी दिशा में काम करूंगा। हालांकि अब जिला पंचायत की राजनीति में कुछ फेरबदल होगा, क्योंकि जीपीएम अलग होने के बाद सीटें कम हुई हैं और मुझे विश्वास है सभी 17 सीटों में भाजपा समर्थित लोग ही जीतेंगे।
>
> **अरुण सिंह चौहान , अध्यक्ष जिला पंचायत**

तारीख तय नहीं ...

भारतीय जनता पार्टी अब तक चुनाव की तारीख तय नहीं कर पाई है इसलिए अभी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन जिस तरह से चुनाव की तारीख भाजपा तय नहीं कर पा रही है इससे स्पष्ट है कि दोनों मुख्य पार्टी कांग्रेस और भाजपा में कांटे की टक्कर रहेगी।

संदीप यादव, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र. 05 बिल्हा

न्यूज गैलरी

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या मामले में बिलासपुर प्रेस क्लब ने सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिलासपुर प्रेस क्लब ने इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा के लिए शनिवार को आपात बैठक बुलाई, जिसमें घटना की निंदा और भविष्य में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की गई। प्रेस क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में इस हत्याकांड की जांच कराने की मांग की। पत्रकारों ने कहा कि निष्पक्ष जांच के बिना इस हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाना संभव नहीं है। बैठक के दौरान मृतक पत्रकार मुकेश चंद्राकर को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

एसपी की समझाइश के बावजूद फाइनेंस कंपनियों का कारनामा

फाइनेंस कंपनी के एजेंट के खिलाफ लूट का मामला दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में फायनेंस कंपनियों की गतिविधियों को नियंत्रित करने और उनके कामकाज को कानून के दायरे में रखने के लिए एसपी रजनेश सिंह के निर्देशन में 2 दिसंबर 2024 को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में सभी फायनेंस कंपनियों को वाहनों की सिजिंग (ज़ब्ती) की प्रक्रिया को कानून के तहत पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए थे।

साथ ही, गोल्ड लोन देने वाली कंपनियों और रिकवरी एजेंटों के चरित्र सत्यापन तथा उनके व्यवहार को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए थे। फायनेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में पुलिस द्वारा दिए गए सभी निर्देशों और नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया था। लेकिन इसके बावजूद, जिले में नियमों की अवहेलना का मामला सामने आया है। 2 जनवरी 2025 को थाना कोनी क्षेत्र में टाटा मोटर्स फायनेंस लिमिटेड के एक प्रतिनिधि द्वारा ईएमआई जमा न होने के कारण ट्रक जब्त करने के नाम पर लूट की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी सोहेल खान और अन्य के खिलाफ अपराध क्रमांक 05/2025, धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वर्तमान में फरार है और उसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपी और घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों की अनदेखी करने वाली कंपनियों और व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना फायनेंस कंपनियों और उनके प्रतिनिधियों द्वारा कानून के पालन में लापरवाही और गलत तरीकों के उपयोग को उजागर करती है। पुलिस प्रशासन ने सभी फायनेंस कंपनियों से पुनः अपील की है कि वे सिजिंग जैसी कार्रवाई करते समय उचित प्रक्रिया का पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नियमानुसार ऋण वसूली करें

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र जायसवाल ने कहा कि सीजिंग के पहले फाइनेंस कंपनी थाना में सूचना दें और ऋण वसूली नियमानुसार करें। फायनेंस कंपनियों की ऐसी गतिविधियां न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती हैं, बल्कि आम जनता के अधिकारों का भी हनन करती हैं।

परीक्षा समय सारणी में बदलाव करने परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आयोजित होने वाली परीक्षा 8 जनवरी से 6 फरवरी तक है परंतु विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्रा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने 9 से 19 जनवरी तक बाहर जा रहे हैं साथ ही 6,7,8,9,10,15,16 जनवरी तक यूजीसी नेट की परीक्षा भी आयोजित हो रही है जिससे बहुत सारे छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने में कठिनाई होगी एवं वंचित रह जाएंगे जिस हेतु आशीर्वाद पैनल से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छात्रसंघ सचिव मनीष मिश्रा के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा को 20 जनवरी 2025 के बाद आयोजित करने की मांग की गई, जिसे परीक्षा नियंत्रक ने मानते हुए जल्द ही बैठक लेकर निर्णय लेने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय सचिव मनीष मिश्रा, बृजमोहन सिंह, सचिन सूर्या, राज वर्मा, समर्थ मिरानी, विकास विश्वकर्मा, राहुल समुद्रे, निखिल सिंह, सुभ उपाध्याय, राहुल, राम, ओंकार, कमलेश, हेमंत, पार्थ, पीयूष, अब्बास, सिरिसा, मुस्कान ऊर्वशी, अंकिता, अदिति, प्राकृति, मीनाक्षी, नैना आदि उपस्थित थे।

डबल इंजन की सरकार विकसित भारत के सपनों को साकार कर रही: तोखन

- **केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर के सांसद तोखन साहू ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया**

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू आज जीपीएम जिले के प्रवास मे थे। जहां उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किये। गर पालिका परिषद पेंड्रा में वर्ष 2024 - 2025 हेतु स्वीकृत विकास कार्यों का भूमिपूजन (लागत राशि 3 करोड़) एवं शासकीय मल्टीपरपज स्कूल पेंड्रा के एसेंबली हाल रेनीवेशन कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम (लागत राशि 53.26 लाख) को जनता के लिए समर्पित किये। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार विकसित भारत के सपनों को साकार करने के लिए लगातार जनहित के कार्यों को सक्रियता से पूरी कर रही है। मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन से हमारा छत्तीसगढ़ संवर रहा है। श्री साहू ने पेंड्रा के वार्ड नंबर 3 में माता चौरा भवन निर्माण के लिए 5 लाख राशि का घोषणा किये। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक प्रणव कुमार मारपच्ची, जन प्रतिनिधि सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य जनता उपस्थित रहे। जिला साहू संघ जीपीएम के द्वारा केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू का अभिनंदन किया गया। साथ ही मां कर्मा के नाम पर डाक टिकट जारी होने पर नर्मदांचल साहू समाज ने श्री साहू के प्रति आभार व्यक्त किये।

केंद्रीय राज्यमंत्री साहू ने किया वाइल्ड लाइफ पर केंद्रित टेबल बुक का विमोचन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने एक टेबल बुक का आज विमोचन किया। वर्ष 2025 के इस टेबल बुक सह कलेंडर में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर और वरिष्ठ पत्रकार शिरीष डामरे की खींची हुई तस्वीर लगाई गई हैं। टेबल बुक में चार ऐसी चिड़ियों की दुर्लभ तस्वीर है, जिसमें रिसर्च के लिए टैग लगाई गई है। इनमें से एक लेजर सेंड फ्लोवर जिसमें मुंबई में टैग किया गया था। दूसरा बार हेडेड गुज है, जिसे मंगोलिया में टैग किया गया था जो हिमालय पार करके बिलासपुर पहुंची थी। तीसरा यूरेशियन विंब्रेल है, जिसे मेडागास्कर के आइसलैंड में टैग किया गया था। जो सात समुंदर पार करके बेमेतरा पहुंची थी।

क्रिकेट स्पर्धा के समापन में शामिल हुए अरविंद

मस्तूरी/नवप्रदेश। विगत दिनों पूर्व विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-पंचायत डंगनिया, पेंड्री, बिटकुला, हरदूली, थेम्हापार, मटिया में अयोजित गुरु पर्व जयंती एवं श्रीमद् भागवत पुराण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की कामना किया एवं ग्राम-पंचायत केंवटाडीह (भुतहा) में क्रिकेट प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण शिविर का 45 छात्र-छात्रों ने उठाया लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के द्वारा रोजगार के साधन उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 15 दिनों का निःशुल्क स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमे सभी वर्ग के युवक युवतियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने इस आयोजन की बधाई देकर सराहना करते हुए कहा, कि किसी भी प्रशिक्षण में भाग लेना और उसमें प्रथम द्वितीय तृतीय आना उतना ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं है। जितना इस तरह के शिविर में भाग लेकर प्रतिभा को निखारना हैं , इसके पूर्व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, आत्मरक्षा ताइकांडो शिविर, हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर, टिकाकरण शिविर एवं व्यापार को आगे बढ़ाने इनका प्रयास काबिले तारीफ है। शुभकामना देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संगठित रहकर ही देश को सशक्त व सुदृढ बनाया जा सकता है। शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने बच्चों को देश की मुख्यधारा से जुड़ने आह्वान किया। इस दौरान सभी व्यापारी के लगभग 45 छात्र-छात्रों, युवती-युवाओं को स्पोकन अंग्रेज़ी बोलना का निन्शुल्क प्रशिक्षण दीया गया, ठण्ड को देखते हुए क्लास को सुसज्जित बनाया गया। प्रशिक्षण शिविर सेंटर ऑफ इंग्लिश, स्वामी आत्मानंद स्कूल, गांधी चौक के पास, जूना बिलासपुर स्थित सेंटर के संचालक मयंक जायसवाल का आभार व्यक्त किया गया।

शिक्षा के बदलाव को स्वीकार कर गुणवत्ता को स्थापित करना ही उद्देश्य: कुलपति

सीवीआरयू में डिजाइन एंड डेवलपमेंट विषय पर वर्कशॉप

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ़ सेल्फ लर्निंग मैटेरियल एंड माक्स का ओडीएल एजुकेशन विषय पर पांच दिवसी वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है. इन पांच दिनों में देश भर के विषय विशेषज्ञ विश्वविद्यालय के प्राध्यापको को प्रशिक्षण देंगे. इसमें मुख्य रूप से प्रोफेसर पूजा चतुर्वेदी रविंद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल, डॉ आशुतोष भट्ट उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय, डॉ सुमित प्रसाद उत्तराखंड ओपन विश्वविद्यालय, डॉ पुष्कर दुबे विभाग अध्यक्ष मैनेजमेंट पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, एवं डॉ अभिषेक पाठक सीवी रमन विश्वविद्यालय ,डॉ राकेश यादव ,डॉ सतीश साहू जानकारी प्रदान करेंगे ,यह आयोजन सीआईक्यूए और इंस्टीट्यूट आफ ओपन एंड डिस्टेंस एजुकेशन द्वारा आयोजित किया किया जा रहा है। इसके शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय होता है जब हम किसी शिक्षण संस्थान में काम करते हैं और हमें शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा तेजी से बदल रही है, और इसके विभिन्न रूपों में बदलाव हो रहे हैं. खासकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद से टीचिंग लर्निंग, करिकुलम, एसएलएम सहित सभी विषयों में बदलाव हैं . उन्होंने कहा कि इस बदलाव को स्वीकार करते हुए हमें उसमें गुणवत्ता को स्थापित करना ही उद्देश्य है. इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

पार्षद रविंद्र ने वार्ड के गार्डनों को संवारा, पाथवे का हो रहा निर्माण

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के वार्ड नंबर 27 विनोबा नगर के आर 8 गली गार्डन व सरस्वती पार्क पूर्व पार्षद विभा सिंह गली गार्डन सहगल गली गार्डन एवं सुमंगलम अपार्टमेंट के पास के उद्यान को जहां 10 लाख महापौर निधि से रंग रोगन किया गया। वहीं पांच लाख की राशि पार्षद निधि से रविन्द्र सिंह ने उद्यानों में कुर्सी की व्यवस्था किया है। अब नगर निगम के द्वारा सभी उद्यानों का पाथवे का निर्माण किया जा रहा है। रंग रोगन के साथ ही जीर्णोद्धार कार्य भी जारी है। गार्डन में विकास कार्य को देखते हुए वार्ड के विकास समिति के गणमान्य नागरिक अशोक तिवारी राधे श्याम परिहार रामू शुक्ला शिवा मुदलियार जवाहर सचदेव हरीश तिवारी के पी पांडे शत्रुघन यादव तारकेश राव शैलेश बाजपेई मदन अग्रवाल प्रभाकर राव बृजेश सिंह चन्द्रनाथ चटर्जी चंद्रहास आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

समीक्षा

कलेक्टर ने की धान खरीदी की प्रगति की समीक्षा, किसानों को 1073 करोड़ रुपए का भुगतान

अब तक 4.67 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी, उठाव में तेजी, 50 प्रतिशत हो चुका उठाव

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने कोचियों और दलालों के खिलाफ कार्रवाई में और तेज़ी लाने के निर्देश दिए। गड़बड़ी की संभावना वाले खरीदी केन्द्रों की सूची सौंपकर इन पर निगरानी बढ़ाने को कहा है। धान खरीदी का मौसम चूंकि अब अपने उच्च स्तर पर पहुंच चुका है, लिहाज़ा नोडल अधिकारी पूरे समय केन्द्र में बैठकर अपने समक्ष खरीदी कराएं और रिपोर्ट दें। राज्य सरकार का फिलहाल सबसे बड़ा काम किसानों से सफलता पूर्वक धान खरीदी करने का है। इसमें किसी भी स्तर पर गड़बड़ी अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने बताया गया कि जिले में अब तक सुव्यवस्थित तरीके से खरीदी कार्य चल रहा है। उठाव की मात्रा भी बढ़कर 50 फीसदी हो चुका है। खरीदी केंद्रों में धान रखने जगह की कमी नहीं है। 3 जनवरी तक जिले में 4.67 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। लगभग 96 हजार किसान अपना धान समीप स्थित केन्द्रों पर बेच चुके हैं। किसानों को उनके ऊपज के एवज में 1073 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

अधिकारियों से फीडबैक लिया

कलेक्टर ने फील्ड में दौरा कर रहे अधिकारियों से फीडबैक भी लिया। उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। उन्होंने। उप पंजीयक सहकारिता को गड़बड़ी कर रहे समिति के कर्मचारियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम पीयूष तिवारी, एसडीएम एसएस दुबे, जिला खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया, उप पंजीयक सहकारिता मंजू पाण्डेय, सहकारी बैंक के सीईओ सुनील सोढी, डीएमओ शंभू गुप्ता सहित एसडीएम और तहसीलदार वीसी के जरिए शामिल हुए।

सुनो भाई उधो

जाथौ , सुरता राखे रहिबे ना..!

परमानंद वर्मा

तोर होगे आती, मोर होगे जाती।
रेंगत-रेंगत आंखी, मार दिए गोंदा फूल।
*का तंय मोला मोहिनी डार दिए ना..! –**स्व. बद्रीविशाल 'परमानंद***

नवागत साल और नई बहुरिया का हर कोई स्वागत, अभिनंदन करता है और मृत्यु शैय्या पर पड़ी अंतिम सांसे गिन रही होती है उनको भी आदरपूर्वक विदाई दी जाती है। यह परिपाटी है संसार और समाज की। लेकिन विदाई का दुख तो होता ही है। आना-जाना तो लगा ही रहता है, समय किसी के लिए ठहरता कहां हैं, नया आता है तो पुराने को हटना ही पड़ता है। साल चौबीस चला गया और पच्चीस के आने पर जश्न मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी में पढ़िये इसी पर यह आलेख...

- मंय जाथौं।
- कहां, काबर?
- नहीं, मोर दिन पूरा होगे।
- कोन कहिथे?
- के हे ले नइ लगे, नौ ले दस आथे के नहीं?
- हां।
- तब एमा समझाय अउ बताय के का जरूरत हे?
- तोर बात मोर समझ नइ परत हे।
- एमा समझ अउ नइ समझ के का बात हे?
- बने फोर के बता, मोर भेजा मं तोर बात घुसरत नइहे?
- बहुत सरल, अउ सीधा गनित हे।
- तोर बर हो सकत हे, फेर मोर बर पहाड़ होगे हे।
- निच्चट अक्कल के दुसमन हस का, भेड़ी के दूध पीके बाढ़े हस का? - अइसे काबर कहिथस, सब झन जइसे अपन दाई के दूध पीके बाढ़े हे, तइसने महूं पले-बढ़े हौं।
- तब महतारी के दूध तो अमरित बरोबर होथे, ओमा तो अक्कल-बुध अउ गियान भरपूर गुन होथे। - तब पिये तो हौं, महतारी के थन ला धर के दूध ला। - तब मोर बात तोर भेजा मं कइसे नइ घुसरत हे?
- मंय का जानौ?
- थोकन बने चेत कर ना, अक्कल ला जोर दे, समझ मं आ जही मोर बात। - अच्छा के हे हस सुन ना एक घौं फेर बने ढंग ले तो बता?
- नौ ले दस आथे के नहीं?
- हां, यहू भला कोनो पूछे के बात हे?
- सुरूज बुड़थे तब चंदा उगथे नहीं?
- हां उगथे, अंधियारी रात आथे।
- अरे तब उही बात ला तो तोला जनावत हौं?
- अइसे ये कोन से बड़े बात हे तेमा मोला तंय बेंझा के रख दे हस। एहर कोनो पूछे के बात हे?
- ये कोनो नानकुन बात नोहे, एमा बहुत बड़े दरसन हे?
- दरसन, कोन से बड़े दरसन?
- अरे गियान, विगियान अउ धरम के बात हे। - देख मोला बेंझा झन, जादा मं मोर मति छरिया जही। - अतकी कन बात ला पहाड़ झन बना। - समझबे तब पहाड़ हे, नइ समझबे तब धुर्रा हे।
- वो कइसे?
- ले छोड़ ए सब बात ला, मोर बात तोर समझ मं नइ आवय, एला तंय समझ नइ सकस, मंय समझगेंव। - तब जइसे मं समझा, वइसने समझा न रे भई। - अच्छा ये बता, ये दुनिया में आना-जाना लगे हे के नहीं? - हां ओ तो हे, कोनो आवत हे तब कोनो जावत हे। - बस इही बात तो आय, अब तोर अक्कल् पटरी मं आवत हे, तइसे लगत हे।
- वो कइसे? - शुरू मं मंय केहेंव, मंय जाथौं तब तोर चेत हेरागे, बात समझ नइ परिस, बुद्धि ले फिसलगे। - हां, सही तो आय, केहे तउन हा। - अरे बइहा, जाथौं केहे के अरथ इही रिहिसे- काल, समे, घड़ी के कांटा निस दिन खिसलत रहिथे, एके तीर नइ खड़े राहय।
- ओला तो महूं जानत अउ समझत हौं। तब एला अतेक सुजानिक बरोबर बढ़ाय-चढ़ाय् के का बात रिहिसे? - कोनो बात ला समझाय के पहिली ओकर भूमिका बांधे ले परथे जी, हर्रस-भर्रस अइसने थोरे पथरा कचारे असन कहि देबे?
- ले हां बता, का बात हे तेला, मोला तंय समझाना चाहत हस?
- बात तो उही हे- काल, समे अउ घड़ी। - हां ता..! - जाथौं काहत हौं एकर मतलब ये हे के मोर जाय के पारी आगे हे, अवरदा (उम्र) पूरा होगे। अब मोर जघा मं कोनो दूसर अवइया हे।
- कोन अवइया हे? - अरे पहिली सिंहासन ला तो खाली होवन दे।
- कोन खाली करही? - अरे उही जउन बारा महीना राज करे हे?
- कोन राज करे हे? - तंय निच्चट अड़हा हस का जी? अरे सन् चौबिस हर राज करिस। ओकर साल पुरगे। ओ खाली करही तब ना दो हजार पच्चीस हर आही। अच्छा... अच्छा... नवा साल के बात करत हस गा, अइसे काह ना, घुमा-फिरा के बात ला बेंझावत काबर बतावत हस।
- हां नवा साल... नवा बछर के अगोरा हे, सब ओकर सुआगत के तइयारी मं लगे हे। - कहूं सन् चौबिस ढेकाचाली कर देही, सिंहासन ला खाली नइ करही अउ इंदिरा गांधी जइसे इमरजेंसी लगा दिही तब?
- ककरो ताकत नइहे संगवारी जउन काल के पहिया रोक सकय? ओ काल हे काल... महाकाल।
- डेरवा झन, अतेक बड़े महाकाल रिहिसे तब इंदिरा के तो ओहर कुछु नइ बिगाड़ सकिस, कहां करिस सिंहासन खाली?
- नइ करिस खाली, तेकर सेती ओकर का हाल होइस तेला नइ देखे, सुने हस का? - हां ओ बात तो हे, सही काहत हस।
- काल, ओ महाकाल ओला कइसे निगलगे, काल अउ समे से कोनो ला खेलना नइ चाही। अवरदा पूरा होगे तब समे राहत जघा ला खाली कर देना चाही। इही मं सबके भलाई रहिथे!
- नीक बात तो आय, बतावत हस तौन हा, फेर कतको अप्पत, अपेलहा होथे, अड़ जथे, मोर का कर लिही, तउन मन ला समे हा मजा चखा देथे। कोनो होय बिदाई के जब बेरा आथे तब दुख तो थोकन लागबे करथे, चाहे बेटी के बिदाई के बखत होवय चाहे मौत के शैय्या मं पड़े मनखे होय, चाहे गुजरत साल के... भारी दुख लगथे। फेर जाना तो परबे करथे। कोनो रोक नइ सकय। विधि के विधान हे, बचपन ले जवानी, जवानी ले बुढ़ापा अउ बुढ़ापा ले जरा अवस्था। आखिर मं जिहां ले आय हे तिहां तो जाना परथे। एमा दुख-सुख के कोनो बात नइ होना चाही।

जाती-बिराती

माटी कहे कुम्हार से, तू का घेरे मोहि।
एक दिन ऐसा आएगा, मंय घेरूंगा तोहि।।

आज का पंचांग

सूर्य : धनु, चंद्र : कुंभ, मंगल : कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि: कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

सूर्योदय : 07:09, सूर्यास्त: 17:55, चन्द्रोदय: 10:30, चन्द्रास्त : 22:22, अयन : उत्तरायण, ऋतु : शिशिर, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) पिंगल, युगाब्द (कलि संवत) : 5125, मास : पौष, पक्ष शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पूर्व भाद्रपद, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : बव (10:51 तक), द्वितीय करण : बालव (22:00 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:10 से 12:54, अमृत काल 14:29 से 26:01, रवि योग : 21:23 से 31:09+, विजय मुहूर्त : 14:20 से 15:03, गोधूलि मुहूर्त : 17:52 से 18:19, सायाह्न सन्ध्या : 17:55 से 19:14, निशिता मुहूर्त : 24:06+ से 24:59+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:23+ से 30:16+, राहुकाल : 16:30 से 18:00, गुलिक काल : 07:09 से 08:30, यमगण्ड : 13:53 से 15:13, दुर्मुहूर्त : 07:09 से 07:52, राहुवास : पूर्व, होमाहुति : बुध।

अनंत काल से होता रहा है महाकुंभ का आयोजन

श्रवण शुक्ला

प्रयागराज में इस साल महाकुंभ मेले का भव्य आयोजन हो रहा है, जो हर 14 साल में एक बार होता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम पर आयोजित इस मेले को धार्मिक आस्था और भारतीय संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से इस मेले में भाग लेने आ रहे हैं। महाकुंभ में संगम पर स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दौरान स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मेले में साधु-संतों और नागा साधुओं के अखाड़े भी हिस्सा लेते हैं।

यह महाकुंभ न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि भारतीय संस्कृति और एकता का उत्सव भी है। इस बार प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले को महाकुंभ कहा जा रहा है, ऐसा क्यों है? कुंभ, अर्ध कुंभ, पूर्ण कुंभ और महाकुंभ में क्या अंतर होता है और इनकी खगोलीय गणना किस आधार पर की जाती है, इस लेख के माध्यम से आपको समझाते हैं।

महाकुंभ मेला भारतीय संस्कृति का ऐसा पवित्र उत्सव है, जिसकी गूँज प्राचीन ग्रंथों से लेकर आधुनिक युग तक सुनाई देती है। यह मेला न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि भारतीय दर्शन, परंपरा और खगोलीय विज्ञान का अद्भुत संगम भी है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश की बूंदें हरिद्वार, प्रयागराज (इलाहाबाद), उज्जैन और नासिक के पवित्र स्थलों पर गिरीं। यही कारण है कि इन चार स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है।

खगोलीय गणनाओं के आधार पर कुंभ और महाकुंभ का आयोजन अनंत काल से होता रहा है। विष्णु पुराण में इस बात का उल्लेख है कि जब गुरु कुंभ राशि में प्रवेश करता है और सूर्य मेष राशि में होता है, तो हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है। इसी प्रकार, जब सूर्य और गुरु सिंह राशि में होते हैं, तो नासिक में कुंभ लगता है। उज्जैन में कुंभ तब होता है जब गुरु कुंभ राशि में प्रवेश करता है। प्रयागराज में माघ अमावस्या के दिन सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में होते हैं और गुरु मेष राशि में होता है। इस खगोलीय गणना का सटीक पालन आज भी किया जाता है।

अर्ध कुंभ

अर्ध कुंभ एक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जो हर छह साल में हरिद्वार और प्रयागराज में होता है। यह आयोजन गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर होता है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यधिक पवित्र माना जाता है। अर्ध कुंभ का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि इसे कुंभ मेले का आधा चक्र माना जाता है। इसमें लाखों श्रद्धालु स्नान करने के लिए आते हैं, क्योंकि यह मान्यता है कि इस दौरान संगम में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके आयोजन का समय भी खगोलीय गणनाओं पर आधारित होता है। जब बृहस्पति वृश्चिक राशि में और सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, तब अर्ध कुंभ का आयोजन होता है।

कुंभ मेला

कुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है, जो हर 12 साल में चार स्थलों- हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में आयोजित होता है। इसे भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक माना जाता है। कुंभ मेले की पौराणिक कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है, जिसमें अमृत कलश के लिए देवताओं और असुरों में संघर्ष हुआ था। आयोजन का मुख्य आकर्षण पवित्र नदियों में स्नान है, जिसे अमृत स्नान कहा जाता है। यह मेला भी खगोलीय गणनाओं पर आधारित होता है। जब बृहस्पति सिंह राशि में और सूर्य मेष राशि में होता है, तब कुंभ मेले का आयोजन होता है। इसके अलावा, अन्य ग्रहों की स्थिति भी इसकी तिथि निर्धारण में महत्वपूर्ण होती है।

पूर्ण कुंभ

पूर्ण कुंभ मेला कुंभ मेले का ही विस्तार है, जो हर 12 साल में प्रयागराज में आयोजित होता है। पूर्ण कुंभ को कुंभ का पूर्ण रूप माना जाता है और इसका महत्व अन्य कुंभ मेलों से अधिक है। पवित्र नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर होने वाले इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति है। पूर्ण कुंभ का आयोजन शास्त्रों और पुराणों में वर्णित है। पूर्ण कुंभ मेले में लाखों श्रद्धालु और साधु-संत भाग लेते हैं। विशेष रूप से नागा साधु और अखाड़ों का योगदान महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, हवन, कथा वाचन और प्रवचन होते हैं। पूर्ण कुंभ का आयोजन भी खगोलीय गणनाओं के आधार पर होता है।

महाकुंभ में 5 प्रमुख स्नान पर्व होंगे, जिनमें 3 राजसी स्नान शामिल हैं

पौष पूर्णिमा (13 जनवरी 2025): कल्पवास का आरंभ।

मकर संक्रांति (14 जनवरी 2025): पहला शाही स्नान।

मौनी अमावस्या (29 जनवरी 2025): दूसरा शाही स्नान।

बसंत पंचमी (3 फरवरी 2025): तीसरा शाही स्नान।

माघी पूर्णिमा (12 फरवरी 2025): कल्पवास का समापन।

महाशिवरात्रि (26 फरवरी 2025) महाकुंभ का अंतिम दिन।

महाकुंभ

महाकुंभ मेला भारतीय धार्मिक आयोजनों का सबसे बड़ा पर्व है, जो हर 144 साल में केवल प्रयागराज में आयोजित होता है। इसे कुंभ मेले का सबसे पवित्र और महत्त्वपूर्ण रूप माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, इस मेले में संगम पर स्नान करना आत्मा को पवित्र और पापों से मुक्त करता है। महाकुंभ का आयोजन खगोलीय गणनाओं पर आधारित होता है। जब बृहस्पति, सूर्य और चंद्रमा एक विशेष स्थिति में होते हैं, तब इसका आयोजन होता है। खास बात ये है कि महाकुंभ का आयोजन 12 पूर्ण कुंभ के साथ यानी हर 144 साल में होता है, वो भी सिर्फ प्रयाग में। साल 2013 में प्रयागराज में आखिरी बार पूर्ण कुंभ का आयोजन हुआ था। इस बार महाकुंभ का 12वाँ अवसर यानी 144वाँ साल है, इसलिए इस पूर्ण कुंभ को महाकुंभ कहा जा रहा है। हर 144 साल आयोजित होने वाले महाकुंभ को देवताओं और मनुष्यों के संयुक्त पर्व के रूप में देखा जाता है। शास्त्रों के अनुसार, पृथ्वी का एक वर्ष देवताओं के एक दिन के बराबर होता है। इसी गणना के आधार पर 144 वर्षों के अंतराल को महाकुंभ के रूप में मनाया जाता है।

कुंभ मेले का हर प्रकार अर्ध कुंभ, कुंभ पूर्ण और महाकुंभ हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन आयोजनों के पीछे पौराणिक और ज्योतिषीय मान्यताएं हैं जो उनकी विशेषता को और भी बढ़ा देती हैं। महाकुंभ का आयोजन केवल प्रयागराज में होता है जो इसे और भी खास बनाता है। 2025 का महाकुंभ न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र होगा बल्कि अब भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का भव्य प्रदर्शन भी करेगा।

व्यंग्य रचना: मूंछें मेजर छेदीलाल की

डॉ. किशोर अग्रवाल

वैसे तो बनिया जाति के लोग फौज और पुलिस जैसे मारधाड़ वाले कामों में जाना पसंद नहीं करते किंतु छेदीलाल अग्रवाल न केवल फौज में भर्ती हुए अपितु वे बाकायदा 60 की उम्र में रिटायर होकर घर में बैठे थे। उम्र का कोई बहुत अधिक असर उन पर हुआ नहीं दिखता था। वह 60 की उम्र में भी 45- 50 साल के बांके नौजवान की तरह हाथ में सोंटा और तनी हुई मूंछें लेकर जब बाजार में निकलते तो ऐसा लगता कि पारे की एक लकीर सी सड़क पर खिंच गई हो। उनके बगल में एक झोला लटका हुआ होता जिसमें कुछ पेन,कोरे कागज और एक रबड़ की सील जिसमें न जाने किस भ्रष्टाचार निवारक संस्था का नाम लिखा था ,पड़ी रहती थी। सेवानिवृत्ति का समय बिताने के लिए उन्होंने समाज सेवा का बीड़ा उठाया था और इसमें और अधिक कुछ करने लायक तो वह बचे नहीं थे इसलिए उन्होंने ढूंढ ढूंढ कर शिकायतें लिखने और उन्हें विभागों में देने का काम संभाला था। यह इनका अपना स्वतः स्फूर्त काम था। इसे उन पर किसी ने थोपा ना था इसलिए वह इस काम को बड़े मनोयोग से करते थे। वह शिकायत करने में किसी को भी नही बख्शते थे। उनकी नजर में जो कुछ भी अनुचित घट रहा होता उसकी शिकायत करना उनका ईश्वर प्रदत्त दायित्व है ऐसा मानकर वह उसे तत्काल शिकायत के रूप में लिखकर उस कार्य के विभाग में प्रस्तुत कर ही दिया करते थे। उनके न केवल मित्र बल्कि और दूसरे जो जानकार थे वे भी इनकी इन आदतों का खूब मजा लिया करते थे। जब वह तनी हुई मूंछें लेकर बाजार में निकलते तो कहीं से भी पुकार आती आओ मेजर छेदीलाल कुछ बात आपसे करनी है। फिर शिकायतों का दौर शुरू हो जाता दिनभर आसपास घटी घटनाएं जिनमें जरा सी भी शिकायत की गुंजाइश हो मेजर छेदीलाल को सुनाई जाती और वह उसमें अपने मतलब की बात निकाल कर उसे अपनी तरह तत्काल लिखकर उसे संबंधित विभाग को भेज देते।

एक बार सब्जी बाजार वालों की कुछ शिकायत उनकी जानकारी में आई कि सब्जी बेचनेवाले ना तो सही बांट का उपयोग करते हैं , न हीं सही तराजू का और इस प्रकार ग्राहकों को ठगा करते हैं। हम सुनारों की दुकान में भले ही भुग्गे बने रहें पर गरीब सब्जी वालों से तो दस ग्राम की कमी भी बरदास्त न करेंगे। फिर क्या था उन्होंने तत्काल सब्जी वालों की शिकायत वेट एंड मेजरमेंट विभाग के अधिकारियों को कर दी और संयोगवश उसी दिन उनपर छापे की कार्रवाई भी हो गई। सब्जी बाजार में तहलका सा मच गया। लोगों को ढूंढ ढूंढ कर मेजरमेंट विभाग वालों ने 50-50 रुपए से दंडित किया। उस जमाने में ?50 का दंड आज के हजार रुपए के बराबर होता था। सब्जी मंडी वालों को पता लगा कि शिकायत मेजर छेदीलाल ने की है। वे छेदीलाल को ढूंढते उसे कहीं पा गए और उसे गली-गली दौड़ाने लगे। छेदीलाल एक सीध में भागते हुए और बचते बचाते एक पत्रकार महोदय के घर में सीधे घुस गये। पत्रकार भलेमानस थे उन्होने भीड़ को बहकाकर सब्जी वालों को एक दूसरी राह पकड़ा दी और मेजर साहब को संरक्षित कर लिया। फिर मेजर छेदीलाल को समझाया कि क्यों इस तरह की उटपटांग शिकायतें कर अपना सम्मान खराब करते हैं। पर छेदीलाल ने चिढ़कर कहा कि यदि पढ़े लिखे लोग ही सतर्क ना होंगे और शिकायतें ना करेंगे तो कौन करेगा ? इन गुंडों से समाज को बचाना है कि नहीं बचाना ? नेता थोड़ी हूं जो नजरअंदाज कर दूं ? पत्रकार महोदय क्या करते , उन्होंने समझाने की भरसक कोशिश की परंतु छेदीलाल अपनी जिद पर अड़े रहे। फिर ऐसे अनेक वाकये उनके साथ घटते रहे। गजब तो तब हुआ जब उनकी पुत्रवधु जो सरकारी स्कूल में शिक्षिका थी, ने अपने मायके से आने वाले भाई के स्वागत में अपने स्कूल से छुट्टी ले ली। 3 दिन का मेडिकल लीव लेकर उनके स्वागत सत्कार में लगी रही। तब छेदीलाल ने अपने पुत्रवधू को भी नहीं बक्शा और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को जाकर यह शिकायत कर दी कि उनकी पुत्रवधू अपने भाई के स्वागत में झूठा मेडिकल सर्टिफिकेट बनाकर घर में ही रुकी हुई है और बीमार नहीं है। शिक्षा विभाग में इस तरह के झूठे मेडिकल प्रमाण पत्र पर छुट्टियां लेना कोई नई बात नहीं है क्योंकि जब सीधी तरह छुट्टियां नहीं मिलती तो विभाग से इसी तरह अर्जियां लगाकर छुट्टी लेने का एक प्रचलित रिवाज रहा है। इसी क्रम में जब इसकी जांच हुई तो उसमें ऐसा कोई कार्यवाही योग्य तथ्य नहीं पाया गया क्योंकि कृत्य विभाग की प्रचलित परम्पराओं के अनुरूप ही था और बात आई गई हो गई। किंतु उनकी पुत्र वधू ने इस बात पर जो हंगामा खड़ा किया कि छेदीलाल को लेने के देने पड़ गए। उसने छेदीलाल के चिरंजीव को आड़े हाथों लिया और घर छोड़कर जाने की धमकी दी तब रंडुवे छेदीलाल को अपने खाने के लाले पड़ने की नौबत देखकर अकल आयी। तब कहीं जाकर छेदीलाल कि मूंछें सवा नौ बजे पर आई अन्यथा दस बजकर दस मिनट पर सदा रहती आई मूंछें क्या नीची होती ? और इसके बाद वह एक सामान्य रिटायर्ड फौजी की तरह व्यवहार करने लगे। उनका शिकायतीलाल बनने का शौक जाता रहा।

QUIZ TIME

1) किसने लाहौर के शालीमार बाग को पूर्ण किया था?

2) भारतीय रेलवे की क्वीन बी सेवा क्या है?

3) किस चोल राजा को गंगई कोंड कहा जाता है?

4) हाल ही में ओलंपिक दिवस 2024 कब मनाया गया?

5) विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर चैंपियनशिप में सिंगल्स वर्ग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय कौन बनी हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शाहजहाँ (2) एक लक्जरी कार सेवा (3) राजेन्द्र चोल (4) 23 जून (5) श्रीजा अकुला

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज आपको किसी पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा। ससुराल पक्ष से भी रिश्ते बेहतर रहेंगे।

वृष: आज का दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटना है।

मिथुन: मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन चुनौती पूर्ण रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कोई आपकी चुगली लगा सकता है।

कर्क: आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। व्यवसाय में यदि कुछ कठिनाईया आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी।

सिंह: आज का दिन आपके लिए धन लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको रुका हुआ धन मिल सकता है।

कन्या: आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपनी संतान के व्यवहार पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

तुला: आज का दिन आपके लिए चुनौतियों भरा रहने वाला है। आपके कामों में यदि कुछ रुकावटें आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है।

धनु: आज का दिन आपके लिए बहुत ही सुझ बुझ दिखा कर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी से मांग कर वाहन ना चलाएं।

मकर: आज के दिन आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आपको भाग दौड़ लगी रहेगी।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा, इसलिए आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोले।

मीन: आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लेने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - (भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार काट, खून कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

1		■	2		3	4	■	■
	■	5		■	6		7	■
8	9		■	10		■	11	
■	12		■	13		14	■	■
■	15			■	■	16	17	
■	18		■	19				■
■	■	■	20		■	21		■
■	22						■	23
24		■	25		■	■	26	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 286 का हल

स्वा	द	■	सा	म	ना	■	कै	दी
व	■	ख	ल	ना	य	क	■	वा
लं	प	ट	■	ना	क	क	ट	ना
बी	■	प	■	■	■	ड़ी	■	प
■	अ	ट	प	टा	■	■	शा	न
स	ह	■	यो	■	■	र	ति	■
ह	म	■	द	र	ब	द	र	■
म	क	र	■	सी	ल	■	■	■
त	■	क्षा	■	द	वा	खा	ना	■

■ न्यूज गैलरी

ग्राम पंचायत के पंच पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई 8 एवं 9 जनवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत ग्राम पंचायत के पंच पदों के लिए प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण एवं आबंटन की कार्रवाई 8 एवं 9 जनवरी को होगी। आरक्षण एवं आबंटन की कार्रवाई जनपद पंचायत कार्यालय आरंग में 9 जनवरी को दोपहर 11 बजे से होगी। इसके अलावा आरक्षण एवं आबंटन की कार्रवाई जनपद पंचायत कार्यालय धरसींवा, जनपद पंचायत कार्यालय तिल्दा-नेवरा और जनपद पंचायत कार्यालय अभनपुर में 8 जनवरी को 11 बजे से होगी।

सांकरा गांव के एक घर में आगजनी सामान जलकर खाक

अम्लेश्वर/सांकरा/नवप्रदेश। विगत दिनों ग्राम सांकरा एक घर में आग लगी गई। कारण अज्ञात है। सांकरा गांव निवासी कोसिल्या पाल के घर में आग लगी जिसमे एक रूम के अंदर रखा फ्रिज, टीवी, पलग,और बर्तन के अलावा कुछ सामान था जो जलकर खाक हो चुका है। आग लगने से एक रूम जल चुका है। इसकी जानकारी कोसिलया पाल ने दी।

राज्यस्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन होगा। आज इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने बैठक ली। यह आगामी 12 से 14 जनवरी को साइंस कालेज ग्राउंड में आयोजित होगी। कलेक्टर ने जिसमें प्रदेश के युवा अपनी प्रतिभाओं की प्रस्तुति देगें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के लिए सभी अधिकारी जुट जाएं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समर्पित होकर कार्य करें।

युवा उत्सव कार्यक्रम में देश के प्रख्यात कवि कुमार विश्वास, ने अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही सुपर 30 फेम आंनद कुमार का प्रेरणादायक उद्धबोधन भी होगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई 9 जनवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों के लिए प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण एवं आबंटन की कार्रवाई जनपद पंचायत कार्यालय धरसींवा, जनपद पंचायत कार्यालय तिल्दा-नेवरा, जनपद पंचायत कार्यालय अभनपुर में 9 जनवरी को 11 बजे होगी। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आम सूचना जारी कर दी है।

जिला पंचायत के सदस्य पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई 9 जनवरी को

रायपुररायपुर/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिला पंचायत के सदस्य पदों के लिए प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आरक्षण एवं आबंटन की कार्रवाई पुराना बस स्टैंड शहीद स्मारक भवन रायपुर में 9 जनवरी को दोपहर 1 बजे से होगी। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आम सूचना जारी कर दी है।

नई औद्योगिक नीति : जेम्स एंड ज्वेलरी और हालमार्क को भी उद्योग का दर्जा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति के तहत जेम्स एंड ज्वेलरी व हॉलमार्किंग को भी सेवा के क्षेत्र में शामिल किया है। इसके चलते अब जेम्स एंड ज्वेलरी व हॉलमार्किंग के क्षेत्र में निवेश करने वाले कारोबारी भी उद्योगों के समान मिलने वाली छूट ले सकते हैं।

उद्योग विभाग का कहना है कि सेवा क्षेत्र में इन्हें शामिल करने से अब इस सेक्टर में निवेश बढ़ेगा। राज्य में वर्तमान में 5,000 से ज्यादा सराफा कारोबारी हैं। इसके साथ ही प्रदेश भर में लगभग नौ हॉलमार्किंग सेंटर हैं। अकेले रायपुर में ही छह हॉलमार्किंग सेंटर हैं।

इस सेक्टर को उद्योग का दर्जा मिलने के बाद अब निवेश बढने की संभावना है। सराफा सेक्टर से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में जेम्स एंड ज्वेलरी के साथ ही हॉलमार्किंग सेक्टर में 40 से 50 बड़े-बड़े समूह भी आने की तैयारी में हैं।

निवेशकों को यह मिलेगा फायदा

अब जेम्स एंड ज्वेलरी व हॉलमार्किंग के क्षेत्र के निवेशकों को भी उद्योगों के समान ही रियायतें मिलेंगी। इसके तहत ब्याज में सब्सिडी के साथ ही बिजली बिल की दरों में छूट और जमीन की रजिस्ट्री शुल्क में छूट है।

उद्योग विभाग एवं छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स के संयुक्त तत्वावधान में 30 दिसंबर को उद्योग भवन में सेमिनार हुआ था। इसमें राज्य शासन द्वारा जेम्स एंड ज्वेलरी एवं हामार्किंग सेक्टर को उद्योग का दर्जा प्रदान करने तथा शासन की ओर से इस योजना में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के विषय में जानकारी दी गई।

उद्योग विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जेम्स एंड ज्वेलरी एवं हॉलमार्किंग सेक्टर को उद्योग का दर्जा मिलने पर प्रदेश में इस क्षेत्र में और भी तेजी से विकास होगा। साथ ही नए रोजगार भी पैदा होंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, उद्योग विभाग से प्रभात मलिक (डायरेक्टर उद्योग विभाग छत्तीसगढ़), आलोक तिवारी सहित बहुत से लोग उपस्थित थे।

आभूषणों में अनिवार्य है हॉलमार्किंग

केंद्र सरकार ने आभूषणों में हॉलमार्किंग अनिवार्य कर दी है। इसके चलते सराफा कारोबारियों की मांग भी रही है कि प्रदेश के सभी जिलों के साथ ही उन सभी क्षेत्रों में हाल मार्किंग सेंटर खुलने चाहिए, जहां अभी ये सेंटर नहीं है।

प्रदेश में अभी काफी कम सेंटर होने की वजह से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले कारोबारियों को परेशानी होती है। हॉलमार्किंग सेंटर सभी क्षेत्रों में होने से उपभोक्ताओं को भी इसका फायदा मिलेगा, वे कहीं भी आभूषणों की शुद्धता की जांच भी करवा सकते हैं।

सोने की शुद्धता के लिए हॉलमार्किंग की जाती है। B¤ureau àæf Indian Standards यानी क्क्ढ्ढस् के मानकों के हिसाब से सोने और चांदी में हॉलमार्किंग जरूरी है। अगर किसी ज्वेलरी में हॉलमार्किंग है, तो इसका मतलब कि वो शुद्ध है। ज्वैलरी में कैरेट और शुद्धता के अनुसार हॉलमार्किंग के निशान डाले जाते हैं। हॉलमार्क होने पर दुकानदार खरे सोने के दाम लेकर कम कैरेट के गहने नहीं बेच सकेगा।

सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुरके खालसा स्कूल परिसर कचहरी चौक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 12 जनवरी को रखा गया है। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति के मुताबिक, हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन उनकी समिति करने जा रही है। सतनामी समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन रायपुर में 22 वर्षो से आयोजित करते आ रहा है, इसका उद्देश्य समय व खर्च की बचत करना व मन चाहा जीवन साथी चुनने का अवसर प्रदान करता है।

राजधानी के 15 प्रमुख चौक-चौराहों में ट्रैफिक होगा दुरूस्त, व्यस्ततम मार्गों से अतिक्रमण हटाकर बढ़ाई चौड़ाई

मुख्यमंत्री साय के निर्देश एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में प्रहरी अभियान में आई तेजी

■ वीआईपी रोड के पेड़ों की हुई छटाई, मार्गों को अवरूद्ध करने वाले बिजली के पोल की शिफ्टिंग का कार्य जारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर आमजनों को राहत देने राजधानी में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में शहर के 15 प्रमुख चौक-चौराहों का चिंहाकन किया गया है। जहां पर ट्रैफिक को दुरूस्त करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सड़कों के किनारे लगे बोर्ड को हटाकर उन सभी मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है और सड़कों के किनारे लगे बिजली पोल से बाधित होने वाले सड़कों का चिंहाकन कर पोल को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा उन मार्गों की चैड़ाई भी बढ़ाई जा रही है। इससे

आने वाले दिनों में निश्चित तौर सड़कों में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी और सड़कों की चौड़ाई बढ़ने से यातायात भी सुगम होगा।

नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देश पर वीआईपी रोड के सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की छटाई की जा रही है। इसके लिए नगर निगम और वन विभाग की टीम का गठन किया गया है। संयुक्त टीम वीआईपी रोड के अलावा प्रमुख जिन भी मार्गों में वृक्षों की वजह से यातायात संचालन में बाधा आ रही है, उन वृक्षों की छटाई करेगी। रायपुरा ओव्हर ब्रिज के नीचे वाली सड़कों में यातायात बाधित न हो, इसके लिए बोर्ड्स को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन मार्गों को चौड़ा किया जा रहा है। शंकर नगर क्षेत्र में सड़कों के किनारे लगे बिजली के पोल को हटाकर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके बाद उन मार्गों को भी चौड़ा किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर शहर की ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए प्रहरी टीम का गठन किया गया है। यह टीम प्रत्येक मार्गों में पहुंचकर यातायात को दुरूस्त करने का कार्य कर रही है। साथ ही 3 जनवरी को कलेक्टर ने ट्रैफिक संचालन को बेहतर करने के लिए समीक्षा बैठक ली थी। कलेक्टर ने यातायात दुरूस्त करने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए।

मोवा ओवरब्रिज में मेंटनेंस शुरू, आवागमन बाधित

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा ओवरब्रिज की मरम्मत करने शुक्रवार की सुबह 9 बजे आवाजाही बंद कर काम चालू किया गया और थोड़ी ही देर में वहां ट्रैफिक सिस्टम ध्वस्त हो गया। मोवा-सड्डू की ओर से शहर और पंडरी से विधानसभा की ओर जाने वाले लोग अपनी कार और बाइक लेकर अंडरब्रिज में घुसे और वहीं फंस गए। अंडरब्रिज की चौड़ाई इतनी कम है कि बड़ी मुश्किल से दो कारें एक साथ गुजर सकती हैं। ऐसे में दोनों ओर से जैसे जैसे गाड़ियां घुस रही थीं, वैसे वैसे फंस रही थीं। केवल 400 मीटर का अंडरब्रिज पार करने में एक-एक घंटे लगे। इस दौरान अंडरब्रिज के बाहर मोवा की ओर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया था। एक बार जो फंसा उसे कार तो दूर बाइक भी रिसर्व करने का मौका नहीं मिला, क्योंकि वे इसके पहले कि कुछ समझ पाते उनके पीछे गाड़ियों की कतार लग गई। दिन भर सैकड़ों लोग घंटों जाम में फंस रहे हैं। डामर की परत से बढ़ गया था वजन इसलिए उखाड़कर कर रहे डामरीकरण मोवा ओवरब्रिज पर डामर की परत कई बार चढ़ाई जा चुकी है। अभी फिर ओवरब्रिज में गड्ढे हो गए हैं। इस वजह से इस पर फिर डामर की परत चढ़ाना जरूरी हो गया है। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने तकनीकी जांच की तो पता चला कि कई बार डामर की परत चढ़ाने से इसका वजन बढ़ गया है।

सीएम साय के प्रयासों से आईटी हब के रूप में उभर रहा नवा रायपुर

■ युवाओं के लिए खुल रहे हैं रोजगार के नए अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है।

इसी कड़ी में नवा रायपुर अटल नगर में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय की पहल का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर क्षेत्र में आईटी और आईटी- इनेबल्ड सर्विसेस का तेजी से विकास हो रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं और संस्थाओं की पहल

से नवा रायपुर युवाओं के लिए रोजगार और विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने बताया कि नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज और टेली परफॉर्मेंस जैसी प्रमुख आईटी कंपनियों ने अपनी सेवाएं शुरू की हैं, जिससे अब तक 260 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।रायपुर के एक साधारण मध्य वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली 24 वर्षीय सतरूपा का सपना था कि वह आत्मनिर्भर होकर परिवार का सहारा बने। खेती- किसानी और घरेलू काम काज करने वाली सतरूपा की मां को अपनी बेटी पर गर्व है, क्योंकि पढ़ाई पूरी करने के बाद सतरूपा आज न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। नवा रायपुर के स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज में नौकरी कर रही सतरूपा ने मेहनत और लगन से तरक्की की राह पकड़ ली। पहले साल में ही उसे पदोन्नति मिली और उसका वेतन बढ़ा, जिससे उसने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती दी।

जीएम तरुण और दयानंद ने संभाला पदभार

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नये जीएम तरुण प्रकाश ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया ह। इस नियुक्ति से पहले वे रेलवे बोर्ड में प्रधान कार्यकारी निदेशक (सिग्नल एवं दूरसंचार)/विकास के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं।

उन्होंने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में बीटेक और आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में एमटेक की डिग्री ली है। प्रबंधन में बिकोन्नी मेलॉन और आईएसबी हैदराबाद से विशेष प्रशिक्षण लिया है । उन्होंने मलेशिया और सिंगापुर जैसे देशों के ख्याति प्राप्त संस्थानों से अध्ययन और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले भी प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके नेतृत्व और तकनीकी दक्षता से रेलवे को उस समय व्यापक लाभ मिला था।

उन्होंने अपनी रेल सेवा की शुरुआत उत्तर रेलवे में सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में की थी और इसके बाद विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जैसे उत्तर रेलवे में मुख्य संचार इंजीनियर, मुरादाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में अपनी सेवाएं दीं है।

इधर, रायपुर रेल मंडल के नये प्रबंधक दयानंद ने संभाला पदभार दूसरी ओर रायपुर रेल मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने भी आज अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। दयानंद 1997 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा (इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस -IR¤TS) के अधिकारी हैं। इससे इससे पहले दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट एवं मार्केटिंग के पद पर कार्यरत थे। एक जनवरी 2025 को वे रायपुर पहुंचे। सीधे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर रायपुर रेल मंडल के विषय में जानकारी ली। पूर्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के साथ औपचारिक भेंट के बाद कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सभी कर्मचारियों से परिचय लेते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

वे भारतीय रेलवे के प्रमुख मंडलों में धनबाद एवं दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वाणिज्य एवं माल लदान कार्य के गहन अनुभव के साथ कोलकाता महानगर में भी कार्य करने का अनुभव प्राप्त है ।

मां-बेटी की हत्या मामले में आधा दर्जन संदेही हिरासत में

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर-बिलासपुर रोड पर धनेली में मां-बेटी की हत्या मामले में पुलिस ने आसपास के आधा दर्जन युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया है। उनसे सख्ती से पूछताछ की। इस दौरान एक युवक ने हत्या करना कबूल किया। उसने पूरी घटना भी बताई कि कैसे उसने दोनों का मर्डर किया, लेकिन शुक्रवार सुबह वह अपने बयान से पलट गया। उसने हत्या करने से इंकार कर दिया। वह अब बयान दे रहा है कि डरकर उसने हत्या करना कुबूल किया था। उसके बयान बदलने से पुलिस की जांच उलझ गई है। पुलिस अब नए सिरे से हत्यारे की तलाश कर रही है। पुलिस को शक है कि अवैध संबंध में महिला और उसकी बेटी की हत्या की गई है। प्रारंभिक जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। शॉर्ट पीएम में खुलासा हुआ है कि 13 साल की नाबालिग को गला घोटकर मारा गया है। पुलिस ने बताया कि 45 साल की महिला अपनी 13 साल की बच्ची के साथ रहती थी। पति की 7 साल पहले मौत हो चुकी है। कुछ लोगों का अक्सर हमीदा के घर आना-जाना था। इसमें आसपास के युवक भी शामिल है। उन युवकों की पहचान होने पर संदेह के आधार पर उन्हें हिरासत में लिया गया है। फिलहाल उन्हीं से पूछताछ चल रही है। पुलिस का दावा है कि हत्याकांड में 2 से ज्यादा आरोपी शामिल हैं। उन्होंने हत्या के पहले पूरी प्लानिंग की। उसके बाद एक-एक कर दोनों को मारा। महिला को मारकर उसकी लाश घर पर ही छोड़ दी गयी थी, जबकि नाबालिग की हत्या कर उसका शव घर से दूर नाली में फेंका गया। पुलिस को शक है कि महिला व उसकी बेटी से एक से ज्यादा व्यक्ति ने जबरदस्ती की है।

उद्योगपतियों की तरह ही आम जनता को भी डीजल खरीदी में छूट दे सरकार

■ उद्योगपतियों को डीजल पर 17 प्रतिशत वैट, किसान आम जनता से 24 प्रतिशत ये कहाँ का न्याय है?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार उद्योगपतियों की तरह ही किसान, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी, बस, टैक्सी, होटल व्यवसायी, कार, टेक्टर, सहित डीजल का उपयोग करने वाले आम जनता को भी डीजल खरीदी में छूट दे। सरकार दोहरी रवैया न अपनाये। राहत देने में भेदभाव न करे। सरकार का उद्योगपतियो को वैट में राहत देने का फैसला भाजपा के जन विरोधी होने प्रमाण है। प्रदेश सरकार ने उद्योगपतियों को डीजल खरीदी में वैट टैक्स में 8 प्रतिशत राहत दिया गया है 24 प्रतिशत की जगह उनसे 17 प्रतिशत वैट लिया जायेगा। उद्योगपतियों के अलावा अन्य वर्ग को डीजल में 24 प्रतिशत वैट देना होगा। ये अन्याय है। डीजल में 17 प्रतिशत वैट आम जनता के लिए भी लागू हो। साथ ही पेट्रोल में भी वैट की दर कम किया जाये।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पेट्रोल डीजल की महंगे दरो से हर वर्ग आफ्त में है। लेकिन भाजपा सरकार की नीति मां और मौसी वाली है। भाजपा को चंदा देने वालों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश की तीन करोड़ आबादी को सामने रखकर सरकार को फैसला करना चाहिए।सरकार तत्काल डीजल में 17 प्रतिशत वैट सभी के लिए लागू। गरीब जनता को लूटना बंद करे। सरकार सभी वर्गों के लिए डीजल में 17 प्रतिशत वैट लागू करे नही तो कांग्रेस सरकार के भेदभाव नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन आमजनता की लड़ाई लड़ेगी।

22वें क्रास कंट्री एथलेटिक चौंपियनशीप में कांकेर जिले का परचम

कांकेर/नवप्रदेश। बिलासपुर में 2जनवरी को आयोजित चयन प्रतियोगिता में अडर 18 बालिका वर्ग में 4 किमी वर्ग मे कांकेर जिले की केबीकेएस गोटुल स्पोर्ट्स एकेडमी कानापोड़ की लिकेश्वरी तारम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर ली है। वहीं बालक अडर 18 वर्ग में 6किमी दौड़ मे साहिल निषाद ने 6वॉ स्थान पर अपना जगह बनाया है, के बी के एस गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी धीरे धीरे अपनी लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए प्रतिभावान बच्चों को निखारने का काम कर रही है। बताते चले की सुदूर अंचल की बच्चों मे हुनर की कमी नही है, शर्त सही दिशा गाइडलाइन नही होने के कारण उनकी प्रतिभा सामने नही आती, पर्वतारोही व कोच स्व. बंशीलाल नेताम के सपनों को पुरा करते हुए केबीकेएस के प्रमुख अश्वनी कांगे, नारायण मरकाम, कृष्णा शोरी के अथक प्रयासों के कारण विगत कुछ वर्षो से केबीकेएस गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी इस क्षेत्र मे सराहनीय कर कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक कांकेर के मार्गदर्शन मे प्रधान आरक्षक प्रभा राम भगत व भावेश सलाम कोंच के रूप में बच्चों के भविष्य संवारने के भविष्य संवारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है, विशिष्ट रूप से, कांकेर कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षिरसागर कांकेर पद्मश्री अजय मंडावी और कांकेर विधायक आशाराम नेताम लगातार बच्चों का हौसला अफ़्ज़ाई कर रहे हैं।

अलग-अलग क्षेत्र से 5 दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने 5 दोपहिया वाहहन पार कर दिया। सभी मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शांति विहार कालोनी डगनिया निवासी प्रार्थी ओम चंद्राकर 17 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमजेड 9877 को पचपेड़ीनाका स्थित धीरेन्द्र कोचिंग क्लास के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में टाटीबंध निवासी छोटेलाल सिंह 32 वर्ष ने अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 टीके 1420 को मेकाहारा गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह सेक्टर 1 देवेन्द्र नगर निवासी आशीष साहू 25 वर्ष ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बुलेट वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएच 8327 को मेकाहारा चीरघर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बुलेट की कीमत 24 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं रावणभाठा मंदिरहसौद निवासी मनीष कुमार साहू 31 वर्ष ने मंदिरहसौद थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 1029 को ग्राम नकटा के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह टेकारी रोड दलदल सिवनी निवासी मुकेश साहू 21 वर्ष ने सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीक्यू 1775 को न्यायालय के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

न्यूज गैलरी

मानसिक तनाव से जूझ रहे युवक ने की आत्महत्या

कोंडागाँव/नवप्रदेश। कोण्डागांव थाना के अंतर्गत ग्राम लंजोड़ा डोगरीपारा निवासी 24 वर्षीय अविनाश मरकाम ने अपने घर के मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार, मृतक अविनाश मरकाम अपने छोटे भाई रविकांत मरकाम के साथ रहता था। रविकांत ने बताया कि वह बीती शाम अपने दोस्त अमलसाय मरकाम के घर भण्डारसिवनी भुरकाभाटा गया था और रात वहीं रुका। अगले दिन सुबह जब वह अपने घर लौटा, तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ कर अंदर जाने पर उसने देखा कि अविनाश म्यार में गमछे से फांसी पर झूल रहा था। जिसकी सूचना पुलिस को देने पुलिस घटना स्थल पहुँच शव लो मयार उतार कर पोस्टमार्टम के लिये चिर घाट भेज दिया ,पुलिस जांच के अनुसार मृतक मानसिक तनाव में था और माता-पिता के गुजरने के बाद से परेशान रहता था।

कीटनाशक सेवन से

नाबालिग छात्रा की मौत कोंडागाँव/नवप्रदेश।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा की मौत हो गई। छात्रा ने कथित रूप से कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा हैं कि, मृतिका सीमा कोर्राम (15) पिता राजू पोयाम निवासी अनंतपुर पिछले तीन वर्षों से अपने मामा रशमु कोर्राम के घर कुम्हारपारा में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

मौसम के साफहोते ही बढ़ी ठिठुरन ठंड

कोंडागाँव/नवप्रदेश। आसमान साफ होते ही ताफमान निचे गिरने से ठण्ड बढ़ने लगी । बीते दिनों आसमान में छाए बादलों के बाद अब मौसम पूरी तरह साफ हो चुका है, जिससे ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। 3 जनवरी की सुबह कोण्डागांव में ठंडी सुबह के रूप में अहसास की गई है । सुबह से ही हल्की सर्द हवाओं के चलने से वातावरण को और ठंडा बना दिया है, और लोगों को गर्म कपड़े और अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। सर्दी के कारण सुबह की सैर करने वालों की संख्या में कमी देखी गई है।

बुजुर्ग दंपति से 220 की बजाय 250 राशि अधिक वसूली थी

तय किराया से अधिक वसूली, पूछने पर दादागिरी, निजी ट्रेवल्स के कंडक्टर-ड्राइवर गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। निजी बस एजेंटों और बस के अन्दर ड्राइवर कंडक्टर की मनमानी पर आरटीओ से लेकर यातायात पुलिस की ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं किए जाने का नतीजा ही कहे कि आम आदमी से दुर्व्यवहार आम बात सी हो चुकी है।

नतीजा यह है कि स्थानीय निवासी बुजुर्ग दंपति से रायपुर से कांकेर आने के समय एक तो तय दाम से अधिक की राशि वसूल कर ली गई जिसके बाद कांकेर पहुंचने पर मौके पर उनके पुत्रों ने अधिक किराए के लिए पूछने पर उक्त ड्राइवर कंडक्टर गाली गलौज मारपीट पर उतारू हो गए। जिसके बाद कोतवाली पुलिया ने नौके पर एक निजी ट्रेवल्स के दोनो कर्मचारियों को हिरासत में लेकर आगे की

कार्यवाही किया गया।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि 01जनवरी 2025 आवेदक राकेश जसनानी अपने माता पिता को रायपुर से कांकेर आने के लिये रायपुर में नरेश बस में बैठे और कांकेर के लिये टिकट कटाये कांकेर तक का किराया 220 रूपये था लेकिन आवेदक के माता पिता से कंडक्टर और ड्रायवर ने 250 रूपये जोर जबरदस्ती से लिया और कांकेर पहुंचा तो अपने माता पिता को लेने गया कंडक्टर और ड्रायवर से बोला कि तुम बढ़ा कर किराया क्यों लिये हो तो उक्त दोनो ने अनावेदक के साथ बहसबाजी और लड़ाई झगड़ा करने की रिपोर्ट जांच दौरान आवेदक, अनावेदक से पूछताछ कर रहा था कि अनावेदक मुकेश कुमार उपाध्याय, शैलेन्द्र अग्निहोत्री हो हल्ला करते हमारे खिलाफ शिकायत करते हो करके उत्तेजित होकर गाली गलौच कर रहे थे। जिसे पुलिस द्वारा समझाने पर भी नही समझ रहा थे अनावेदक कभी भी संज्ञेय अपराध घटित कर शांति भंग कर सकता है। संज्ञेय अपराध घटित करने की अंदेशा पर मौके पर गिरफ्तार किया गया। शांति बनाये रखने के लिये अनावेदकों को अधिक से अधिक प्रतिभूति से प्रतिबंधित करने धारा 170/ 126(2), 135 (3) बी.एन.एस.एस. का इस्तगासा तैयार किया गया है जो श्रीमान कार्यपालिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में न्याय वास्ते सादर पेश किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा हाई स्कूल बुलावड का किया निरीक्षण

अंतागढ़/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा हाई स्कूल बुलावड का निरीक्षण किया गया। बच्चों की परीक्षा की तैयारी के बारे में सत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया बच्चे अधिक से अधिक समय 6 घंटा 7 घंटा पढ़ाई करें उचित मार्गदर्शन दिया गया और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया है। संस्था के प्राचार्य संपत जैन उप प्राचार्य नगेंद्र कुमार B. EO संजय ठाकुर ABEO प्रवीण चतुर्वेदी B. R. C कृष्ण कुमार नाग मंडल संयोजक देव कुमार उइके शंकु समन्वयक रोहित एवं अन्य शिक्ष क गण उपस्थित थे।

दहेज प्रताड़ना, मारपीट, घर से बेघर करना पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध

पुलिस कप्तान के निर्देशित करने के बाद भी पीड़िता को मिला न्यायालय जाने के लिए फैना

किरंदुल/नवप्रदेश। लौह नगरी किरंदुल का तनुजा केश इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है । तनुजा पाल अपनी शादी के कुछ माह बाद ही अपने पति की हैवानियत का शिकार हो गई ।दहेज मांगना ,मारपीट करना ,पत्नी को घर से निकाल देना मायके भेज देना इन सब बातों की शिकायत लेकर जब अगस्त 24 में तनुजा किरंदुल थाने में लिखित आवेदन लेकर पहुँची तो उसे आवेदन की पावती नही दी गई और ना ही एफआईआर दर्ज की गई ।

न्याय की आस में तनुजा अपने परिजनों के साथ दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के समक्ष अपनी आपबीती बताते न्याय दिलाने हेतु आवेदन दिया एसपी साहब ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही करने किरंदुल थाना प्रभारी को निर्देशित किया ।

एसपी के निर्देश के 10 दिनों बाद किरंदुल थाना प्रभारी ने पीड़िता को बुलाया और पूरे मामले को पुलिस अहस्तक्षेप योग्य बताते पीड़िता को फैना देकर न्यायालय जाने की नसीहत देते मामले को ही थाने से निपटारा कर दिया, इससे ए प्रतीत होता हैं कही ना कही किरंदुल थाना द्वारा आरोपी को बचाया जा रहा है

तनुजा पाल किरंदुल पुलिस की इस कार्यवाही से असंतुष्ट है उनके मुताबिक उन्हें न्याय नही मिला । एसपी साहब के पास जाने पर उन्हें और उनके परिजनों को डांट फटकार थाना प्रभारी ने लगाया उसके बाद भी न्याय नही दिया गया । तनुजा ने न्याय पाने के लिए फिर से एसपी साहब के पास जाने की बात कही।

तनुजा पाल के मुताबिक उनकी शादी 26 जनवरी 2023 को बड़े ही धूमधाम से उनके परिवालो ने करवाया था पिता ने अपनी बेटी और दामाद की खुशी के लिए शादी समारोह का हर इंतेजाम बारातियो के स्वागत से लेकर शादी समारोह में पधारे मेहमानों के लिए हर सम्भव बेहतर से बेहतर इंतजाम करने की कोशिश की और किया भी ।शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी खुशिया गम में बदल गई पति मिथिलेश कुमार पाल ने खुद को पीआरओ में कार्यरत करना बताकर शादी किया जबकि पीआरओ में वह काम नही करता है ।

शादी के बाद अपनी पत्नी को गीदम में न रख अपने भाई भाभी के यहाँ बचेली में रखता था और खुद हफ्ते में एक -दो दिनों के लिए बचेली आता था बाकी दिन गीदम में ही अकेले रहता था। जब गर्भवती हुई तब प्रेगनेन्सी की हालत में पति लड़ाई झगड़े करता और तलाक के लिए धमकी देता था । मिथिलेश कुमार पाल मेरी प्रेगनेन्सी का चौथा महिना चल रहा था और ऐसी हालत मेरे पति घर पर आकर और यहाँ से जाने के बाद मेरे माँ-पापा के सामने मुझे धमकी दिये अपनी तकलीफो को बताने पर मुझे तलाक के लिए धमकी दे रहे है। मुझे बचेली में उनके परिवार के साथ रखकर काम के बहाने गीदम में जाके रहते हैं।

PRO और मानव अधिकार को फेक आइ.डी. दिखाकर मुझे धोखा देकर शादी करने का आरोप लगाते कहा कि जो धोखा मेरे साथ हुआ है इसके लिए मेरे पति की आई डी कार्ड की जाँच पड़ताल कर कार्यवाही की जाए ताकि मुझे न्याय मिल सके ताकि यहीं धोखा कल किसी और लड़की के साथ ना हो। किरंदुल थाने में आवेदन देने उपरांत भी कोई कार्यवाही न होने पर तनुजा पाल ने 19 दिसम्बर को दंतेवाड़ा एसपी से न्याय के लिए गुहार लगाई तब एसपी गौरव राय ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी को आवेदन के आधार पर कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया है । तनुजा पाल ने दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय को लिखित आवेदन देते हुए बताया कि पति के द्वारा दहेज में कार की मांग करते है और लिंग परीक्षण करवाने हेतु दबाव बनाया जाता है ।

> **मामला पति पत्नी का है । पीड़िता के दहेज में दिए समान को दिलाने की मांग कर रही है ।पति अपने ऊपर बार बार लगने वाले आरोपो से बचने के लिए समान कोर्ट के माध्यम से देने की बात कर रहा है जिस पर पुलिस ने फैना दे दिया है कोर्ट जो आदेश देगा वैसी कार्रवाई की जाएगी ।**
>
> **थाना प्रभारी पीके साहू**

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

युवा वर्ग अपनी प्रतिभा को सही दिशा देकर लक्ष्य हासिल कर सकता है : आशा नेताम

कांकेर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही समाज और देश की दिशा और दशा तय करती है। उन्होंने आगे कहा कि युवा वर्ग अपनी प्रतिभा को उचित दिशा देकर लक्ष्य को हासिल कर सकता है।नरहरदेव शासकीय उच्चतर विद्यालय में आयोजित युवा उत्सव में शामिल होने आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने अपने संबोधन में कहा कि युवावस्था ही भविष्य संवारने की सही अवस्था है और जिसने इसका महत्व समझ लिया वह इसका सदुपयोग करके अपने जीवन की श्रेष्ठता हासिल कर लेता है। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

इसके पहले, कांकेर विधायक ने कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियो हेतु आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में भाग लिया, जिसका निरीक्षण विधायक श्री नेताम ने किया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर उन्होंने स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, इलेक्ट्रिक बेल, वेस्ट-टू-एनर्जी संयंत्र, पवन चक्की इत्यादि का स्कूली छात्रों द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट मॉडल के लिए उन्हें शुभकामनायें दी।

सोशल मीडिया क्रिएटर्स ने घाटी के वाल पेंटिंग और प्राकृतिक सुंदरता को रील के माध्यम से किया प्रस्तुत

कोंडागाँव/नवप्रदेश। बस्तर की लाइफलाइन कही जाने वाली केशकाल घाटी में मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद शुक्रवार सुबह सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बहाल हो गई। दो महीने तक चले इस कार्य के दौरान घाटी की दीवारों पर बस्तर की संस्कृति, कला, और पर्यटन स्थलों की झलकियां उकेरी गईं, जिससे घाटी का सौंदर्य और अधिक निखर गया है।

मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर गुरुवार को जिला प्रशासन ने एक इंस्टाग्राम रील प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 50 से अधिक सोशल मीडिया क्रिएटर्स ने भाग लिया। इन क्रिएटर्स ने घाटी की दीवारों पर बनी पेंटिंग, घुमावदार मोड़, सड़क सुरक्षा के संदेश और घाटी की खूबसूरती को रील के माध्यम से प्रस्तुत किया।

बस्तर की झलकियां: वाल पेंटिंग से घाटी की नई पहचान

केशकाल घाटी, जो पहले ÷फूलों की घाटी÷ के रूप में प्रसिद्ध थी, अब वाल पेंटिंग के माध्यम से बस्तर की संस्कृति और पर्यटन का प्रतिबिंब बन गई है। दीवारों पर सड़क सुरक्षा नियम, स्वच्छता संदेश, धार्मिक स्थल और बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों की दूरी को दर्शाया गया है। जिससे पर्यटकों को पर्यटन स्थलों तक पहुँचने में आसानी हो।

रील प्रतियोगिता: युवा क्रिएटर्स ने दी शानदार प्रस्तुति

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए गुरुवार को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई रील को शाम को पंचवटी पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। निर्णायक मंडल के रूप में, नगर पंचायत केशकाल के श्री नामेश कावडे, जनपद सदस्य बीरेंद्र बघेल, और धीरेन्द्र शामिल थे, ने विजेताओं का चयन किया। इस रील प्रतियोगिता में मरकाम स्टूडियो फरसगांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही अनुराग ने द्वितीय स्थान, पवन मरकाम ने तृतीय स्थान, पूर्वी राठी ने चतुर्थ स्थान, लक्ष्मण ने पांचवा एवं सिवांस ने छटवा स्थान प्राप्त किया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5 हजार रूपये और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2 हजार और चौथा, पांचवा एवं छटवा स्थान प्राप्त करने वालो को एक एक हजार का नगद पुरुस्कार केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम के हाथो दिया गया।

इस अवसर पर श्री टेकाम ने युवाओं से कहा ÷बस्तर में मौजूद प्राकृतिक छटा है उसे आप सभी ने जानने समझने का प्रयास किया है। इसी तरह केशकाल में भी कई सारे छुपी हुई पर्यटन स्थल हैं इसके बारे में भी आप सभी सोशल मीडिया के माध्यम से पर्यटन स्थलों की सुंदरता को देश दुनिया तक पहुंचाने का कार्य करें । उन्होंने इस दौरान केशकाल घाटी की मरम्मत कार्य से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि आप सब केशकाल घाटी की पूर्व की स्थिति से अवगत है।

सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को न्यायमूर्ति मनोहर सप्रे ने दिखाई हरी झंडी

कोंडागाँव/नवप्रदेश। 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' की थीम पर 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 अंतर्गत आज कोण्डागांव जिले में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे ने आज सर्किट हॉउस में हेलमेट जागरूकता रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिले के नागरिकों से दोपहिया वाहनों में आवागमन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। यातायात विभाग द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान 31 जनवरी तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत

यातायात जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित थे।

शिल्प नगरी का किया अवलोकन

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे ने कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान स्थानीय शिल्प नगरी का भी भ्रमण किया और यहां के शिल्प कलाकृतियों का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकृतियों की सराहना करते हुए सभी एयरपोर्ट में इसे रखने का सुझाव दिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

ठेकेदार ने भाई के साथ मिलकर....

चंद्राकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का खास आदमी है। दीपक बैज ने ही सुरेश को कांग्रेस पार्टी के एससी मोर्चा का प्रदेश सचिव बनाकर नवाजा भी है।

भ्रष्टाचार की खबर उजागर करना पड़ा भारी

सड़क निर्माण में 120 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार उजागर करने वाले छग के बीजापुर जिले के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या कर दी गई है। वो एक जनवरी की शाम सात बजे से लापता थे। उनका शव सेप्टिक टैंक में मिली है। ठेकेदार और उनके रिश्तेदार सुरेश चंद्राकर के बाड़े में बने सेप्टिक टैंक से उनकी लाश निकाली गई। मौके पर पुलिस बल भारी संख्या में मौजूद रही। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शनिवार को इस घटना से आक्रोशित पत्रकारों ने बीजापुर में चक्काजाम किया है। बीजापुर समेत बस्तर संभाग के पत्रकार सड़क पर बैठे ।

कुछ दिन पहले पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने 120 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क के भ्रष्टाचार की खबर प्रसारित की थी। इसमें सड़क के खस्ताहाल स्थिति को उजागर किया था। बताया जाता है कि यह काम ठेकेदार सुरेश चंद्राकर ने ही करवाया था। इस वजह से मुकेश चंद्राकर और ठेकेदार सुरेश चंद्राकर में अनबन चल रही थी। इसलिए पत्रकार की हत्या को सुरेश चंद्राकर से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस सुरेश चंद्राकर के छोटे भाई को भी इस मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामले की सच्चाई क्या है। बताया जा रहा है कि 120 करोड़ की लागत से नेलसनार कुडोली, मीरतुर की सड़क बनाई गई है। लगभग 5 से 6 दिन पहले ही पत्रकार मुकेश ने रायपुर से आए एक साथी के साथ मिलकर इस सड़क में भ्रष्टाचार की खबर को प्रमुखता से प्रसारित किया था। जिस वजह से मुकेश चंद्राकर और उसके रिश्तेदार सुरेश चंद्राकर में विवाद हो गया था। वे लोग पत्रकार से बार-बार संपर्क साधने की कोशिश कर रहे थे। एक जनवरी को एक व्यक्ति मुकेश चंद्राकर के घर पहुंचा था और उसे एक जगह पर चलने की बात कही थी। इसके बाद से ही मुकेश चंद्राकर लापता थे।

जिस जगह से लाश बरामद की गई, वहां पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही। मौके पर एफएसएल की टीम और पुलिस के आला अफसर मौजूद रहे। बड़ी संख्या में बस्तर संभाग के जिलों से पत्रकार भी घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों और पुलिस के मुताबिक मुकेश चंद्राकर एक जनवरी से लापता थे। आमतौर पर सेप्टिक टैंक में एक हिस्सा खुला छोड़ा जाता है, जिस पर ढक्कन लगाया जाता है। या एक चैंबर खुला छोड़ दिया जाता है। साफसफाई करने के लिए इस चैंबर को अलग से लगाया जाता है। आरोपियों ने लाश को छिपाने के लिये पूरी तरह से सेप्टिक टैंक को कांक्रीट से सील कर दिया था। जब पत्रकारों की नजर इस पूरी तरह से ढके हुए सेप्टिक टैंक पर पड़ी तो उन्होंने इसे तुड़वाने की बात कही। इसे लेकर पत्रकार और पुलिस के बीच अनबन भी हो गई थी। बाद में इसी सेप्टिक टैंक को तोड़ा गया तो उसके अंदर पत्रकार मुकेश चंद्राकर की लाश देखी गई। शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्यारे ने पहले गला घोंटा होगा। उसके बाद सिर पर धारदार हथियार से कई वार किए होंगे। क्योंकि सिर पर करीब ढाई इंच का गहरा गड्ढा हो गया है। ऐसा लग रहा है जैसे कुल्हाड़ी से वार किया गया है।

तमिलनाडु में पटाखा ...

जिला कलेक्टर वी.पी. जयसीलन, जो घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान की निगरानी की, ने संवाददाताओं को बताया कि यह पता लगाने के लिए विस्तृत जांच चल रही है कि क्या फैक्ट्री में सुरक्षा मानदंडों का कोई उल्लंघन तो नहीं किया गया था।

पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक बालाजी और शशिबालन के अलावा मैनेजर डॉस और प्रकाश सहित चार लोगों के खिलाफविभिन्न संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

सरकारी गाड़ी-बंगला नहीं ...

क्या किया है? मगर मैंने ही गलती से जबाव दे दिया कि कुछ नहीं। इसपर बच्चों में से एक ने कहा कि ऐसा नहीं हैं। उन्होंने अपने लिए एक बड़ा शीश महल बनवाया है। जब वह (अरविंद केजरीवाल) राजनीति में आए थे, तो वह कहते थे कि वह सरकारी कार या सरकारी बंगला नहीं लेंगे। एक तरह की राजनीति का आगाज करेंगे। मगर उन्होंने 50 हजार गज में दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपये से अपने लिए शीश महल बनवाया। केजरीवाल जी आपको दिल्ली की जनता को हिसाब देना होगा।

उन्होंने आगे कहा, शराब घोटाला किया, मोहल्ला क्लिनिक के नाम पर भ्रष्टाचार किया, दवाओं के नाम पर घोटाला किया, सीसीटीवी के नाम पर घोटाला किया, बस खरीद में घोटाला किया और सबसे बड़ा घोटाला निजी सुविधाओं के लिए, अपना शीशमहल बनाने के लिए किया।

उन्होंने सुषमा स्वराज को याद कर कहा, देश के राजनीतिक इतिहास में वह उन नेताओं में से एक हैं, जो एनडीए 1 और एनडीए 2 के दौरान मंत्री थीं और वह भी महत्वपूर्ण विभागों में। मगर, उन्हें केवल एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में याद किया जाएगा। यह सुषमा जी ही थीं, जिन्होंने संसद में कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उजागर किया था।

विपक्षी नेता के रूप में याद रखा जाएगा

उन्होंने आगे कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि विपक्ष के सभी नेताओं को उनके काम का अध्ययन करना चाहिए और उन्होंने जो किया उसका अनुसरण करने का प्रयास करना चाहिए। देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा स्वराज जी को एक संघर्षशील और प्रभावशाली विपक्षी नेता के रूप में याद रखेगा।

अंबेडकर अस्पताल के वार्ड से ...

खंगालते हुए पुलिस टीम और गार्ड रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। ट्रेन में भागने का प्रयास कर रही महिला को चलती ट्रेन में चेनपुलिंग कर रोका गया। जिसके बाद संदिग्ध महिला को पकड़कर बच्चे का सही सलामत रेस्क्यू किया गया। वहीं पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

माध्यमिक शाला पैवारी के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

अंतागढ़/नवप्रदेश। माध्यमिक शाला- पैवारी के बच्चों ने ट्रेन सफर कर मैत्री बाग का भ्रमण किया। शाला पैवारी के सह शाला परिवार एवं ग्राम के पालकों ने ट्रेन में परिवार का आनंद लेते हुए भिलाई मैत्री गार्डन देखे बच्चे काफी उत्सुकता से झूला झूलने के साथ-साथ कई प्रकार के दुर्लभ जानवरों को देख पाये, अन्दरुनी क्षेत्र के बलान क्या कभी इनको चिड़िया घर में रखा जाता बस किताबों में पढ़ते थे, परन्तु इनकी सुरक्षा उन्हे वहां देखकर लगा कि इन जानवरों का संरक्षण हमें कैसे करना है, बच्चे खूब आनंदित थे एवं झूलों का आनंद खूब उठाये का आनंद कई जगहों को देखकर स्वयं का तस्वीर लिए साथ में पालका मे भ्रमण में स्वयं आने की सहमति जताये और वे भी गए जिनमें प्रधानाध्यापिका सहित माधवराम उयके स्वर्णलता वर्मा , कु. देवकी, बीसराम वर्मा अंकित कुमार शर्मा, दीसराम वौ, एवं पालकों में सुकालूराम उइके, जोहन बहादूर, अन्सूराम, रैयसिंह, हिड़को, अनुसूईया , रजुला तथा अंकलहिन बाई, हिरोन्तीन बाई रुकमणी (रसोईया) महेश (स्वैच्छक) राजमन शामिल थे। आदि ये बच्चों एवं पालकों का ट्रेन सफर करने का दूसरा मौका रहा जो उनके लिए स्मरणीय पल रहेगा।

मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 22 नये शाखा डाकघर खुलेंगे

■ ग्राम सुढ़ियाल में 12 व्यक्ति निवास करते है वहां पहुंचा डाकघर सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से जिले के 62 गांव में अत्याधुनिक सुविधा

मोहला-मानपुर/नवप्रदेश। सांसद संतोष पांडे के सतत प्रयास, संसद सत्र में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए लगातार आवाज उठाने का सुफल नये वर्ष में मिल रहा है। राजनांदगांव डाक संभाग बनने के बाद सांसद के प्रयास से डाक संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी जिले में कुल 22 नये शाखा डाकघर खुलने जा रहा है! इन शाखाओं के अंतर्गत 62 गांवों में डाकघर की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार व केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्थित ग्रामीण अपने गांव-घर में लाभ उठा पाएंगे।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व विष्णुदेव सरकार सबका साथ सबका विकास मार्ग में चलते हुए मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 62 गांवों के ग्रामीण डिजीटल पेमेंट, आधार चेकिंग सुविधा, बचत बैंक संबंधी खाते, पेंशन और सभी सरकारी योजनाएं डाकघर

के माध्यम से ग्रामीणों को सीधे घर में सुविधाएं देने जा रही है।

सांसद संतोष पांडे ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र में डाक संभाग बनने के बाद ग्रामीणों को डाकसुविधा के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे उनके गांव-घर में पहुंचेगा जिसके चलते उनके समय व पैसों की बचत होगी। इसके साथ ही सांसद संतोष पांडे ने विशेष रुप से उल्लेख किया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के सुढियाल गांव में मात्र दो घर, 12 लोगों के लिए डाकघर की सुविधा मिलने जा रही है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की वनांचल स्थित ग्रामीणों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का श्रेष्ठ उदाहरण है।

वनांचल जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के समस्त जनता और भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्त्ता एवं जनप्रतिनिधि नम्रता सिंह, श्रीमान मदन साहू, संजीव शाह जी, श्री दिलीप वर्मा खोरभहरा राम यादव रमेश हिडामे, भोजेश शाह, उमाकांत टांडिया, नरसिंह भंडारी, राधिका अंधारे, अरुण यादव, लखन कलामे, विजय जैन, अनिल गुप्ता, योगेंद्र कोड़ापे समेत समस्त मण्डल अध्यक्ष सुश्री कंचन माला भुआर्या, प्रकाश मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, कमल तापड़िया, संदीप साहू, आशीष द्विवेदी एवं समस्त कार्यकर्ताओ के तरफ से आदरणीय सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी को जिले में 22 नए डाकघर शाखा खोलने पर धन्मवाद और आभार, आपके इस प्रयास से 62 गावों में डाकघर की सुविधा मिलगी और सुदूर वंनाचल क्षेत्रों में भी ग्रामीणजन केंद्र और राज्य शासन की सभी योजनाओं का लाभ ले पाएगे।

मैत्री जन कल्याण महिला मंडली ने मनाया सावित्री बाई फुले जयंती

कांकेर/नवप्रदेश। शुक्रवार को आमापारा में सावित्री बाई फुले जयंती का आयोजन किया गया था। कार्यकम का आयोजन मैत्री जन् कल्याण सेवा समिति की महिला मंडली द्वारा फुले बाई जयंती का कार्यक्रमउत्साह के साथ मनाया। कार्यकम में सर्व समाज की महिलाओं के द्वारा जयंती के उपलक्ष्य में और कुर्सी रेड का कार्यक्रम गया जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमति सुलेखा मेश्राम मीनाक्षी शेण्डे रेखा बर्ड अन्नपूर्णा वासनिक मधु मेश्राम प्रीति बृजबाला अंबिका बांसोड़ तुलसी साहू जया अग्रवाल बबीता साहू सहित मंडली उपस्थित थे ।

जंप उपाध्यक्ष ने टीनाशेड निर्माण का किया भूमिपूजन

कांकेर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत क्षेत्र ग्राम - पंचायत गोतपुर में 10 लाख स्वीकृत राशि से बनने वाले टिना सेट निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर मुख्य अतिथि रोमनाथ जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कांकेर), के साथ कार्यक्रम में उपसरपंच श्रीमती भगवती देवांगन ग्राम पटेल पावर सिंह शोरी, वार्ड पंच-कमलेश देवांगन जानकी कोर्राम, वरिष्ठ नागरिक रोहित नेताम, गंगाधर नेताम, सुरेंद्र साहू, गौचरण साहू, जयराम कुंजाम, बिंदाबाई कोर्राम एवं सचिव चिंता यादव उपस्थित थे।

ब्याज में पैसा देने के नाम से करा ली किसान के जमीन की रजिस्ट्री

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव शहर के युवा प्रणय गुप्ता के खिलाफ जमीन की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है आज राजू लाल पिता गेंद सिंह गांव फत्तेहपुर खैरागढ़ जिला ने प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर उसके साथ हुई धोखाधड़ी को उजागर किया राजू लाल ने बताया कि उसकी जमीन जिसका खसरा नंबर 269 /1 है जमीन डेढ़ एकड़ के लगभग है को प्रणय गुप्ता सहदेव नगर राजनांदगांव निवासी ने धोखाधड़ी का रजिस्ट्री करा ली है रोज की भारतीय राजू लाल और उसका पुत्र अभिषेक खेत में काम कर रहे थे इसी दौरान राजनांदगांव निवासी प्रणय गुप्ता आकर उनको खेत बेच रहे हो क्या कह कर बोला मना करने के बाद वह दो-तीन बार और हमारे पास जमीन बेच रहे हो क्या और बेच रहे हो तो मुझे भेज दो कहने लगा इसी दौरान बातों बातों में मैंने प्रणय गुप्ता से कहा कि हम जमीन नहीं बेच रहे हैं हम लोगों को पैसे की आवश्यकता है हम ब्याज में पैसा ढूंढ रहे हैं इतना सुन प्रणय गुप्ता ने हमको कहा कि मैं तुमको ब्याज में पैसा दे देता हूं किंतु मेरी एक शर्त है कि पावर ऑफअटॉर्नी मेरे नाम से करनी होगी जमीन की हमने उसको आठ लाख रुपए ब्याज से देने को कहा वह तैयार हो गया और उसने कहा कि मैं पावर ऑफअटॉर्नी बनवा लेता हूं लिखा पढ़ी करने जब मैं और मेरा बेटा तहसील ऑफिस गए तो प्रणय गुप्ता ने मुझे और मेरे बेटे को कर में ही बैठ कर रखा लिखा पड़ी जब पूरी हो गई तो वह मुझे हस्ताक्षर करने के लिए अपने साथ लेकर गया मैं पढ़ा लिखा हूं नहीं उसने कहा मुझे हस्ताक्षर करने कहां तो मैं हस्ताक्षर कर दिया उसके बाद वह मुझे अपने साथ पंजीयन कार्यालय लेकर गया वहां भी बाबू और सब लोग बैठे हुए थे उन्होंने भी मुझसे कोई बातचीत पूछताछ नहीं की वह भी मुझे हस्ताक्षर करने बोला तो मैं हस्ताक्षर कर दिया उस दिन मंगलवार 10 दिसंबर 2024 था उसी दिन प्रणय गुप्ता ने हमारा खाता क्रमांक पूछा हमने हमारा खाता क्रमांक 77099462889 प्रणय गुप्ता को दे दिया प्रणय गुप्ता ने हमारे खाते में दो बार करके 8 लाख डाला लिखा पड़ी और लेनदेन होने के बाद वह हमको अपनी कर पर घर छोड़ने के लिए आया और रास्ते में उसने बताया कि 5त्न ब्याज लूंगा 2 दिन बाद बनवाई गई पावर ऑफअटॉर्नी को हमें देने को कहा तो वह ना नुकूर करने लगा हमने जब उसे पर जोर डाला तो उसने सीधा हमें रजिस्ट्री की फोटो कॉपी ही लाकर दे दी जब हमने इस बारे में पता किया तो हमको दूसरों ने भी बताया कि राजनांदगांव निवासी किसी प्रणय गुप्ता ने तुम्हारे जमीन की रजिस्ट्री करवा ली है जैसे ही मुझे ज्ञात हुआ कि मेरे साथ धोखाधड़ी हुई है मैंने उसके पैसे को वापस आरटीजीएस के माध्यम से उसके अकाउंट में डाल दिया मैं जमीन वापस करने के लिए प्रणय गुप्ता को कई बार बोला तो वह जमीन वापस नहीं करूंगा बोलता है और जान से मारने की धमकी देता है इसकी शिकायत हम बड़े अधिकारी एवं थाने में भी किए हैं

जानकारी तो यह भी मिल रही है की राजू लाल ने जमीन पर 1 लाख 30000 केंद्रीय बैंक से इन्होने लोन लिया था तो यह जमीन केंद्रीय बैंक में बंधक है। बंधक की जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती

> –
> राजू लाल के साथ गुप्ता नामक युवक ने जमीन की धोखाधड़ी किया है ऐसी शिकायत आई है पुलिस अभी जांच कर रही
> **सिन्हा,** जिांच अधिकारी
> थाना ठेलकाडीह

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की उच्च स्तरीय जांच की मांग

■ अंतागढ़ पत्रकार संघ ने सीएम साय के नाम तहसीदार को सौंपा ज्ञापन

अंतागढ़/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के घोर नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में लंबे समय से पत्रकारिता कर आम जनता के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले पत्रकार मुकेश चंद्राकर की ठेकेदार के द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई, मुकेश चंद्राकर के द्वारा ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के द्वारा सड़क निर्माण में किए गए भ्रष्टाचार के मामले को प्रमुखता से उठाया था। तब सीएम साय सरकार ने ही जांच के जादेश दिए थे, बस्तर में कई दफा जब नक्सलियों के चंगुल में जवान फंसे तब इसी पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने जवानों को बचाया और प्रदेश की सरकार और पुलिस की इज्जत बचाई थी। ऐसे पत्रकार की हत्या होना दिखाता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है।

आज अंतागढ़ पत्रकार संघ ने बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर को जिस निर्ममता से हत्या कर सैप्टिक टैंक में लाश को छुपा दिया गया था ऐसे अपराधी ठेकेदार की घोर निंदा करते हुए सीएम साय के नाम से तहसीलदार अंतागढ़ को ज्ञापन सौंप कर दोषी ठेकेदार को तत्काल गिरफ्तार कर कढ़ी से कढ़ी कार्यवाही कर निम्न बिन्दुओं पर भी कार्यवाही करने की मांग की गई है। बीजापुर सहित बस्तर संभाग में सुरेश चंद्राकर की जितनी भी संपत्तियां है उसे जब्त कर सरकारी संपत्ति घोषित की जाए। हत्याकांड में संलिप्त सुरेश चंद्राकर, रितेश चंद्राकर और अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत FIR तथा फांसी की सजा हो।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का आज नगरागमन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शनिवार को सुबह 11 बजे मनवा कूर्मि क्षत्रिय समाज अर्जुनीराज नगर ईकाई भाटापारा में नवनिर्मित भवन व्यावसायिक परिषर का लोकार्पण करने भाटापारा पहुचेंगे।उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष मनवा कूर्मि समाज छत्तीसगढ़ खोड़स राम कश्यप करेंगे। विशिष्ट अथिति के तौर पर भाटापारा विधायक इंद्र साव ,राजप्रधान अर्जुनीराज हरिराम वर्मा व पूर्व राजप्रधान भुवनेश्वर वर्मा रहेंगे।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान सम्मान समारोह व स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन होगा।कार्यक्रम मंडी रोड स्थित कुर्मी बोर्डिंग में होगा,यह जानकरी नगर इकाई अध्यक्ष दीपक टिकरिहा के द्वारा दी गई है।

अवैध शराब बिक्री करने वाली एक आरोपिया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। शहर की पुलिस टीम ने महासती वार्ड (भगत सिंह वार्ड) में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाली 01 आरोपिया रानी बाई गेण्डरे को गिरफ्तार कर आरोपिया से 4290 कीमत मूल्य का 39 पाव देशी मसाला शराब जप्त* किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर पुलिस धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

महाराष्ट्र मंडल में आज रामरक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा पाठ का वार्षिक समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति ने संत ज्ञानेश्वर सभागृह में चार जनवरी, शनिवार को सात बजे रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ का वार्षिक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया है। गत वर्ष छह जनवरी को रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ करने का अभियान मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से शुरू किया गया था।

2 दिन में ही गटक गए 3.70 करोड़ की शराब

आंकड़े चौंकाने वाले

बेमेतरा /नवप्रदेश। किशोर तिवारी नए वर्ष में भी पूरे साल की तरह जमकर छलके जाम.. और 2 दिन में ही गटक गए 3 करोड़ 70 लख रुपए का मदिरा... पूरे प्रदेश के तर्ज में ही बेमेतरा जिले में भी मदिरा की खपत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है इसका सीधा-सीधा आशय है कि जिले में मदिरा प्रेमियों की संख्या में या तो इजाफा हो रहा है या फिर मदिरा प्रेमियों का कोटा बढ़ते जा रहा है बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक 9 महीने में 20त्न तक की शराब की बिक्री में इजाफा हुआ है गत वर्ष जहां 1 अप्रैल से लेकर 31 दिसंबर तक 300 करोड रुपए का शराब जिले में बेचा गया वहीं इसी अवधि में इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 360 करोड रुपए तक जा पहुंचा है निश्चित रूप से यह आंकड़ा जिले में शराब की खपत को बता रही है इसका सीधा-सीधा आशय है कि जिले में या तो मैं जरा प्रेमियों की संख्या में इजाफा हो रहा है या फिर मदिरा प्रेमियों का कोटा बढ़ते जा रहा है।

> वर्ष 2024 की समाप्ति की अंतिम तिथि 31 दिसंबर एवं नए साल की शुरुआती तिथि 1 जनवरी दोनों दिन के आंकड़े न केवल चौंकाने वाले हैं बल्कि यह बताने के लिए पर्याप्त कहा जा सकता है की मदिरा अब कितनी सहज एवं सरल होती जा रही है तथा इसकी लोकप्रियता भी कितनी बढ़ रही है 31 दिसंबर को जहां जिले में एक करोड़ 70 लख रुपए की शराब बेची गई वहीं 1 जनवरी को 2 करोड रुपए का शराब शासन की दुकान से बची गए दोनों दिन मिलकर 3 करोड़ 70 लख रुपए की बिक्री जिले के शराब दुकानों से की गई निश्चित रूप से यह आंकड़ा भी गत वर्ष की तुलना में 25त्न अधिक बताई जा रही है. उपरोक्त आंकड़ों देखकर यह अवश्य ही कहा जा सकता है कि जिलेवासी नए साल का स्वागत कितनी दरिया दिल दिखा कर शराब की जाम छलका कर किया किया गया।

चिंतनीय विषय : आबकारी विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गया आंकड़ा निश्चित रूप से आम जनमानस को सोचने के लिए मजबूर अवश्य करता है जिसकी मुख्य वजह यह भी है कि जिले में दो बड़े धार्मिक आयोजन इन्हीं दोनों दिनो मैं किया गया तथा इन दोनों ही आयोजन में नशा मुक्ति की बातें की जाती रही जहां पर काफी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे किंतु उसके बाद भी आबकारी विभाग के यहां आंकड़ा निश्चित रूप से चिंता की बात कही जा सकती है कि वास्तव में लोग धर्म सभा में उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता तो निभाते हैं अपनी श्रद्धा तो बताते हैं किंतु धर्म सभा से निकलने की बात उनकी दशा और दिशा दोनों ही अलग हो जाती है जो यह आंकड़ा बता रही है वास्तव में हमारा समाज और हमारे समाज के लोग किस तरह दिशाहीन हो चुके हैं।

शराब पीने-पिलाने को लेकर दो परिवार उलझे, एक की हत्या

बेमेतरा /नवप्रदेश। कभी एक साथ दोस्त रहे ने अपने ही दोस्त की कर दी हत्या... घटना कोतवाली बेमेतरा की अंतर्गत ग्राम कार्यशाला की है जहां पर आज सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो परिवार उलझे और उलझने का परिणाम यह रहा की एक की हत्या कर दी गई इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न साहू और टॉप सिंह साहू कभी अभिन्न मित्र हुआ करते थे किंतु शराब पीने और पिलाने को लेकर पिछले दिनों दोनों के बीच विवाद हुआ और मामले मारपीट भी हुई थी हालांकि इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता भी करने की बात ग्रामीण बता रहे हैं किंतु आज सुबह मृतक शत्रुघ्न साहू के पुत्र सौरभ साहू तोप सिंह वर्मा से पुरानी बात को लेकर लड़ बैठा तथा विवाद इतना गंभीर हो गया की दोनों परिवार के सदस्य आपस में उलझ गए परिणाम स्वरूप तोप सिंह वर्मा ने अपने मित्र शत्रुघ्न साहू की चाकू मार कर हत्या भी कर दी इस दारमन दोनों परिवार इतना उलझे की दोनों परिवार से करीब करीब आधे दर्जन लोग चोटिल भी हुए जिनका उपचार जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया ।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग रायगढ़ संभाग रायगढ़

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 28/NIT-6/2024-2025/ व ले लि — दिनांकः 02.01.2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13.01.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16.01.2025 सायं 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 17.01.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / कार्य की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी राशि (रु.में)
1	2	3
6 T0058	रायगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
6 T0059	खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
6 T0060	सारंगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
6 T0061	धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री प्रदाय (प्रथम आमंत्रण)	5.00 5000.00 75000.00
6 T0062	विकासखंड खरसिया के सपिया पहुंच मार्ग किमी 1/8 एवं 2/2 में विशेष मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	4.74 4740.00 71100.00
6 T0063	नहरपाली गिंडोला मार्ग के किमी 3/2 के ह्यूम पाईप पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	2.36 2360.00 35400.00
6 T0064	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खरसिया के परिसर में बोर खनन का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	1.94 2000.00 29100.00
6 T0065	व्यवहार न्यायालय परिसर खरसिया में शौचालय काम्पलेक्स निर्माण। (प्रथम आमंत्रण)	6.98 5235.00 104700.00

निविदा प्रपत्र की कीमत (रू.में) 750.00 प्रत्येक, निविदाकरों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक, T0058 से T0061 तक हेतु 31.03.2025, T0062 से T0064 तक हेतु 01 माह वर्षा ऋतु सहित एवं T0065 हेतु 02 माह वर्षाऋतु सहित समय निर्धारित है।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. रायगढ़ संभाग रायगढ़

जी-242505050/4

जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत में शासन ने नियुक्त किए प्रशासक

■ नगर पंचायत में तहसीलदार होंगे प्रशासक नगर पालिका बेमेतरा में एसडीएम बेमेतरा होगी प्रशासक

बेमेतरा/नव प्रदेश। पूरे प्रदेश के तर्ज में बेमेतरा जिले में भी नगरी निकाय में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल खत्म हो जाने के बाद जहां आज उनका अंतिम कार्य दिवस रहा वहीं अब जिले के नगरी निकाय में प्रशासक का शासन शुरू हो जावेगा हालांकि इस तरह के हालात राज्य शासन के द्वारा निर्धारित समय में निर्वाचन नहीं कराए जाने के चलते इस तरह के हालात बने और प्रशासक की नियुक्ति की गई राज्य शासन के द्वारा एक आदेश जारी कर नगर पालिका बेमेतरा सहित जिले के आधा दर्जन नगर पंचायत में भी प्रशासक की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है जारी किए गए आदेश के अनुसार नगर पालिका बेमेतरा में एसडीएम बेमेतरा प्रशासक होगी तथा नगर पंचायत में तहसीलदारों को यह जिम्मेदारी दी गई है। अगर बात की जावे नगर पालिका बेमेतरा की अगर बात की जावे तो बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू का आज अंतिम कार्य दिवस रहा हालांकि नगर पालिका बेमेतरा में प्रथम सम्मेलन 6 जनवरी 2019 को आयोजित किया गया था जिसके 5 जनवरी 2024 तक ही नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू का कार्यकाल पूरा होता है किंतु 4 जनवरी और 5 जनवरी को अवकाश होने के चलते आज अंतिम कार्य दिवस रहा हालांकि आज अंतिम कार्य दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा आज अंतिम कार्य दिवस होने के चलते परिषद की बैठक भी आयोजित की गई ।

कार्यालय नगर पंचायत बारसूर, जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

ई-मेल barsoorcmo@gmail.com

क्रमांक/1023/लो.नि.शा./ न.पं./नि.सू./2024-25 — बारसूर, दिनांक 31/12/2024

-:: मैनुअल पद्धति अंतर्गत निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क/भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. दिनांक 01/07/2020 तथा पी.एच.ई.डी. एस.ओ.आर. 2020 को जारी एवं निविदा दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा प्रपत्र 'अ' में मैनुअल पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 10/01/2025 संध्या 5.00 बजे तक।
02. परीक्षण पश्चात निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 14/01/2025 संध्या 5.00 बजे तक।
03. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अँतिम तिथि एवं समय - 20/01/2025 संध्या 3.00 बजे तक।
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 20/01/2025 संध्या 4.00 बजे।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूरा करने की अवधि	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7
1	वार्ड क्र. 05 बुढ़ा सागर तालाब में आर.सी.सी. पचरी घाट निर्माण कार्य 02 नग बारसूर।	7.62	6000.00	750.00	02 माह	प्रथम निविदा
2	वार्ड क्र. 05 सातधार मुख्य मार्ग से बुढ़ा सागर तालाब स्थित मंदिर तक पेवर ब्लाक निर्माण कार्य बारसूर।	18.81	14,500.00	750.00	03 माह	प्रथम निविदा
3	संचालिक जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में महिला एवं पुरूष शौचालय निर्माण कार्य।	3.62	4,000.00	750.00	02 माह	प्रथम निविदा
4	नगर पंचायत कार्यालय भवन के प्रथम तल पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	12.37	9,500.00	750.00	03 माह	द्वितीय निविदा
5	सार्वजनिक शौचालय का जीर्णोद्वार कार्य।	5.39	5,000.00	750.00	02 माह	द्वितीय निविदा

उपरोक्त कार्यों की निविदा का विवरण/विस्तृत शर्तें/निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.cg.uad.gov.in में एवं एनआईसी जिला कार्यालय के वेबसाईट में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बारसूर

चार माह में बदल गए तीन सीएमओ, नहीं सुधरी व्यवस्था

रतनपुर नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। *महामाया नगरी रतनपुर में स्वच्छता दीदियों को दो माह से वेतन नहीं मिल पाया है। लगातार चार माह में तीन सीएमओ बदलने के कारण नगर पंचायत रतनपुर के प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। अपने वेतन भत्ते की मांग को लेकर स्वच्छता दीदियों ने नगर पंचायत रतनपुर का घेराव किया और समय पर वेतन की मांग की।*

नगर पंचायत रतनपुर में करीब 60 स्वच्छता कर्मी कार्यरत हैं जिन्हें 7 हजार प्रति माह के हिसाब से वेतन भुगतान किया जाता है। इसके अलावा समय-समय पर तीन सौ रुपए अतिरिक्त भत्ता भी दिया जाता है, लेकिन इन स्वच्छता कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन भत्ता नहीं मिला है, जिसके कारण आज स्वच्छता कर्मियों ने रतनपुर नगर पंचायत का घेराव कर अपने वेतन भत्ता की मांग की। गौरतलब है कि नगर पंचायत रतनपुर के 15 वार्डों में करीब 60 स्वच्छता कर्मियों द्वारा साफ-सफाई की जाती है जिन्हें हर महीना वेतन भुगतान किया जाता है, लेकिन उन्हें पिछले 3 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था बदहाल

नगर पंचायत रतनपुर में पिछले 4 से 6 माह में तीन सीएमओ बदल गए, जिसके कारण नगर पंचायत रतनपुर का प्रशासनिक कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। कुछ दिन पहले ही यहां नए सीएमओ खेल कुमार पटेल की पोस्टिंग की गई है, लेकिन उन्होंने अभी तक पदभार ग्रहण नहीं किया है। इसके पहले के. निर्मलकर और हरदयाल रात्रे पदस्थ थे। लगातार सीएमओ बदलने के कारण नगर पंचायत रतनपुर की प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है जिसके कारण कई कार्य रुके हुए हैं। स्वच्छता के अलावा अन्य जनहित के कार्य में विराम लगा हुआ है। कुछ दिनों पहले ही शासन द्वारा यहां नए सीएमओ को पदस्थ किया गया है। फिर भी यहां की व्यवस्था अभी नहीं सुधर पाई है।

> इसके पहले हमें समय पर वेतन भुगतान हो जाता था, लेकिन लगातार सीएमओ बदलने के कारण हमें पिछले 3 माह से वेतन नहीं मिल पाया है और यदि समय से वेतन भत्ते का भुगतान नहीं हुआ तो हम इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करेंगे। आज हम लोग नगर पंचायत रतनपुर कार्यालय में आकर अपने समस्याओं से सीएमओ एवं अध्यक्ष को अवगत कराए हैं।
>
> **शुकवारा बाई, स्वच्छता सुपरवाइजर**

तकनीकी खामियों के कारण रुका वेतन

नगर पंचायत रतनपुर के अध्यक्ष घनश्याम रात्रे ने कहा स्वच्छता कर्मियों का वेतन तकनीकी खामियों के कारण रुका हुआ है, उनके खाते में सीधे वेतन जमा होता है। कुछ दिनों में स्वच्छता कर्मियों का वेतन खाते में जमा हो जाएगा। इसके पहले वेतन भुगतान संबंधित कोई मामला नहीं हुआ है। इन्हें प्रतिमाह वेतन भुगतान कर दिया जाता है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से स्वच्छता कर्मियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी।

न्यूज गैलरी

चालीहा महोत्सव के लिए चकरभाठा स्टेशन पर 10 एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थायी ठहराव 9 व 10 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। चालीहा महोत्सव 9 व 10 जनवरी के अवसर पर श्रद्धालुओं और रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने एक सराहनीय कदम उठाया है। चकरभाठा स्टेशन पर कुल 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव किया जाएगा। यह ठहराव दोनों दिनों के लिए केवल एक मिनट का होगा, जिससे यात्रियों को सुगमता से यात्रा करने में सहायता मिलेगी। चालीहा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए, रेलवे ने ट्रेनों के संचालन में विशेष बदलाव किए हैं। चकरभाठा स्टेशन पर इन गाड़ियों का अस्थायी ठहराव सुनिश्चित कर, यात्रियों को आसपास के क्षेत्र तक पहुंचने का अवसर प्रदान किया गया है। शिवनाथ एक्सप्रेस (कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी) आगमन रात 21.07 प्रस्थान रात 21.08, शिवनाथ एक्सप्रेस (नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-कोरबा) आगमन सुबह 06.37 प्रस्थान सुबह 06.38, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (कोरबा-अमृतसर) आगमन दोपहर 14.34 प्रस्थान दोपहर 14.35, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (अमृतसर-बिलासपुर) आगमन सुबह 10.29 प्रस्थान सुबह 10.30 होगी।

कमिश्नर महादेव कावरे ने किया संभागायुक्त कार्यालय का निरीक्षण

सिम्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में इलाज लायक सुविधा तीन महीने में पूरा करने निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। *संभागायुक्त महादेव कावरे ने कोनी में बन रहे नए संभागायुक्त कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर नाराज़गी जाहिर करते हुए 31 मार्च 2025 के पहले कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अनुबंध के अनुसार इसे सितंबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाना था। श्री कावरे ने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कोनी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में अगले तीन महीने में आईपीडी सुविधा विकसित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त अमित कुमार भी उपस्थित थे।*

गौरतलब है कि नया संभाग आयुक्त भवन के लिए लगभग 12 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। भवन निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है। अब केवल फिनिशिंग कार्य बचा है। श्री कावरे ने कोनी में निर्माणाधीन संभागयुक्त कार्यालय के पास नगर निगम द्वारा कराये जा रहे 06 एमएलडी का एसटीपी निर्माण कार्य, जिसकी लागत राशि 7.80 करोड़ रूपये है, इस कार्य को मार्च 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। अरपा फ्रंट कोनी रोड कार्य एवं राशि 30.00 करोड़ रूपये की लागत से निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर कोनी का भी निरीक्षण किया। यह कार्य माह अप्रैल, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। संभागायुक्त श्री कावरे ने कोनी में 200 करोड़ रूपये की लागत से नव निर्मित सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने ओ.पी.डी., ट्राएज, एम.आर.आई., सी.टी. स्कैन कक्ष व निर्माणाधीन लैब इत्यादि कक्षों का बारीकी से अवलोकन किया। नव निर्मित सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय भवन अधोतल सहित कुल 10 फ्लोर का अत्याधुनिक चिकित्सालय भवन का निर्माण हुआ है।

4 विभाग की ओपीडी शुरु, मरीजों को मिल रहा उपचार

वर्तमान में 04 विभाग- न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, पल्मोनोलरी, जनरल मेडिसीन के ओ.पी.डी. प्रारंभ कर जनमानस को सुविधाएँ प्रदान की जा रही है। संभागायुक्त द्वारा आई.पी.डी. को भी आगामी तीन माह में शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया। नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय भवन का निर्माण केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। निरीक्षण के समय उपस्थित सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक, सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय डॉ. बी.पी. सिंह, चिकित्सा अधीक्षक सिम्स डॉ. लखन सिंह एवं नोडल अधिकारी नवीन सिम्स भवन डॉ. भूपेन्द्र कश्यप उपस्थित थे।

न्यायिक अधिकारी अपनी सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत करें: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के जिला सत्र न्यायलयों में पदस्थ सत्र न्यायधीशों व अन्य वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों को हाईकोर्ट ने अपनी सम्पत्ति का विवरण घोषित करने का निर्देश दिया है। बीते वर्ष तक की स्थिति में इन सबसे वार्षिक ब्यौरा माँगा गया है। छत्तीसगढ़ के बालोद, बलौदा-बाजार, बस्तर में जगदलपुर, बेमेतरा, बिलासपुर, बलरामपुर मे रामानुजगंज, धमतरी,दुर्ग, रायपुर,जशपुर,कबीरधाम (कवर्धा), मुंगेली ,कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, सरगुजा, (अंबिकापुर, सूरजपुर,महासमुंद, उत्तर बस्तर (कांकेर), कोरिया (बैल) ऊंठपुर),जांजगीर-चांपा, कोंडागांव, दक्षिण बस्तर (दंतेवाडा) में पदस्थ जिला न्यायपालिका के न्यायिक अधिकारियों द्वारा संपत्ति की घोषणा प्रस्तुत की जानी है। इस संबंध में हाईकोर्ट ने सभी जिला न्यायधीशों को पत्र प्रेषित कर अपने जिले में पदस्थ सभी न्यायिक अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप में (31/12/2024 तक) सम्पत्तियों की घोषणा प्राप्त करने को कहा है। निर्धारित पीडीएफ प्रारूप में हाईकोर्ट रजिस्ट्री में ई-मेल 28 फरवरी, 2025 तक करना होगा तथा इसकी हार्ड कॉपी भी पंजीकृत डाक से भेजने को कहा गया है। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी न्यायिक अधिकारी अपनी सम्पत्तियों की घोषणा व्यक्तिगत रूप से, सीधे प्रस्तुत न कर सके। यदि ऐसा करने में जिला न्यायधीश को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि हर वर्ष न्यायिक अधिकारी इसी प्रकार अपनी संपत्ति की अधिक्कारिक घोषणा करते हैं यह अनिवार्य प्रक्रिया है।

कुर्मि समाज का नववर्ष मिलन व सम्मेलन समारोह आज

■ **प्रतिभा सम्मान व युवक-युवती परिचय सम्मेलन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कुर्मी समाज बिलासपुर का नववर्ष मिलन समारोह 5 जनवरी को पाटीदार भवन में होगा। इस अवसर पर अधिवेशन भी बुलाया गया है, जिसमें प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। समारोह की रूपरेखा को लेकर शनिवार को प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष श्याम मूरत कौशिक ने कहा कि कुर्मी समाज में सामाजिक एकता, कुरीति उन्मूलन, पढ़ाई-लिखाई-कमाई-दवाई, सिंचाई की बात करने, महिला उत्पीड़न, दहेज, नशाखोरी व युवाओं में डिप्रेशन पर रोक कैसे लगे, इन बिंदुओं पर अधिवेशन में चर्चा होगी। इसके साथ ही प्रतिभा सम्मान में लगभग 150 छात्र-छात्राओं का सम्मान, 50 अलग-अलग क्षेत्र से विशेष प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। वहीं परिचय सम्मेलन में लगभग 200 युवक-युवतियों के हिस्सा लेने की संभावना है। इस अवसर पर विवाह योग्य युवक-युवती के बायोडाटा युक्त कुर्मी संजोग पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। समारोह में ये अतिथि शामिल होंगे जिसमें जिलाध्यक्ष श्याम मूरत कौशिक ने बताया है कि अधिवेशन के पहले सत्र के मुख्य अतिथि तोखन साहू केंद्रीय राज्य मंत्री, अध्यक्षता श्याम मूरत कौशिक जिलाध्यक्ष कुर्मी समाज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे।

कबीर गुरुद्वारा समिति में महिलाओं के अपमान का आरोप

सद्गुरु कबीर गुरुद्वारा समिति, झोपड़ापारा, बिलासपुर (पंजीयन क्रमांक 13552) की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरस्वती मानिकपुरी ने समिति के पूर्व पदाधिकारियों पर महिला अपमान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया है।बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहाकि 18 दिसंबर को निर्वाचन प्रक्रिया के तहत निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बावजूद, 22 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह में कुछ सदस्यों ने कार्यक्रम बाधित कर उत्तम दास को जबरन अध्यक्ष घोषित कर दिया। सरस्वती मानिकपुरी ने आरोप लगाया कि देवधर महंत (रिटायर्ड तहसीलदार), फूलदास महंत (प्रोफेसर), नवीन सिंह (रेलवे अधिकारी), और अजय यादव (पार्षद) जैसे सदस्यों ने महिलाओं को नेतृत्व के अयोग्य बताते हुए उनका अपमान किया।

खाद्य संचालक ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। खाद्य विभाग संचालक जितेंद्र शुक्ला ने आज बिलासपुर जिले का दौरा कर कई धान खरीदी केंद्रों और पीडीएस दुकानों- गोदामों में गरीबों को दिए जाने वाले चावल की उपलब्धता और गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इस दौरान बिरकोना धान उपार्जन केन्द्र में निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विगत वर्ष कलेक्टर द्वारा हटाए गए प्रबंधक देवारी लाल यादव, पिता कार्तिक राम यादव मौके पर उपस्थित थे।

एसईसीएल का ओबीआर 250 मिलियन क्यूबिक मीटर के पार

■ **241 एमक्यूएम के टार्गेट को पीछे छोड़ा, पिछले वर्ष समान अवधि की तुलना में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि**

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल का वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओबीआर 250 मिलियन क्यूबिक मीटर के पार पहुँच गया है। अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 के बीच कंपनी द्वारा 250.4 मिलियन क्यूबिक मीटर अधिभार यानि ओवरबर्डन हटाया जा चुका है। इस अवधि के लिए कंपनी का ओबीआर का एएपी टार्गेट 241 मिलियन क्यूबिक मीटर था जिसे पीछे छोड़ते हुए कंपनी ने टार्गेट से 9 मिलियन क्यूबिक मीटर यानि 4त्न ज़्यादा ओबीआर दर्ज किया है। पिछले वर्ष की समान अवधि (अप्रैल 2023 से दिसंबर 2023) की बात करें तो कंपनी ने 236.6 ओबीआर हासिल किया था और इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष में एसईसीएल ने लगभग 6त्न की ग्रोथ हासिल की है। विदित हो कि एसईसीएल में ओबी हटाने के लिए रिपर तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस ग्रीन टेक्नोलॉजी की मदद से बिना ड्रिलिंग-ब्लास्टिंग के ओबी हटाना संभव हुआ है जिससे सुरक्षित एवं पर्यावरण-हितैषी कोयला खनन सुनिश्चित हो रहा है।

525 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 4 आरोपियों को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों के कब्जे से अलग- अलग कुल 525 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। 500- 600 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर मौके पर नष्टीकरण किया गया। पुलिस के अनुसार एसपी रजनेश सिंह के द्वारा जिला में अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध त्वरित व सख्त कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवं अनुभागीय पुलिस अधिकारी कोटा नुपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में कोटा पुलिस द्वारा सुदनपारा कोटा में मुखबिर की सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही किया गया जो अलग- अलग जगह से आरोपी संदीप नेताम पिता शांतनु उम्र 23 वर्ष पता सुदनपारा कोटा के कब्जे से 150 लीटर कच्ची महुआ शराब,आरोपी विक्रम मरावी पिता विनोद उम्र 20 वर्ष पता सूदन पारा को के कब्जे से 120 लीटर कच्ची महुआ शराब, आरोपिया जमीला नेताम पति नवल नेताम उम्र 27 वर्ष पता सूदन पारा कोटा के कब्जे से 120 लीटर कच्ची महुआ शराब, पन्ना बाई नेताम पति दिलीप नेताम उम्र 40 वर्ष पता सूदन पारा कोटा थाना कोटा जिला बिलासपुर के कब्जे से 135 लीटर कुल 525 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 55,000 रुपए जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2)आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इस दौरान शराब बनाने हेतू प्लास्टिक के डिब्बो में छुपाकर रखे गए करीब 500- 600 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर मौके पर नष्टीकरण किया गया।

कोटा पुलिस की कार्रवाई

शांत मन से की गई प्रार्थनाएं निष्फल नहीं जाती : रेखा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेवा एक नई पहल की संयोजिका रेखा आहुजा के सानिध्य में प्रजा पिता ब्रम्हकुमारीज़ के साधक साथियों यथा मंजू दीदी और सौरभ भाई द्वारा सीपत रोड स्थित सुवाणी वृद्धाश्रम निवासी बुजुर्गों को आगंतुक नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कंबल गरम कपड़े और अन्य दैनंदिनी वस्तुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर मधु दीदी ने सभी बुजुर्गों और उनके बिछड़े परिजनों के लिए परमात्मा से स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन के लिए प्रार्थना की। संस्था की ओर से आगंतुक ब्रम्हकुमारीज़ का स्वागत करते हुए संयोजिका रेखा आहुजा ने कहा कि सच्चे दिल और शांत मन से की गई प्रार्थनाएं कभी व्यर्थ नहीं जाती। संस्था के संयोजक सतराम जेठमलानी ने इस नेक कार्य के लिए कार्यक्रम संयोजनकर्ता रेखा आहुजा और आमंत्रित ब्रम्ह कुमारीज़ अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मौसम

सप्ताहभर बाद मौसम सामान्य होने की संभावना

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवाओं की दिशा में परिवर्तन, न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पश्चिमी विक्षोभ, उत्तर भारत को प्रभावित करने की संभावना है इसके कारण नमीयुक्त हवाओं का आगमन प्रारंभ होने की संभावना साथ ही हवा के दिशा में भी परिवर्तन होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश में 5 जनवरी को न्यूनतम तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहने की संभावित है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 4 जनवरी से 6 जनवरी तक लगातार वृद्धि होने की संभावना है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री के आसपास वृद्धि संभावित है। जिले में मौसम के उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। जनवरी के पहले सप्ताह में ठंड में वृद्धि हुई, लेकिन दिन और रात के तापमान में काफी अंतर है। शनिवार को अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जिससे दोपहर में ठंड गायब हो गई। वहीं, रात का पारा 10.8 डिग्री रहा। इसके चलते रात में कड़ाके की ठंड महसूस हुई। इस बार जनवरी में पिछले साल की तरह ठंड नहीं है। इधर मौसम विभाग ने सोमवार से मौसम में बदलाव होने का संकेत दिया है। आसमान में बदली और बारिश की संभावना बन रही है। जिसके चलते तापमान में बढ़ोतरी भी संभव है। इससे पहले दिसंबर के दूसरे सप्ताह में कड़ाके की ठंड पड़ी, लेकिन आखिरी सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादल और बारिश के चलते ठंड गायब हो गई थी। हालांकि, साल के अंतिम दो दिनों में मौसम में बदलाव हुआ और ठंड लौट आई। साल 2024 में खूब ठंड रही। हालांकि इस बार भी 8 जनवरी के बाद ठंड लौटने की संभावना है। इस बीच जनवरी के पहले दिनों से ठंड का अहसास हुआ। शनिवार की सुबह ठंड की वजह से लोग धूप का मजा लेते दिखे। हालांकि दिन ढलने के साथ ही ठंड का असर कम हो गया।



आज भी शुष्क रहेगा मौसम तापमान में गिरावट संभव

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार, अभी उत्तर भारत से ठंडी हवाओं का आगमन हो रहा है। जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को शुक्रवार की तरह न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है। इस दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि 5 जनवरी के बाद मौसम में बदलाव होगा। नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण बदली-बारिश की स्थिति बन सकती है।

न्यूज गैलरी

जनदर्शन में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने 20 सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों से पेंशन संबंधी समस्याओं को सुना और शीघ्र निराकरण के लिए आहरण एवं संवितरण अधिकारी को निर्देश दिए। जिला कोषालय अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 24 पेंशन प्रकरण लंबित हैं, इनका शीघ्र निराकरण कर लिया जाएगा। इस दौरान सहायक कोषालय अधिकारी चंद्रशेखर साहू एवं सिद्धार्थ वर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

सैव्या के जन्मदिन पर विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक स्कूल सुरीघाट में शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका कौशिल्या वैष्णव के नातिन सैव्या वैष्णव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया। विद्यार्थियों को खीर, पूरी, केला, लड्डू, चावल दाल आलू गोभी अचार पापड़ सहित अन्य अतिरिक्त पौष्टिक भोजन खिलाया। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई, सहायक विकासखण्ड अधिकारी प्रदीप दिवाकर, विमित्रा धृतलहरे, समग्र शिक्षा से बीआरसी सूर्यकांत उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति जिला पंचायत उर्मिला रमेश यादव, संकुल प्रभारी स्वामी आत्मानंद आईपी यादव, जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल एवं शैक्षिक समन्वयक नेमीचंद भास्कर, उमेश साहू रहे। नेवता भोज मे मुख्य रूप से स्कूल स्टॉफ के साथ-साथ संकुल से दुर्गेश , अवनीश, सुधारानीं, सुनीता , सोफिया अहमत, मिथलेश , सशिमा कुर्रे, खिलेश्वरी खरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की बैठक 7 जनवरी को

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की बैठक 7 जनवरी 2025 को 10:30 बजे आयोजित किया गया है।

विकास कार्यो से मुंगेली शहर को मिलेगी नई पहचान :उप मुख्यमंत्री साव

उप मुख्यमंत्री साव ने शहरवासियों को 36 करोड़ रूपए से अधिक की सौगात दी

मुंगेली/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने शहरवासियों को 36 करोड़ रूपए से अधिक की सौगात दी है। उन्होने 25 करोड़ रूपए से अधिक लागत राशि के नवीन विकास कार्यो की घोषणा भी की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि विकास कार्यो से मुंगेली शहर को नया स्वरूप एवं पहचान मिलेगा।

आगर खेल परिसर में नगर पालिका द्वारा उपमुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 36 करोड़ से अधिक लागत राशि के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें 5 कार्यो जिसकी कुल लागत 5 करोड़ 43 लाख 21 हजार रूपये का लोकार्पण एवं 19 कार्यो जिसकी कुल लागत 31 करोड़ 35 लाख 45 हजार रूपये का भूमि पूजन उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया। भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यो में शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो में ट्रब्लर पोल स्थापना कर विद्युतीयकरण कार्य, नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन एवं पार्किंग निर्माण कार्य, गौरव पथ का उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्य, स्वीमिंग पूल निर्माण कार्य, शहर सभी प्रवेश मार्गो में स्वागत द्वार निर्माण कार्य, बुधवारी बाजार का उन्नयन कार्य, पुष्पवाटिका उद्यान उन्नयन कार्य जैसे अन्य विकास कार्यो से मुंगेली शहर को नया स्वरूप एवं पहचान मिलेगा। मोदी की हर एक गारंटी को पूरा करने का काम किया जा रहा है। हमने सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास स्वीकृत किए। 08 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में आवास की पहली किस्त प्रदान की जा चुकी है। शहरों में भी हम तेज गति से प्रधानमंत्री आवास बना रहे हैं। हमने किसानों से 02 साल का पुराना बोनस देने का वादा किया था और 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर हमने 12 लाख से अधिक किसानों के खाते में 3 हजार 700 करोड रुपए से अधिक की राशि अंतरित किया। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हमारी माताओ को प्रतिमाह 01 हजार की दर से 11 किस्त प्रदान की जा चुकी है। 70 लाख माताओं और बहनों के खाते में योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपए प्रदान किया जा रहा है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हमारी सरकार में गांव और शहरों में विकास का कार्य तेज गति से हो रहा है। प्रदेश नए उत्साह और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। सरकार बनने के पहले जितना वादा किया गया था, उसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने मुंगेली नगर पालिका अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों की सौगात के लिए जिलेवासियों को बधाई दी। नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर ने कहा कि नगर पालिका परिषद मुंगेली को इतना बड़ा सौगात मिलना गौरव की बात है। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि मुंगेली नगर पालिका की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। पूर्व सांसद लखनलाल साहू, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, संजय वर्मा, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, पवन पाण्डेय, राजीव श्रीवास, मुकेश रोहरा, आनंद देवांगन, दीनानाथ केशरवानी, अमितेश आर्य, शैलेन्द्र तिवारी एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के द्वारा सुरेन्द्र कुम्हार को अनुकंपा नियुक्ति पत्र, सचिन पाठक को मुख्यमंत्री स्वालंबन योजनान्तर्गत दुकान व्यवस्थापन अंतर्गत दुकान की चाबी, प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत कुल 4 हितग्राहियों को आवास की चाबी, जय मां दुर्गा स्वसहायता समूह को एनयूएलएम लाभार्थी योजनांतर्गत 1 लाख रूपये का चेक, 02 पीएम स्वनिधि के लाभार्थीयों को 10-10 हजार रूपये का चेक एवं नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट का वितरण किया गया।

समुद्र तल से 1,225 मीटर (4,022 फीट) की ऊंचाई पर स्थित यह चोटी कुसमी विखं के अंतर्गत आती है

छग की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा: प्राकृतिक सौंदर्य और रोमांच का अद्भुत सफर

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के सुदूर उत्तर में स्थित बलरामपुर जिले की गौरलाटा चोटी राज्य की सबसे ऊंची चोटी होने का गौरव रखती है। समुद्र तल से 1,225 मीटर (4,022 फीट) की ऊंचाई पर स्थित यह चोटी कुसमी विकासखंड के अंतर्गत आती है। यह स्थान प्रकृति प्रेमियों, ट्रैकिंग के शौकीनों और शांत वातावरण की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए एक अद्वितीय स्थल है।

गौरलाटा न केवल अपनी ऊंचाई के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसकी जैव विविधता और प्राकृतिक सुंदरता इसे और खास बनाते हैं। गौरलाटा पर्यटन क्षेत्र के रूप में तेजी से उभर रहा है और इसे प्रमुख पर्यटक स्थल बनाने के लिए शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समय-समय पर एडवेंचरर्स टीमों को बुलाकर विभिन्न साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत

कार्य योजनाएं बनाई गई हैं। गौरलाटा चोटी से पूरे क्षेत्र का विहंगम दृश्य देखा जा सकता है, हर तरफ घने जंगल, बहती नदियां, छोटे-छोटे गांव और दूर-दूर तक फैली पहाड़ियों की सुंदरता देखने को मिलती है। सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य जो रंगों की खूबसूरत छटा से आकाश को सजाते हैं। चोटी पर हवा में ताजगी और शांति का अहसास होता है। सर्दियों में यहां का मौसम और भी मनमोहक हो जाता है, जब ठंडी हवाएं पर्यटकों को प्रकृति का अहसास कराते हैं। यह चोटी शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का समागम है, जहां कोई भी व्यक्ति अपनी चिंताओं को भुलाकर पूरी तरह से प्रकृति के साथ एकाकार हो सकता है। गौरलाटा चोटी का यह अनमोल दृश्य पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन जाता है। गौरलाटा की चोटी तक पहुंचने के लिए आपको लगभग 8 से 10 किलोमीटर तक पैदल ट्रेकिंग करनी होती है। कुसमी विकासखंड के ग्राम इदरीपाट से गौरलाटा के लिए ट्रैकिंग शुरू होती है। चोटी से सेमरसोत अभयारण्य का मनोरम दृश्य नजर आता है, जिसमे वन्य जीव और दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियां भी देखी जा सकती हैं।

आदिवासी संस्कृति की मिलती है झलक

गौरलाटा क्षेत्र न केवल प्राकृतिक बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय आदिवासी समुदाय अपनी परंपराओं और अनूठी जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। आदिवासी त्यौहार और लोकगीत इस स्थान की सांस्कृतिक समृद्धि को और बढ़ाते हैं। स्थानीय लोग पर्यटकों का दिल खोलकर स्वागत करते हैं, जिससे यह स्थान पर्यटकों के लिए और भी यादगार बन जाता है। इसके अलावा स्थानीय आदिवासी संस्कृति और पारंपरिक व्यंजन भी पर्यटकों के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र हैं। यहां आने वाले लोग न केवल प्रकृति का आनंद लेते हैं, बल्कि जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी नजदीक से समझ पाते हैं। गौरलाटा पहुंचने के लिए बलरामपुर जिला मुख्यालय से 60-65 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

वैज्ञानिक नवाचारों, विचारों और परियोजनाओं की प्रदर्शनी

सक्ती/नवप्रदेश। परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव 2024-25 के अंतर्गत वैज्ञानिक नवाचारों, विचारों और परियोजनाओं को प्रस्तुत करने के लिए चित्रकला, आर्ट क्राफ्ट और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथि शैल पाण्डे, (प्रधान पाठक आश्रम मसानिया खुर्द), सुरेश जायसवाल, (प्राचार्य शास. उच्च. माध्य. विद्यालय खैरा), पुष्पेन्द्र कौशिक, (शिक्षक शास. पूर्व माध्य. विद्यालय मुक्ता कला), कृष्ण कुमार देवांगन (सचिव परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति) एवं संस्था प्रमुख एम. विकास देवांगन के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। शैल पाण्डे ने सभी छात्र-छात्राओं को विज्ञान की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यों में विज्ञान हैं, जैसे हम खाना खाते हैं तो उसमें भी विज्ञान का प्रयोग होता है, मोबाइल का उपयोग विज्ञान की देन है, सभी बच्चों में कुछ नया करने की सोच होनी चाहिए, उम्र के साथ सोच बढ़ती जाती है, छोटे-छोटे प्रयोग करना चाहिए, अपने आसपास के वस्तुओं से अपनी आवश्यकता की वस्तु से पहले खुद बनाने की सोच रखना चाहिए। हर विद्यार्थी वैज्ञानिक नहीं बन सकता, किन्तु सभी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच होना चाहिए। आज जिस मॉडल का प्रदर्शन आज कर रहे हैं, उन मॉडल को अपडेट करते हुए अच्छा मॉडल तैयार करना। यदि कोई समस्या आये तो अपनी शिक्षक से उस समस्या का समाधान पूछते रहना। पुष्पेंद्र कौशिक ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती वर्षो से लगातार विद्यार्थियों के विकास के लिए समय-समय विभिन्न कार्यक्रमों एवं शिविर का आयोजन करते आ रहा है।

कलेक्टर ने सहकारी बैंक अंबिकापुर और लखनपुर का किया निरीक्षण

- **किसानों की सुविधा हेतु अंबिकापुर बैंक में एक काउंटर बढ़ाने के निर्देश**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक अंबिकापुर एवं लखनपुर का निरीक्षण किया। सहकारी बैंकों में पैसे निकालने किसानों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर कलेक्टर भोसकर ने बैंकों में पहुंचकर प्रबंधकों से व्यवस्था की जानकारी ली जिससे पैसे निकालने में किसानों को सुविधा हो और बैंकों में भी वर्क लोड कम हो। उन्होंने अंबिकापुर स्थित सहकारी बैंक में निरीक्षण कर एक और कैश काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए जहां फिलहाल एक ही काउंटर संचालित है।

उन्होंने कहा कि कैश काउंटर बढ़ाया जाए जिससे राशि भुगतान की प्रक्रिया में तेजी आए। कलेक्टर ने लखनपुर स्थित सहकारी बैंक का भी निरीक्षण किया। प्रबंधक ने बताया कि लखनपुर सहकारी बैंक में दो काउंटर संचालित हैं। उन्होंने बताया कि अब तक चार हजार

बैंक एटीएम बांटे गए हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधकों और बैंक कर्मियों को निर्देशित किया कि किसानों को माइक्रो एटीएम और बैंक एटीएम के माध्यम से भी राशि निकालने हेतु जागरूक करे जिससे बैंकों में भीड़ कम हो।

कम राशि की आवश्यकता की स्थिति में माइक्रो एटीएम से प्रतिदिन 10 हजार रुपए तक और रूपे बैंक एटीएम कार्ड से 20 हजार रुपए तक राशि आसानी से प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सरगुजा जिले में 9 सहकारी बैंक हैं, जिनसे प्रति दिन लगभग 17 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हो रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा हेतु धान उपार्जन केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा भी उपलब्ध है। जहां से प्रतिदिन किसान द्वारा 10 हजार रुपए की राशि निकाली जा सकती है। इसी तरह रूपे बैंक एटीएम कार्ड से भी 20 हजार रुपए तक की राशि निकाली जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक से 20 हजार तक एवं कैश की उपलब्धता के आधार पर एवं परिस्थितियों के अनुरूप 49 हजार सीमा तक राशि प्राप्त की जा सकती है।

प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में प्रधानमंत्री वय वंदन योजना के तहत आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य जारी है। राशन कार्ड डाटा अनुसार बलरामपुर जिले में कुल 25326 हितग्राहियों का वय वंदन कार्ड पंजीयन कराया जाना है। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में व्ही.एल.ई., स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य मितानिन द्वारा मितानिनों के सहयोग से घर-घर जाकर कुल 3276 लोगों का पंजीयन किया गया है एवं शेष छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन का कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बसंत सिंह ने जिले के सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है।

राजस्व व सिविल न्यायालय एक ही स्थान पर हो: अधिवक्तागण

सक्ती/नवप्रदेश। नवीन जिला सकती में जहाँ कई कार्यालय जेठा सकरेली में कई जिला कार्यालय एवँ सिविल न्यायालय निर्माणाधीन हैं जिला अधिवक्ता संघ सकती के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ता गणों ने सिविल न्यायालय के पास ही राजस्व न्यायालय निर्माण करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरुण कुमार सोम को ज्ञापन देकर मांग की है ज्ञापन में बताया गया हैं पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को इस बात पर पर सहमति जताई थी एवँ निर्माणाधीन सिविलन्यायालय के पास 3 एकड़ शासकीय भूमि आरक्षित किया गया था लेकिन अब तक इस सम्बंध में कोई

कार्यवाही नही की गई हैं अधिवक्ताओं का कहना है कि सिविल एवं राजस्व न्यायालय एक ही स्थान में होने पर पक्षकरो एवँ वकीलों को न्याय दान में सहूलियत होगी ज्ञापन में कहा गया है कि सिविल न्यायालय के पास राजस्व न्यायालय स्थापित करने प्रक्रिया शुरू किया जाय अन्यथा अधिवक्ताओं को आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ सकती संदीप बनाफर कोषाध्यक्ष प्यारेलाल पटेल अधिवक्ता एव पूर्व विधायक चैन सिंह सामले अधिवक्ता सुभाष शर्मा गिरधर जायसवाल अलका जायसवाल पीयूष राय अरविंद भारद्वाज सहित अधिवक्ता गण उपस्थिति रही।

ज्योति सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा भारत की पहली महिला शिक्षिका, नारी मुक्ति आंदोलन के प्रणेता, महान समाज सेविका, राष्ट्रमाता एवं क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले की 194वीं जयंती संस्था के व्यवस्थापक एच.आर. भास्कर के निर्देशन में मनाया गया।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर एवं प्राचार्य आशा दिवाकर तथा चंद्रदीप मिरे एवं नीलू जांगड़े द्वारा सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर दैनिक प्रार्थना किया गया।

तत्पश्चात शिक्षिका अंजिता चंद्राकर द्वारा संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। उनके कृतित्व को प्रहसन के रूप में विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन कर बताया गया। प्रथम विद्यालय खुलने के पश्चात् ग्रामीण अभिभावकों द्वारा अपने-अपने बच्चों के साथ स्वयं पढ़ने के लिए विद्यालय पहुंचे।

इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के 100 से भी अधिक छात्र-छात्राएं व शिक्षिकाएं सावित्री बाई फुले के आकर्षक वेशभूषा में उपस्थित रहे। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा उनके जीवनगाथा को संक्षिप्त रूप में अपने-अपने कक्षा के छात्रों को बताया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से उनके जीवनगाथा पर आधारित टेलीफिल्म एवं नारी शिक्षा पर मोटिवेशनल स्पीच दिखाई गई। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने बताया कि भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ पिता खंदोजी तथा माता का नाम लक्ष्मी था। आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया। इस अवसर पर विद्यालय एवं संस्था परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

सौंदर्यीकरण — मैनपाट में मॉल रोड बनाए जाने की घोषणा के बाद साइट निरीक्षण कर शासन को भेजा प्रस्ताव

परिवार, दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए मैनपाट बन रहा पहली पसंद

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले का मैनपाट हिलस्टेशन अपने प्राकृतिक सौंदर्य के चलते सैलानियों की पहली पसंद बनता जा रहा है, जिसका प्रमाण है नववर्ष 2025 में मैनपाट के हर स्पॉट पर बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटक।

सिर्फ संभाग के आसपास के जिलों से नहीं, उड़ीसा, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश राज्यों से भी लोग मैनपाट की खूबसूरती देखने पहुंचे। प्रकृति की गोद में रचे-बसे इस हिलस्टेशन में वर्षभर मौसम खुशनुमा रहता है। लेकिन ठंड के मौसम में यह छुट्टियां मनाने के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। दर्शनीय स्थलों, पहाड़ियों, नदी-झरनों, चारों ओर फैली हरियाली को देखने यहां बड़ी संख्या में सैलानियों का आना जाना लगा रहता है। मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा नित नए प्रयास किए जा रहे हैं। सैलानियों के ठहरने की सुविधा हेतु छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा रिजॉर्ट शैला और करमा का निर्माण किया गया है। जिससे आसानी से लोगों को रहने की सुविधा मिल सके। वहीं पर्यटन स्थलों में पहुंच मार्ग से लेकर सौंदर्यीकरण, आधारभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। इसी कड़ी में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैनपाट में मॉल रोड बनाए जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। मैनपाट

महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मैनपाट में मॉल रोड बनाने की घोषणा की गयी थी। जिसके परिप्रेक्ष्य में पर्यटन विभाग एवं राजस्व विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण किया जा चुका है, साथ ही प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। मॉल रोड हेतु दो साइट का निरीक्षण किया गया है जिसमें पेट्रोल पंप कमलेश्वरपुर से तिब्बती मंदिर तक मार्ग और पेट्रोल पंप कमलेश्वरपुर से निजी होटल तक मार्ग का निरीक्षण कर प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। शिमला-मनाली हिल स्टेशन के मॉल रोड बेहद प्रसिद्ध है। जहां स्थानीय मार्केट आकर्षण के केंद्र हैं। मैनपाट में मॉल रोड बन जाने से एक और आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रायः शिमला मनाली जैसे हिल स्टेशनों के मॉल रोड का एहसास अब मैनपाट आने वाले पर्यटकों को भी होगा। वहीं स्थानीय उत्पादों और मार्केट को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। स्थानीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से बूस्ट होगी।

शिक्षा के अधिकार में आदेशों की अवहेलना क्रियेशन पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विखं सीतापुर अन्तर्गत संचालित क्रियेशन पब्लिक स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण विखं शिक्षा अधिकारी सीतापुर के द्वारा किया गया। विखं शिक्षा अधिकारी सीतापुर के निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर अशासकीय विद्यालय क्रियेशन पब्लिक स्कूल भूसू को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार 2009 की धारा 18 क प्रयोजन के लिए सशर्त मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है, परन्तु विद्यालय द्वारा शिक्षा के अधिकार में वर्णित मानदण्डों एवं शर्तों का पालन नहीं करना तथा आदेशों की अवहेलना करने के कारण विद्यालय की मान्यता वापस ली गई है। वर्ष 2024-25 में अध्ययनरत कक्षावार छात्रों की सूची पालक-अभिभावकों का नाम पता मोबाईल नम्बर सहित 31 जनवरी 2025 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनिवार्यतः उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे इस विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अन्य सुविधाजनक विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की कार्यवाही की जा सके।

विज्ञान शिक्षक के रवैया से संस्था प्रमुख, छात्र-छात्राओं में नाराजगी, समय के पाबंद नहीं

■ छात्र-छात्राओं को आने वाले परीक्षा में होगी परेशानी

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरभरी जहां हाई स्कूल संचालित हो रहा है हाई स्कूल में एक विज्ञानं शिक्षक की स्कूल में उपस्थित होता है दोपहर को और सप्ताह में कभी नहीं आते हैं संस्था प्रमुख भी हैरान रहते हैं की पूर्व में शिक्षक विकासखंड शिक्षा शिक्षा अधिकारी (बीईओ)पद पर थे और अपने इस पद के दौरान नगरी विकास खंड के सभी स्कूलों के शिक्षकों की समय पर अपने स्कूल आना और रोज स्कूल समय तक उपस्थित देना अनिवार्य किया था स्कूल समय पर नहीं पहुंचने पर वह कभी-कभार स्कूल में स्कूल के शिक्षक के ऊपर उपस्थित होने पर के शिक्षक के ऊपर विभागीय कार्यवाही करता था वहीं शिक्षक आज शिक्षा विभाग के नियमों को ठेंगा दिखा रहा है और स्कूल में समय पर उपस्थित नहीं रहते है

जिसके चलते छात्र-छात्राओं का विज्ञान विषय में पढ़ाई नहीं हो रहा है साथ प्रैक्टिकल भी नहीं हो रहा है वही छात्र-छात्राओं ने बताया कि कुछ दिनों परीक्षा होने वाली है जिसमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा कहा गया छात्र-छात्राएं सरस्वती दुर्गेश्वरी विकास संजना सरिता चंद्रभान निकेश प्रीतलाल एवं कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं ने बताया हाई स्कूल खैरभरी के संस्था प्रमुख हरिनाथ पटेल ने बताया कि शासन के नियम अनुसार 10 से 4 बजे तक स्कूल लगने का दोपहर के बाद आते हैं शिक्षक सतीश प्रकाश सिंह को समय पर आने को कहां गए हैं कभी नहीं आते उस दिन सीएल छोड़कर जाते हैं कहा गया साथ इसकी जानकारी मौखिक रूप से उच्च अधिकारी को गांव की प्रबंधन समिति एवं गांव के लोगों को बताया गया है कहा गया शाला समिति के उपाध्यक्ष सेवाराम नेताम ने कहा कि यह दोपहर के बाद आने के बाद एक विषय पढ़ने के बाद चले जाते हैं ऐसे शिक्षक होने हमारे बच्चों का विज्ञान विषय का ठीक से नहीं पड़ना है परीक्षा पर असर दिखाई देगा जिसके चलते हमारे बच्चों का जीवन में पढ़ाई अंधकार में हो रहा है कहा गया ऐसे शिक्षक का स्थानांतरण यहां से कर देने की बात कही। वही गांव के सरपंच ईश्वरी बाई नेताम ने कहा कि गांव स्तर पर ऐसे शिक्षक को कई बार समय पर आने को कहा गया है उसके बाद भी शासन के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं ऐसे शिक्षकों का यहां से स्थानांतरण होनी चाहिए उच्च अधिकारी को निर्देशित इसके विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की बात कही।

जिसमें समस्त गौतम राम नेताम जीवन कुमार वटी जागेश्वर नेताम अरुण कोरामं दिनेश मंडावी घुरुव मरकाम एवं समस्त ग्राम वासियों ने बताया ऐसे शिक्षकों का यहां से स्थानांतरण होना चाहिए गांव के मुंह जुबानी का कहना है कि ऐसे शिक्षकों का तुमड़ीबाहर पंचायत हाई स्कूल में पदस्थ 1साल तक थे स्कूल नहीं आने के कारण वहां के पालक के द्वारा गांव में आंदोलन कर इसका स्थानांतरण करवाया गया है उसके बाद भी ऐसे शिक्षक का रवैया आज भी नहीं बदला विभागीय अधिकारी के उदासीनता के चलते हौसले बुलंद है या साफशब्दों में दिखाई दे रहा है।

न्यूज गैलरी

संत थवाईत दक्षिण एशिया बिरादरी संगठन के राज्य संयोजक नियुक्त

कवर्धा/नवप्रदेश। दक्षिण एशिया बिरादरी संगठन के विगत दिनों हरिद्वार में आयोजित सम्मिट में संगठन का पुर्नगठन किया गया जिसमें अध्यक्ष दीपक मालवीय ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए वरिष्ठ सदस्य संत थवाईत को राज्यसंयोजक नियुक्त किया। विदित हो कि थवाईत इस संगठन से विगत तीस वर्षों से जुड़े हुए है इस संगठन का उद्देश्य दक्षिण एशियाई देशों के बीच शांति सामंजस्य ,सहअस्तित्व ,मैत्री एवं सहयोग बढ़ाने के साथ साथ इन देशों की समस्याओं को वैश्विक स्तर पर सामने लाकर सम्बंधित देशों की सरकारों से दूर कराने के लिए नीति निर्माण सुझाव और परामर्श देना है। थवाईत की इस नियुक्ति पर चाम्पा के प्रोफ़ेसर भूपेंद्र पटेल,कटघोरा कालेज के प्रोफेसर,शिवदया पटेल,दुर्ग के रवि देशमुख,राजनांदगांव के आशीष वर्मा ,रायगढ़ के बाबूभाई वास रायपुर के संजीव थवाईत सहित प्रदेश भर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित करते हुए संगठन के विस्तार कार्य को गति देने की अपेक्षा किये हैं।

मकई तालाब का अमृत मिशन में हुआ चयन

धमतरी/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की अमृत मिशन योजना के तहत शहर के अति प्राचीन तालाब मक ई तालाब का चयन किया गया है भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व सांसद रुपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मक ई तालाब के सौदर्यीकरण के लिए अतिशीघ्र राशि प्राप्त होगी जिससे मक ई तालाब का कायाकल्प होगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय धमतरी के विकास के लिए हमेशा आशान्वित रहते हैं। रामू रोहरा ने मक ई तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए इस अवसर पर उनके साथ नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, निगम उपायुक्त पीसी सार्वा पार्षद मिथलेश सिन्हा,प्राची सोनी, गोपाल साहू आदि उपस्थित थे।

मुनईकेरा सरपंच ने वाटर डिस्पेंसर और छड़ी भेंट किया

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मुनईकेरा के सरपंच महेन्द्र नेताम ने 30 दिसम्बर को पेंशनर स्थापना दिवस पर पेंशनर समाज तहसील नगरी को वाटर डिस्पेंसर और वरिष्ठजनों को छड़ी भेंट किया। सरपंच महेन्द्र नेताम ने बताया कि सर्दी में प्रायः वरिष्ठ जनों को गरम पानी की दरकार होती है। साथ ही पेंशनरों को कार्यालय में गरम पानी की सुविधा मिले, इस हेतु ये वाटर डिस्पेंसर भेंट किया गया। वाटर डिस्पेंसर में नार्मल, ठंडा और गरम पानी की सुविधा है। पेयजल स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए ये भेंट किया गया। साथ ही वरिष्ठ पेंशनरों के आग्रह पर उन्हें छड़ी प्रदान किया। इस दौरान पेंशनर समाज के अध्यक्ष आर एल देव,पदाधिकारीगण, सदस्यों और वरिष्ठजनों ने सरपंच महेन्द्र नेताम की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

सीईओ कन्नौजे ने बिल्डिंग सामग्री विक्रेता एवं मटेरियल सप्लायरों की बैठक ली

बालोद/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कामर्स एवं छत्तीसगढ़ कान्ट्रेक्टर एसोसिएसन बालोद की उपस्थिति में बिल्डिंग सामग्री विक्रेता एवं मटेरियत सप्लायरों की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने उपस्थित समस्त व्यापारीगण एवं जिला स्तरीय अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि वृहद आवास निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर पर गृह पोर्टल का निर्माण किया गया है।

मंच की ओर से अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

नव वर्ष के स्वागत में बड़े बाजार स्थित सांस्कृतिक मंच की प्रस्तुति

महिला सशक्तिकरण को समर्पित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

पिपरिया/नवप्रदेश। नगर पंचायत पिपरिया में लगातार सक्रिय रहकर काम करने वाली नवयुवकों की टीम कबीरा खड़ा बाज़ार में.. प्रगतिशील वैचारिक मंच द्वारा आगाज़ 2022 एवं 2023,2024 की शानदार सफलता के बाद नव वर्ष 2025 के स्वागत को लेकर स्थानीय बड़े बाजार स्थित सांस्कृतिक मंच पर आगाज 2025 महिला सशक्तिकरण को समर्पित रिकार्डिंग नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस बार के आयोजन में खास बात यह रही कि नगर की प्रतिष्ठित एवं सफल महिलाओं जिन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य, राजनीति, सामाजिक, क्षेत्र में विशेष कार्य किया है को मंच की ओर से अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गंगा सेन, प्रधान पाठक, संयोगिता सोनी, शिक्षिका संतोष साहू, स्वाति शर्मा, सुप्रिया तिवारी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ बॉबी चंद्रवंशी, डॉ पारखी ध्रुव, शकुंतला कोमरे, राजेश्वरी दास मानिकपुरी, राजनीति के क्षेत्र में नगर की प्रथम महिला हिना विक्की अग्रवाल, इंद्राणी शत्रुघ्न साहू, कुमारी तुकाराम साहू, केवरी लोकेश साहू, राजिम सुंदर साहू, दुर्गा कमलकांत नाविक, अनिता अनिल दानी, सुनीता गणेश चंद्रवंशी, संध्या रविन्द्र देवांगन, अमरीका कोमल पटेल, मेलन बुधरु पटेल, सामाजिक क्षेत्र में कल्पना मनोहर लाल चंद्रवंशी, रश्मि घनश्याम केशरी, गरिमा सतीश गुप्ता, रितु अमित केशरी आदि शामिल रहे। साथ ही नगर स्थित सभी शालाओं के विद्यार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय एवं नगर के प्रतिभावान युवाओं ने भी अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता सीनियर वर्ग और जूनियर वर्ग दो स्तरों पर आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित महिलाओं द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण से किया गया। तत्पश्चात टीम के संरक्षक घुरवा राम साहू, समय लाल विवेक, डॉ एम एल चंद्रवंशी जनप्रतिनिधियों लोकेश साहू, सुंदर साहू, गणेश चंद्रवंशी,कमलकांत नाविक, रविन्द्र देवांगन, शिवचरण पटेल, कोमल पटेल एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रवंशी द्वारा उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया गया। सम्मान के कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्यों, कर्मा, ददरिया, सुवा, रावतनाचा, के साथङ्कसाथ राजस्थानी, गुजराती, मराठी भोजपुरी गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी एक भारत श्रेष्ठ भारत का दर्शन पिपरिया के बड़े बजार में झलका, साथ ही हिंदी फिल्मी गीतों पर भी छात्र जमकर नाचे ।

प्रतिभागी शालाओं में शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी मीडिया स्कूल पिपरिया, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, यूनिक कान्वेंट स्कूल, कर्मा विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय महाविद्यालय के साथ-साथ नगर के युवाओं की टोली भी रही। आगाज 2025 कार्यक्रम में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया, द्वितीय स्थान सौम्या एवं साथी , तृतीय स्थान पर शासकीय महाविद्यालय पिपरिया ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान ग्लोरियस स्कूल पिपरिया द्वितीय स्थान कर्मा विद्या मंदिर एवं तृतीय स्थान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिपरिया ने प्राप्त किया।

आरक्षण की कार्यवाही 8 जनवरी को

पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की संशोधित समय सारणी जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदो के आरक्षण के लिए संशोधित समय - सारणी जारी की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायतो के सरपंच, पंच पदो के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 8 जनवरी 2025 को जिले के सभी जनपद पंचायतों में सुबह 10 बजे की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य, जनपद के अध्यक्ष एवं सदस्य के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थान के आबंटन आरक्षण की कार्यवाही 09 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में वन विभाग ऑक्शन हॉल में स्वयं विहित प्राधिकारी कलेक्टर जिला गरियाबंद द्वारा जिले के आम नागरिकों की उपस्थिति में की जायेगी। आरक्षण की प्रक्रिया प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्राम पंचायत के सरपंच, वार्ड पंच, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं जनपद निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना जारी कर दी है। उन्होंने निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही सम्पन्न कराने के निर्देश दिये है। आरक्षण संबंधी सम्पूर्ण कार्यवाही का समय - समय पर जनसाधारण की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आम सूचना समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों, तहसील कार्यालयों, जनपद कार्यालयों, ग्राम पंचायत कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत के सहज दृश्य स्थलों पर चस्पा कराने एवं इस संबंध में मुनादी कराने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आम सूचना अनुसार ग्राम पंचायतों के सरपंच पद एवं पंच पदो के आरक्षण की कार्यवाही के लिए संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी को लॉट निकालने के लिए विनिर्दिष्ट अधिकारी प्राधिकृत किया गया है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत गरियाबंद के लिए राकेश गोलछा, तथा जनपद पंचायत देवभोग के लिए तुलसीदास मरकाम विनिर्दिष्ट अधिकारी होंगे।

नगरपालिका का अभियान

कडक़ड़ाती ठंड मे अल सुबह से चल रहा शहर मे सफाई अभियान

■ समय से पहले हो रही सफाई से लोगो को मिल रही बड़ी राहत

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिका मे सफाई व्यवस्था को दूरूस्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है । पालिका मे नए सीएमओ नरेश वर्मा ने पदस्थापना के बाद अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेकर शहर मे सफाई व्यवस्था सबसे बेहतर करने के निर्देश दिए थे । इसके बाद सफाई विभाग की कार्यवाही मे तेजी लाई गई है । अमूमन सुबह छह सात बजे से शुरू होने वाली सफाईअब अलसुबह साढ़े पांच बजे से शुरू हो रही है । इसका फायदा शहरवासियों को मिल रहा है । दिन निकलने से पहले ही सडक़ो, गलियों, बाजारो की सफाईहोने से लोगो को समय से पहले सार्वजनिक जगहो पर सफाईमिल रही है । स्वच्छता प्रभारी टोडर सिंह ने बताया कि अल सुबह सफाई व्यवस्था को समयानुसार एक घंटे आगे कर दिया गया है । इसके चलते शहर मे सफाई व्यवस्था मे तेजी आई है । शहर मे ईतवारीबाजार, गोलबाजार, जय स्तंभ चौक, मुख्य मार्ग, राजनांदगांव कवर्धा मार्ग, बस स्टैण्ड परिसर, सिविललाइन जैसे इलाको मे स्वच्छता कर्मी अल सुबह से सफाई अभियान मे जूट रहे है । इसके अलावा अन्य मार्गो, वार्डो मे भी नियमित सफाई प्रारंभ कराई गई है । व्यवस्था बनाने ई रिक्शा के साथ साथ अब पालिका के टेक्टर सहित अन्य सफाईवाहनों को भी अभियान मे तैनात किया गया है । शहर के सार्वजनिक शौचालय वाले इलाको मे भी बेहतर व्यवस्था बनाने सफाई अभियान के लिए स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की गई है । ताकि समय पर सफाई होने का लाभ हितग्राहियों को भी मिल सके । नए सीएमओ वर्मा ने शहर मे घर घर कचरा संग्रहण कार्य मे भी मजबूती के निर्देश दिए है । शहर के बीस वार्डो मे घर घर कचरा संग्रहण करने वाहन की कमी सबसे बड़ी परेशानी सामने आई है । सीएमओ वर्मा ने इसकी खरीदी प्रक्रिया की जानकारी लेते त्वरित कार्यवाही करने कहा है । इससे पहले वार्डो मे कचरा संग्रहण रोजाना किए जाने की व्यवस्था बनाने अन्य वाहनो को इसमे लगाया गया है । ताकि वार्डो मे कचरा इकटठा न हो सके ।

एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 15 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

बालोद/नवप्रदेश। आदिम जाति कल्याण अवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 15 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन की पूर्व तिथि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई थी।

मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान गाड़ियों के पार्किंग के लिए रूट चार्ट जारी

■ राजिम, छुरा, फिंगेश्वर तरफसे आने वाली गाड़ियां गुरूकुल कॉलेज में होगी पार्क

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गरियाबंद जिले में प्रवास कार्यक्रम 05 जनवरी 2025 को प्रस्तावित है। इस संबंध में मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल में शामिल होने वाले लोगों के गाड़ियों के पार्किंग के लिए रूट चार्ट जारी किया गया है। साथ ही पार्किंग स्थल बनाया गया है। राजिम तरफसे एनएच के माध्यम से आने वाली गाड़ियां मालगांव चौक से कोचवाय मोड़ तक आते हुए कोकड़ी, तवंरबाहरा के तरफसे गुरूकुल कॉलेज में पार्क होंगी। छुरा-फिंगेश्वर से आने वाली गाड़ियां भी कोकड़ी, तवंरबाहरा के तरफसे गुरूकुल कॉलेज में पार्क होंगी। इसी प्रकार मैनपुर, देवभोग एवं पारागांव तरफकी गाड़ियां देवभोग रोड़ में स्थित कन्या छात्रावास के सामने पार्क होंगी।

कलेक्टर ने छिंदगांव में किसानों द्वारा लिए जा रहे मक्का फसल का लिया जायजा

■ ग्राम पटेली में निर्मित एनीकट से सिंचाई की मिली सुविधा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरूवार 02 जनवरी को डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान छिंदगांव में मक्का फसल एवं पटेली में एनीकट का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम छिंदगांव में किसानों से मक्का फसल के उत्पादन के संबंध में चर्चा की। इस दौरान किसानों ने फसल उत्पादन के समय आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें उन्होंने मक्का बेचने हेतु सोसायटी नही होने की समस्या, उड़द, मक्का बीज की उपलब्धता की समस्या को बताया। किसानों ने प्रतिएकड़ मक्का का उपज 25-30 क्विंटल उत्पादन होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 एकड़ में 'पापकार्न' हेतु कच्चा मक्का बीज विक्रय हेतु फसल तैयार किया गया है। किसानों ने बताया कि धान के बदले मक्का उत्पादन से कम पानी में अच्छी फसल की पैदावार हो जाती है। उन्होंने बताया कि 70-75 एकड़ में 50-60 किसानों ने मक्का उगाया है। इस तरह अन्य किसान भी मक्का उत्पादन के लिए प्रेरित हो रहे है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को किसानों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने एवं उनके समस्याओं के समाधान का उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सूचना का अधिकार...

प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल, अधिकारियों पर कर्तव्य में लापरवाही और धोखाधड़ी का आरोप

आरटीआई का जवाब देने में लापरवाही, अधिकारी ने नियमों की उड़ाई धज्जियां

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी देने में हुई लापरवाही ने जिले के प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गोपी अजय ने RTI आवेदन (आईडी नंबर: 220240916004853) के माध्यम से शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल जतन योजना में 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 के बीच प्राप्त राशि और खर्च का विवरण मांगा था। उन्होंने ?10 आवेदन शुल्क और ?22 की सूचना शुल्क का भुगतान भी समय पर किया। इसके बावजूद, संबंधित जन सूचना अधिकारी ने अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई।

गोपी अजय ने मामले में प्रथम अपील भी दायर की, जिसके लिए ?50 शुल्क का भुगतान किया गया, लेकिन अपील अधिकारी ने भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। इससे पीड़ित नागरिक को मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आरोप- पीड़ित का कहना है कि अधिकारियों ने जानकारी न देकर उनके अधिकारों का उल्लंघन किया और यह सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 7(1) और 20 का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर कर्तव्य में लापरवाही और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

मांग- पीड़ित ने प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, सूचना समय पर न देने और मानसिक उत्पीड़न के लिए मुआवजा प्रदान किया जाए तथा अपने कर्त्तव्य का पालन न करने विधि द्वारा बनाये नियम का उलंघन करने तथा विश्वासघात व चार्ज लेकर जानकारी न दे धोखा करने के आरोप मे स्त्रढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की है।

कानून के अनुसार

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, यह मामला IPC की धारा 166, 409 और 420 (कर्तव्य में लापरवाही,विश्वासघात और धोखाधड़ी) और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 20 के तहत कार्रवाई योग्य है। पीड़ित दूसरी अपील कर सकते हैं और राज्य सूचना आयोग से न्याय की गुहार लगा सकते हैं।

प्रशासन की चुप्पी

इस मामले में संबंधित विभाग और अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

निष्कर्ष

इस घटना ने जिला प्रशासन की पारदर्शिता और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि शासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित को न्याय मिलता है या नहीं।

अभा सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 13 जनवरी तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। शिक्षा सत्र 2025-26 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा छठवीं एवं नवमीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आयोजित किया जाना है। परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के आधिकारिक वेबसाईट पर बाद में घोषणा किया जाएगा। प्रभारी प्राचार्य ले0कर्नल डॉ.पी. निवास ने बताया कि सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाईट https://e&ams.nta.ac.in/AISSEE/ पर 13 जनवरी तक भरे जाएंगे।

न्यूज गैलरी

घरों में दालों व अनाज पर खर्च पांच फीसदी कम हुआ

नई दिल्ली। भारतीय घरों के खर्च में पिछले 12 वर्षों के दौरान बड़ा बदलाव आया है। अब लोग खाद्य पदार्थों पर खर्च में कटौती कर गैर खाद्य पदार्थों पर खर्च बढ़ा रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध अध्ययन में यह बात सामने आई है। भारतीय घरों के खर्च में पिछले 12 वर्षों के दौरान बड़ा बदलाव आया है। अब लोग खाद्य पदार्थों की तुलना में गैर खाद्य पदार्थों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध अध्ययन में यह बात सामने आई है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट से परिवारों के उपभोग में बदलाव के कई रुझानों का पता चला है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय घरों में दालों और अनाज की खपत करीब 5% तक कम हुई है। यह बदलाव शहरी और ग्रामीण, दोनों ही इलाकों में हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, शहरी और ग्रामीण इलाकों में दालों व अनाज की खपत में 5 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों का उपभोग व्यवहार बदल रहा है। पिछले 12 वर्षों के दौरान शहरों व गांवों दोनों ही क्षेत्रों में लोगों ने खाद्य पदार्थों की तुलना में गैर खाद्य पदार्थों पर अधिक खर्च किया है। रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों पर खर्च में बड़ी कटौती की बात कही गई है। ग्रामीण इलाकों में खाने-पीने की चीजों पर 2011-12 के दौरान करीब 52.9 प्रतिशत तक खर्च होता था। शहरों में खाने-पीने पर 2011-12 के दौरान करीब 42.62% खर्च होता था, वर्तमान में यह आंकड़ा 2.92% घटकर 39.68% पर आ गया।

केंद्र ने पेश किया बैंकनेट पोर्टल, एक ही जगह मिलेगी सरकारी सूचनाएं

दिल्ली। औद्योगिक भूमि, दुकानों, गाड़ियों और कृषि एवं गैर-कृषि जमीन समेत अन्य वाणिज्यिक संपत्तियों की ई-नीलामी एक पोर्टल पर होगी। सरकार ने इसके लिए शुक्रवार को नया 'बैंकनेट' पोर्टल पेश किया है, जहां एक ही जगह सारी सूचनाएं मिलेंगी। 1.22 लाख से अधिक संपत्तियों को ई-नीलामी के लिए नए पोर्टल पर स्थानांतरित कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा, 'बैंकनेट' पोर्टल ई-नीलामी वाली संपत्तियों के बारे में सभी सरकारी बैंकों से जानकारी को इकट्ठा करता है। इन सभी संपत्तियों के विवरणों को एक ही स्थान पर एकत्र कर यह पोर्टल इनकी ई-नीलामी के बारे में जानकारी जुटाने और उसमें शामिल होने की प्रक्रिया को आसान बनाता है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा, पोर्टल के शुरू होने से सरकारी बैंकों की बकाया वसूली में मदद मिलेगी।

केतन पारेख की पत्नी के फोन से गोरखधंधे का खुलासा

नई दिल्ली। शेयर बाजार में 2000-2001 के दौरान हुई गिरावट में अपनी भूमिका के लिए बदनाम केतन पारेख का नाम एक बार फिर एक बड़े वित्तीय घोटाले के केंद्र में है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक फ्रंट-रनिंग स्कैम का पर्दाफाश किया है। सेबी के अनुसार पारेख ने गैर-सार्वजनिक सूचना (एनपीआई) का इस्तेमाल करके शेयर बाजार में अवैध सौदे किए। भारतीय शेयर बाजार से जुड़ा एक और घोटाला सामने आया है। इस घोटाले का खुलासा खुद बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड यानी सेबी ने किया है। इस घोटाले में जिन लोगों का नाम सामने आ रहा है वे पहले भी निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाने के आरोप में जेल जा चुके हैं। सेबी ने जिस ने घोटाले का खुलासा किया है वह क्या है? स्कैम के जरिए कितने रुपये की गड़बड़ी की गई? स्कैम में कौन लोग शामिल हैं? उन्होंने कैसे घोटाले का अंजाम दिया? उनपर पहले से क्या आरोप हैं? शेयर बाजार में 2000-2001 के दौरान हुई गिरावट में अपनी भूमिका के लिए बदनाम केतन पारेख का नाम एक बार फिर एक बड़े वित्तीय घोटाले के केंद्र में है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक फ्रंट-रनिंग स्कैम का पर्दाफाश किया है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष को भी इसका सदस्य नियुक्त किया

केंद्र सरकार डब्ल्यूपीआई में करेगी बदलाव, बनाया वर्किंग ग्रुप

नई दिल्ली। सरकार द्वारा गुरुवार को ऐलान किया गया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की वर्तमान सीरीज के आधार को 2011-12 से 2022-23 तक संशोधित करने के लिए नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद की अध्यक्षता में एक वर्किंग ग्रुप का गठन किया गया है।

वर्किंग ग्रुप को अपनी अंतिम रिपोर्ट आर्थिक सलाहकार के ऑफिस को 18 महीने के अंदर जमा करने को कहा गया है। वर्किंग ग्रुप के सदस्यों में आरबीआई, वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग, सांख्यिकी मंत्रालय, उपभोक्ता मामलों के विभाग, कृषि विभाग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष को भी इसका सदस्य नियुक्त किया गया है। गैर-आधिकारिक सदस्यों में अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य शमिका रवि, क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी, कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट के एमडी नीलेश शाह और बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच के सह-प्रमुख एवं अर्थशास्त्री इंद्रनील सेनगुप्ता शामिल हैं।

वर्किंग ग्रुप अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तनों के संदर्भ में आधार वर्ष 2022-23 के साथ डब्लूपीआई और पीपीआई (उत्पादक मूल्य सूचकांक) की कमोडिटी बास्केट के लिए सुझाव जैसे विषयों पर भी कार्य करेगा। वर्किंग ग्रुप मूल्य संग्रहण की मौजूदा प्रणाली की समीक्षा करेगा और सुधार के लिए सुझाव देगा। यह डब्ल्यूपीआई/पीपीआई के लिए अपनाई जाने वाली गणना पद्धति पर भी निर्णय लेगा और मूल्य एवं जीवन-यापन लागत की सांख्यिकी पर तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा अप्रूव्ड की पीपीआई के कलेक्शन की पद्धति की जांच करेगा, संकलन और प्रस्तुति में आगे सुधार का सुझाव देगा। डब्ल्यूपीआई से पीपीआई पर स्विच करने के लिए रोडमैप की सिफारिश करेगा। वर्किंग ग्रुप अब तक अपनाई गई लिंकिंग फैक्टर की गणना की विधि की आगे जांच करेगा। अगर जरूरी हुई तो लिंकिंग फैक्टर की गणना की विधि में उचित परिवर्तन का सुझाव देगा। इसके अलावा वर्किंग ग्रुप डब्लूपीआई/पीपीआई की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आवश्यक किसी भी अन्य सुधार का सुझाव दे सकता है। अगर यह जरूरी होता है तो वर्किंग ग्रुप के अध्यक्ष को अन्य एजेंसियों से विशेषज्ञों को चुनने की अनुमति है।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था विकास के बारे में मिश्रित संकेत दे रही है

2025 में तेजी से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था, बेहतर रहेंगे तीसरी तिमाही के नतीजे!

नई दिल्ली। वर्ष 2025 की शुरुआत के साथ ही अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यभार संभालने से पहले दुनिया में अस्थिरता की स्थिति बनी हुई है, लेकिन, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में बताया गया कि जीएसटी संग्रह, सर्विस परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई), एयर पैसेंजर ग्रोथ और वाहनों का पंजीकरण में वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही की तुलना में वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मजबूत वद्धि देखने को मिली है। वहीं, दूसरी तरफ चीन के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार धीमी होती जा रही है और प्रशासन के लिए घरेलू खपत बढ़ाना और रियल एस्टेट सेक्टर को फिर से वृद्धि की ओर ले जाना एक चुनौती बन गया है।
अमेरिकी अर्थव्यवस्था विकास के बारे में मिश्रित संकेत दे रही है। श्रम बाजार में नरमी दिख रही है और मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं। खुदरा बिक्री, आवास बिक्री और सेवा क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यूरोप में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों ने अभी तक गति नहीं पकड़ी है। वहीं सेवा क्षेत्र फिर से अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।
भारत में चालू खाता घाटा (सीएडी) वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में जीडीपी का 1.2 प्रतिशत तक कम हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में यह जीडीपी के 1.3 प्रतिशत के बराबर था।बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री सोनल बधान ने कहा, पिछले वर्ष व्यापार घाटा अधिक था, सेवाओं के निर्यात में तेजी के साथ-साथ रेमिटेंस में निरंतर मजबूती ने चालू खाते घाटे को कम किया है। हमारे साल के अंत के बाजार विश्लेषण से पता चलता है कि सेंसेक्स और निफ्टी 50 दोनों ने कैलेंडर वर्ष 24 में 8.7 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। सेंसेक्स ने इस साल का नया ऑल टाइम हाई बनाया और 85,500 का आंकड़ा पार कर गया।2024 में रियल एस्टेट, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और आईटी का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। इस दौरान भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 2.8 प्रतिशत घटा, लेकिन इसका प्रदर्शन बाकी अन्य विदेशी मुद्राओं के मुकाबले काफी अच्छा था।रिपोर्ट के अनुसार, हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स ने अक्टूबर-दिसंबर 2024 की अवधि में मजबूत सुधार दिखाया है। जीएसटी संग्रह तीसरी तिमाही में 8.3 प्रतिशत (सालाना आधार पर) बढ़कर 5.5 लाख करोड़ रुपये हो गया है, और यह दूसरी तिमाही के 5.3 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है, जो उपभोग पैटर्न में और सुधार का संकेत देता है। इसके अलावा त्योहारी मांग के कारण शहरी उपभोग के अन्य संकेतकों में भी सुधार हुआ है। हवाई यात्रा में तीसरी तिमाही में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि दूसरी तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत थी।

सोने की कीमतों ने फिर खाई पलटी, घट गए दाम

मुंबई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने की कीमतें लाल निशान पर ट्रेड करती दिखाई दी। घरेलू बाजार में भी सोना गिरावट के साथ ट्रेड करता दिखा। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार सुबह 5 फरवरी 2025 की डिलीवरी वाला सोना 0.02 फीसदी या 17 रुपये की गिरावट के साथ 77,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

इससे पहले गुरुवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत बढ़त के साथ बंद हुई थी। सोना हाजिर 330 रुपये बढ़कर 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया था। सोने के साथ ही चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है। चांदी के घरेलू वायदा भाव लाल निशान पर ट्रेड करते दिखे। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुरुआती कारोबार में 5 मार्च 2025 की डिलीवरी वाली चांदी 0.23 फीसदी या 204 रुपये की गिरावट के साथ 88,969 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। इससे पहले गुरुवार को हाजिर बाजार में चांदी 130 रुपये बढ़कर 90,630 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

सोने की वैश्विक कीमतों में शुक्रवार सुबह तेजी देखी जा रही है। कमोडिटी मार्केट (कॉमेक्स) पर सोने का वैश्विक भाव 0.14 फीसदी या 3.80 डॉलर की बढ़त के साथ 2,672.80 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं, गोल्ड स्पॉट 0.01 फीसदी या 0.34 डॉलर की बढ़त के साथ 2,658.24 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। चांदी की वैश्विक कीमतों में तेजी देखने को मिली है। कॉमेक्स पर चांदी का भाव 0.20 फीसदी या 0.06 डॉलर की बढ़त के साथ 29.96 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ 6 जनवरी को खुलेगा

प्रति शेयर प्राइस बैंड रू133 से रू140 तय

नई दिल्ली। स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड, जो रेवन्यू के मामले में वित्तीय वर्ष 2024 में भारत के फार्मास्युटिकल और केमिकल सेक्टर्स के लिए शीर्ष पांच स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स में से एक है, ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए रू 133/- से रू 140/- प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड तय की है, जिसकी फेस वैल्यू रू10 है। कंपनी का यह आईपीओ सोमवार, 6 जनवरी 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और बुधवार, 8 जनवरी 2025 को बंद होगा। निवेशक कम से कम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड लगा सकते हैं। यह आईपीओ एक फ्रेश इशू रू210 करोड़ तक का है और जिसमें 1,42,89,367 इक्विटी शेयरों को इशू किया जाएगा। कंपनी द्वारा फ्रेश इशू से प्राप्त रू10 करोड़ का उपयोग मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। रू130 करोड़ का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए, और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए किया जाएगा, ताकि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों का पुनर्भुगतान किया जा सके। रू30 करोड़ का उपयोग एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड की मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए है।

केंद्र ने फेम-2 स्कीम के तहत 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए दिया इंसेंटिव

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दर को बढ़ाने के लिए लाई गई फेम-2 स्कीम के तहत 16.15 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को इंसेंटिव दिया गया है।

इसमें 14.27 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन, 1.59 लाख इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन, 22,548 इलेक्ट्रिक गाड़ियां और 5,131 ई-बस शामिल है। इसके अतिरिक्त, 10,985 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 8,812 स्थापना के लिए आवंटित भी कर दिए गए हैं।

भारी उद्योग मंत्रालय ने बताया कि 31 अक्टूबर, 2024 तक, कुल 8,844 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें से 6,577 करोड़ रुपये की सब्सिडी, 2,244 करोड़ रुपये कैपिटल एसेट्स पर और 23 करोड़ रुपये अन्य मदों पर खर्च किए गए हैं। इस योजना में चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम भी शामिल है और इससे महत्वपूर्ण नीतिगत पहलों को भी समर्थन मिला है, जैसे कि ईवी पर जीएसटी को कम करना और राज्य ईवी नीतियों को सक्षम बनाना। योजना के पहले चरण को शुरू में दो साल की अवधि के लिए मंजूरी दी गई थी, जो 1 अप्रैल, 2015 से शुरू हुई थी। योजना के सफल कार्यान्वयन के बाद, दूसरे चरण फेम- 2 को 2019 में 11,500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लॉन्च किया गया था, जिससे दो, तीन, चार पहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक बसों और ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों सहित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जा सके। कुल मिलाकर, देश में अब तक ईवी के लिए 25,202 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। कर्नाटक 5,765 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद महाराष्ट्र 3,728 और उत्तर प्रदेश 1,989 के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। भारी उद्योग मंत्रालय भारत में ईवी अपनाने पर जोर दे रहा है।

29 सितंबर, 2024 को मंत्रालय ने ईवी अपनाने में तेजी लाने, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने और देश में ईवी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना को अधिसूचित किया गया था। इस योजना का दो साल की अवधि के लिए 10,900 करोड़ रुपये का बजट है। कुल आवंटित बजट में से 2,000 करोड़ रुपये ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) की स्थापना के लिए रखे गए हैं।

खेल

सिडनी टेस्ट में भारत 145 रन से आगे

***पंत ने 184 के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी बनाई, जडेजा-सुंदर नाबाद; दूसरी पारी में स्कोर 141/6**

सिडनी। भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 145 रन आगे है। शनिवार को टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट खोकर 141 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 8 और वॉशिंगटन सुंदर 6 रन पर नाबाद लौटे। सिडनी में भारतीय टीम से ऋषभ पंत ने 33 बॉल पर 61 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 22 रन का योगदान दिया। केएल राहुल और शुभमन गिल 13-13 रन बना सके। विराट कोहली ने 6 रन बनाए। स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके। टी-ब्रेक से पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 181 रन पर ऑलआउट हुई। यहां इंडिया को पहली पारी में 4 रन की बढ़त मिली थी। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया से डेब्यू मैच खेल रहे ब्यू वेबस्टर ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 33 और सैम कोंस्टास ने 23 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।
भारत- जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।
ऑस्ट्रेलिया- पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

भारतीय हॉकी खिलाड़ी सुखजीत को अर्जुन अवॉर्ड मिलेगा

जालंधर। भारतीय खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2024 की घोषणा की। इस घोषणा के अनुसार, 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें पंजाब के जालंधर से भारतीय हॉकी टीम के युवा हॉकी खिलाड़ी सुखजीत सिंह का नाम भी शामिल है। सुखजीत सिंह को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। सुखजीत के सम्मान की खबर सुन परिवार बेहद खुश हैं। वहीं सुखजीत सिंह के पिता अजीत सिंह ने पंजाब के मुख्यमंत्री से उनके बेटे और खिलाड़ी जर्मनप्रीत को पंजाब पुलिस में डीएसपी का पद देने की अपील की है। परिवार ने सुखजीत से वीडियो कॉल पर बात कर उन्हें बधाई भी दी। भारतीय हॉकी टीम के युवा खिलाड़ी सुखजीत सिंह महज 26 साल के हैं और उन्होंने अपने बेहतरीन हॉकी प्रदर्शन से कम समय में ही बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। सुखजीत सिंह को 17 जनवरी को अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। इसे लेकर उनके परिवार में जश्न का माहौल है। सुखजीत सिंह के पिता पंजाब पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। पंजाब पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात सुखजीत के पिता अजीत सिंह ने कहा- पंजाब के बेटे को इनाम मिल रहा है। परिवार ने मुख्यमंत्री से बेटे को डीएसपी के पद पर नौकरी देने की मांग की है। सुखजीत सिंह के पिता अजीत सिंह का कहना है कि मैं खुद हॉकी खिलाड़ी रहा हूं। लेकिन मैं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाया। लेकिन मेरे बेटे ने मेरा सपना भी पूरा कर दिया। सुखजीत सिंह की मां कुलदीप कौर ने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। मां कुलदीप कौर ने कहा- उनके बेटे ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने पूरी भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी है।

न्यूज गैलरी

गंगाजल में जहर मिलाकर ली जान, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम सकरी में गंगाजल में जहर देकर युवक को पिलाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में अभनपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नरेन्द्र साहू 37 वर्ष ग्राम खोरपा का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक ग्राम सकरी आया था, जहां आरोपी खुशवंत साहू 37 वर्ष ने गंगाजल में सायनाइट जहर मिलाकर नरेन्द्र को पिला दिया। जिससे उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय पीड़िता ने अभनपुर थाना में शिकायत किया कि आरोपी नेमीचंद धीवर 24 वर्ष ने शादी का झांसा देकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

दुकान से 13 नग मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। इंद्रा चौक पुरानी मंडी कॉम्पलेक्स पास स्थित मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 13 नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ताकेश्वर साहू 34 वर्ष ग्राम अठोला का रहने वाला है। प्रार्थी इंद्रा चौक पुरानी मंडी कॉम्पलेक्स के पास मोबाइल शॉप चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर 13 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दूसरे की जमीन को अपना बताकर 10 लाख रुपए की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। दूसरे की जमीन को अपना बताकर 10 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डिकेश्वर सोनकर 31 वर्ष ग्राम खुड़मुड़ा अमलेश्वर का रहने वाला है। प्रार्थी ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि आरोपी उपेन्द्र चंद्राकर निवासी अश्वनी नगर पुरानी बस्ती ने ग्राम जमराव पाटन स्थित दूसरे की जमीन को अपना बताकर बयाना के तौर पर प्रार्थी से 10 लाख रुपए ले लिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी पुरानी बस्ती थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 36 चालकों पर 3.95 लाख का जुर्माना

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिला बलौदाबाजार- भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियानों में 03 जनवरी 2025 को न्यायालय ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 36 वाहन चालकों को 3,95,000 का अर्थदंड लगाया। यातायात शाखा बलौदाबाजार, सिमगा, कसडोल और थाना गिधपुरी में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग के दौरान 36 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। इन मामलों में 29 चालकों को 10,000-10,000 और 07 चालकों को 15,000-15,000 का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने इन सभी वाहन चालकों के वाहनों को विधिवत रूप से जब्त किया और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

जशपुर जिले में 357 करोड़ रुपए से अधिक की धान खरीदी

जशपुरनगर/नवप्रदेश। धान खरीदी के एवज में 23018 किसानों को 3,57,32,48,053 रूपए (तीन सौ संतावन करोड़ बत्तीस लाख अड़तालीस हजार तिरपन रूपये) का विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को किया गया है भुगतान 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से हो रही तीव्र गति से धान उठाव प्रारम्भ, डीवो जारी 1393370.00 क्विंटल धान उठाव 661609.20 क्विंटल जशपुर जिले में सुव्यवस्थित रूप से धान की खरीदी की सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। जिले में 14 नवम्बर से अब तक 173615.56 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक जिले के 23018 किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में किसानों को शीघ्र भुगतान किया जा रहा है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 51180 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

गंगरेल बांध मोह लेता है पर्यटकों का मन

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के बड़े बांधों में से धमतरी जिले के गंगरेल में महानदी पर बने रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध की खूबसूरती सभी को लुभाती है। इसी वजह से लाखों लोग यहां आते हैं। महानदी अत्यंत विशाल नदी है, जिसका उद्गम धमतरी जिले के सिहावा पर्वत से होता है और यह नदी अपने उद्गम के बाद उत्तर-पूर्व दिशा में प्रवाहित होती है। इस नदी पर बड़े-बड़े बांधों का निर्माण किया गया है, जिनमें से प्रमुख हैं रुद्री बांध, गंगरेल या रविशंकर बांध और उड़ीसा में निर्मित हीराकुंड बांध छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बांध गंगरेल या रविशंकर बांध इसी नदी पर निर्मित है।

यहां दर्शनीय स्थल मां अंगारमोती मंदिर के अलावा बोटिंग, मिनी गोवा, रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित गार्डन पर्यटकों का मन अपनी ओर मोह लेती है। गंगरेल डैम पर खूबसूरत हट बने हुए हैं, जाहं से बांध के पास रहने और 24 घंटे उसे निहारने का आनंद भी उठाया जा सकता है। ग्राम छाती की डिगेश्वरी साहू बताती हैं कि वे अपने परिवार के साथ गंगरेल घूमने आती रहतीं हैं। यहां का शांत वातावरण, अंगारमोती का दर्शन कर उन्हें काफी अच्छा लगता है। इसके साथ ही बोटिंग, आकर्षक गार्डन और नदी को देख मन प्रफुल्लित होने लगता है। वहीं महासमुंद जिले से गंगरेल पहुंची कुमारी मोना साहू और उनके साथियों ने गंगरेल के मनोरम वातावरण, बोटिंग, विशाल नदी और अंगारमोती मां के मंदिर की काफी प्रशंसा की।

एशिया का प्रथम स्वचलित सायफन स्पिल-वे मुरूमसिल्ली बांध पर्यटन का केन्द्र

मुरूमसिल्ली जलाशय महानदी संकुल (काम्पलेक्स) का यह सबसे पुराना महत्वपूर्ण जलाशय हैं। मुरूमसिल्ली जलाशय महानदी की सहायक नदी सिलियारी नदी पर धमतरी जिला मुख्यालय से 28 किमी. दक्षिण में मुरूमसिल्ली गांव के पास बनाया गया हैं। इस जलाशय में अतिरिक्त जल निकास हेतु अपने आप चलने वाला विशेष एवं अद्वितीय स्पिलवे साइफन सिस्टम का निर्माण किया गया, जो कि उस समय की गहन अध्ययन एवं रूपांकन की सूझ-बूझ दर्शाता हैं। इस तरह का स्वचालित सायफन स्पिल-वे का निर्माण एशिया का प्रथम निर्माण था। अतः आटोमेटिक स्पिल-वे सायफन का निर्माण एक विशिष्टता लिये हुये है। जिसको सिविल इंजीनियरिंग की पुस्तक ऑटोमेटिक स्पिलवे सायफन ऑफ मुरूमसिल्ली डैम डिजाईन इन टेक्सट बुक इन सिविल इंजीनियरिंग (इरीगेशन इंजीनियरिंग सायफन वियर्स एंड लॉक्स राईटर बाय सर्ज लेलीयाव्स्की) में अध्ययन हेतु उल्लेखित किया गया है। इस तरह का यह स्पिल-वे भारत वर्ष में अद्वितीय है।

सायफन स्पिल-वे का रूपांकन भी उस समय की गहन अध्ययन व सूझ-बूझ दर्शाता है। बांध के बन जाने के साथ विभिन्न सायफन चलाने की व्यवस्था की गयी है। सायफन स्वतः ही चलने लगते है। मुख्य सायफन के साथ-साथ बेवी सायफन लगे हुये है, जैसे-जैसे जल स्तर बांध में बढ़ता है, वृहदस्तर बेवी सायफन चलना प्रारंभ होते है। जल स्तर बढने पर बेवी सायफन प्राइमिंग कर देते है व मुख्य सायफन चलने लगते है। सन् 1978-79 में महानदी परियोजना अंतर्गत रविशंकर जलाशय के निर्माण के बाद मुरूमसिल्ली जलाशय का पूरक जलाशय के रूप में प्रयोग किया जाने लगा।

शिवनाथ तट को पर्यटन के रूप में विकसित करे : ईश्वर राजपूत

महमरा घाट में लक्ष्मण झूला का अब तक निर्माण नहीं

दुर्ग /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मंच ने शिवनाथ तट महमरा घाट में शिवनाथ सौंदर्यीकरण एवं लक्ष्मण झूला लगाने के लिए विधायक गजेन्द्र यादव से गुहार लगाई है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विगत कई वर्षों से वह शहरवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को रायपुर के महादेव घाट पर बने लक्ष्मण झूला निर्माण के पूर्व से लगातार उठाते आ रहे हैं। राजिम त्रिवेणी संगम पर भी लक्ष्मण झूला का निर्माण हो चुका है परंतु दुर्ग में नहीं ।पूर्व शासन के दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा के माध्यम से जल संसाधन विभाग द्वारा इसके लिए लगभग 30 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुए थे। लेकिन शहर विकास के प्रति रुचि नहीं लेने एवं इच्छाशक्ति के अभाव में इसे कार्यरूप में परिणित नहीं किया जा सका। लक्ष्मण झूला निर्माण एवं शिवनाथ को पर्यटन के रूप में विकसित कर शहरवासियों को मनोरंजन,पर्यटन के लिए सबसे बड़ी सौगात दी जा सकती है । छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग ने विधायक गजेन्द्र यादव से इस दिशा में सक्रियता से पहल कर शिवनाथ तट में लक्ष्मण झूला एवं शिवनाथ का सौंदर्यीकरण करवाने की मांग की है।

प्रदेश के सुंदर तटों में से एक

महमरा घाट जिसके दोनों ओर पर्याप्त हरियाली है। दोनों ओर पर्याप्त रंगीन प्रकाश व्यस्था,घाट को सुंदर बनाकर,वाटर टूरिज्म,रंगीन म्यूजिकल फव्वारा,सुंदर पार्क बनाकर इसे पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सकता है। लक्ष्मण झूला निर्माण एवं शिवनाथ सौंदर्यीकरण होने के बाद शहरवासियों के अलावा प्रदेश के लोग भी यहां हजारों की संख्या में सैर सपाटे करने आयेंगे। मांग करने वालों में मंच के तुलसी सोनी, दिनेश जैन, गुलाब चौहान, रमन सिंह, त्रिलोक सोनी, युनुस चौहान, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी,बाबू भाई, जवाहर सिंह राजपूत, ललित वर्मा, अजय झग्गर साहू, गुरमीत सिंग, दिलीप सिंग सहित अन्य लोग शामिल हैं।

पर्यटकों को आकर्षित कर रहा सतरेंगा

कोरबा/नवप्रदेश। शहर से लगभग चालीस किलोमीटर दूर हरे-भरे वादियों में खूबसूरती को समेटे हुए सतरेंगा पर्यटन स्थल कोरबा ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। बांगो डूबान का यह इलाका अब पानी का एक विहंगम दृश्य के रूप में सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां आने वाले पर्यटक न केवल समुद्र जैसे नजारे को देख आनंदमय होते हैं,ऊंची चोटी वाले पर्वत भी उन्हें लुभाता है।

शहर से रूमगरा, चुईया, अजगर बहार के रास्ते सतरेंगा पहुंचा जा सकता है। सतरेंगा बांगो डूबान के क्षेत्र में आता है। यहां पानी के किनारे पर्यटक आसानी से घूम-फिर सकते हैं और दूर तक नजर आती पानी के नजारों को देख सकते हैं। आसपास में हरे-भरे पेड़ पौधे है, जहां पर चहलकदमी की जा सकती है। एक छोटा सा उद्यान भी यहां है, जो छोटे बच्चों के लिए हैं। कुछ साल पहले तक सतरेंगा तक जाने पक्की सड़क भी नही थीं। अब पक्की सड़क के बन जाने के बाद सतरेंगा तेजी से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहा पर्यटन विभाग द्वारा कॉटेज भी बनाएं गए हैं। जहां ठहरने और रात रूक कर सुबह तथा शाम के नजारों को भी निहार सकता है। पर्यटक पर्यटन के वेबसाइट में जाकर यहां उपलब्ध कक्ष की बुकिंग कर सकते हैं। सतरेंगा में पहुंचे पर्यटक रत्ना,वीणा देवी, प्रकाश का कहना है कि ऐसा सुंदर दृश्य छत्तीसगढ़ में दिखाई नहीं देता।

मॉडिफाई साइलेंसर बुलेट चालकों के खिलाफ अभियान

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन और सड़क सुरक्षा को खतरे में डालने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग करने वाले 06 बुलेट चालकों पर कार्रवाई की। ये वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए पटाखों जैसी आवाज निकाल रहे थे, जिससे सड़क सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो रहा था।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ सिंह और थाना कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संबंधित चालकों से जुर्माना वसूला गया और उनके मॉडिफाई साइलेंसर हटवाकर सामान्य साइलेंसर लगाए गए।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह दूसरों की सुरक्षा और शांति को भी भंग करता है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वे कंपनी द्वारा प्रदत्त वैध साइलेंसर का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। नवागांव कालियारी गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीनबंधु साहू 25 वर्ष ग्राम जौंदी का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल शाम वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी नवागांव कालियारी के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 9413 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दीनबंधु की मौत हो गई।

मां बम्लेश्वरी राइस मिल से 13176.00 क्विंटल धान एवं 1331.50 क्विंटल चावल जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु समिति/उपार्जन केन्द्र स्तर पर कृषकों से उपार्जित धान का डी.ओ. जारी कर कस्टम मिलिंग कार्य हेतु जिले के पंजीकृत राईस मिलर्स को परिदान की कार्यवाही वर्तमान में प्रचलित है। राज्य षासन से प्राप्त निर्देषानुसार, उपार्जित धान हेतु उपार्जन केन्द्र स्तर पर स्थान की पर्याप्त उपलब्धता, धान की अवैध आवक एवं रिसाईक्लिंग पर रोक को सुनिष्चित करने हेतु जिले के पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा किए जा रहे धान उठाव, कस्टम मिलिंग की कार्यवाही एवं धान खरीदी केन्द्रो में प्रचलित धान उपार्जन/परिदान की नियमित जांच हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत, द्वारा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरबा, खाद्य अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सीसीबी कोरबा को निर्देषित किया गया है। इसी कड़ी में जिले के धान खरीदी केन्द्र भैंसमा एवं राईस मिल फर्म माँ बम्लेष्वरी राईस मिल, पोंड़ी उपरोड़ा की जांच दिनांक 02.01.2025 को सबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा की गई।

प्रारभिंक जांच में धान खरीदी केन्द्र भैसमा में, मिलर्स को जारी धान के डी.ओ. मात्रा के विरूद्ध समिति/उपार्जन केन्द्र स्तर से अपेक्षाकृत कम धान प्रेषित किया जाना पाया गया। राईस मिलर्स द्वारा धान उठाव हेतु प्रयुक्त वाहनों की भार-वहन क्षमता पर्याप्त होने के बावजूद जारी डी.ओ. की पूरी मात्रा अनुसार धान का उठाव/प्रेषण नही किया जाना पाया गया। इस प्रकार धान खरीदी केन्द्र भैसमा से धान उठाव हेतु जारी डी.ओ. के रेण्डम प्रति-परीक्षण में धान उठाव कार्य में समिति/उपार्जन केन्द्र स्तर पर अनियमितता पायी गयी। विभागीय ऑनलाईन धान उठाव संबंधी प्रदर्षित जानकारी अनुसार, धान खरीदी केन्द्र भैसमा में संधारित रजिस्टर- स्टॉक पंजी/परिदान पंजी/डी.ओ परिदान पंजी में दर्ज प्रविष्टियॉं मिलान में सही नही पायी गयी।

मौसम अलर्ट... *5 डिग्री के साथ बलरामपुर सबसे ठंडा, मैनपाट में छाया कोहरा, रायपुर में मौसम साफ*

कड़ाके की ठंड, शीतलहर की चपेट में सरगुजा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले 3 दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कई जिलों में रात का तापमान सामान्य से कम है। सरगुजा संभाग शीतलहर की चपेट में है। बलरामपुर सबसे ठंडा रहा। मैनपाट में कोहरा छाया है। यहां रात का तापमान 5.2 डिग्री दर्ज किया गया। मैदानी इलाकों में दुर्ग में रात का तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री कम रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। उसके बाद सोमवार से रात के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी होने की संभावना है। पिछले दो-तीन दिन सर्दी पडऩे के बाद अब अगले एक-दो दिन ठंड से राहत रहेगी।

शुक्रवार को प्रदेश में अच्छी ठंड रही। प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से कम रहा। उत्तरी इलाके में शीतलहर जैसे हालात रहे। अंबिकापुर में रात का तापमान 5.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 3.3 डिग्री कम रहा। पेंड्रा रोड में भी काफी ठंड रही। यहां पारा 7.6 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 2.6 कम था।

रायपुर में ऐसा रहेगा मौसम : आसमान साफ रहेगा। तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। रायपुर समेत कुछ जिलों में दिन का पारा अभी भी 30 डिग्री के

आस-पास ही बना हुआ है। वहीं रात का पारा 12.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम था। रायपुर में शनिवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान 29एष्ट और 13एष्ट के आसपास रहने की संभावना है।

फिर बढ़ेगी ठंड : मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि शनिवार से इसमें थोड़ा बदलाव आने की संभावना है। यह स्थानीय प्रभाव के कारण हो रहा है। रविवार से सोमवार तक न्यूनतम तापमान में एक-दो डिग्री की वृद्धि होगी। वहीं मंगलवार से पश्चिमी विक्षोभ बनने लगेगा। इस सिस्टम के कारण हवा की दिशा उत्तरी होगी। तापमान में कमी आने के साथ ठंड बढऩे लगेगी।

बिलासपुर में पड़ रही कड़ाके की ठंड

बिलासपुर में मौसम के उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। जनवरी के पहले सप्ताह में ठंड बढ़ी है, लेकिन दिन और रात के तापमान में काफी अंतर है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जिससे दोपहर में ठंड गायब हो गई। वहीं, रात का पारा 10.8 डिग्री रहा। इसके चलते रात में कड़ाके की ठंड महसूस हुई। पढ़ें पूरी खबर

दुर्ग में पारा सामान्य से नीचे

छत्तीसगढ़ में मैदानी इलाकों दुर्ग संभाग सबसे ठंडा है। शुक्रवार को दुर्ग में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम रहा। तकनीकी रूप से दुर्ग जिले में शीत लहर जैसी स्थिति बनी हुई है। हालांकि दिन का तापमान 30 डिग्री से अधिक बना हुआ है।

घर से नकदी सहित हजारों के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। बृजनगर टिकरापारा स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी सहित हजारों रुपए के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुरलीलाल साहू 60 वर्ष बृजनगर टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी 5 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाईकोर्ट का अहम् फैसला : मानसिक क्रूरता के आधार पर विवाह विच्छेद उचित

बिलासपुर/नवप्रदेश। विवाह विच्छेद के लिए हाईकोर्ट ने पति के पक्ष में आदेश दिया है। फैमिली कोर्ट ने भी इसके पहले पति का आवेदन स्वीकार कर तलाक का आदेश पारित किया था। इसके खिलाफ दायर पत्नी की अपील हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने 5 लाख का स्थायी गुजारा भत्ता निर्धारित करते हुए कहा कि मानसिक क्रूरता के आधार पर विवाह विच्छेद उचित है। नवागांव जिला मुंगेली निवासी सोनिया जांगड़े पिता हरिप्रसाद पात्रे का विवाह बीरभान सिंह जांगड़े निवासी ग्राम दर्री जिला बेमेतरा से गत 2 मई 2017 को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। पति के अनुसार पत्नी ने 6 माह तक तक अपने ससुराल में ठीक से व्यवहार किया तथा उसके बाद वह अपने पिता के घर में रहने लगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 77524 68654